


- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बोले- बंगाल से सिंडिकेट और गुंडाराज का अंत करेगी भाजपा - 12



- पश्चिम एशिया के हालात और कच्चे तेल की चाल से तय होगी बाजार की दिशा - 12



- शीर्ष आठ शहरों में 23 प्रतिशत घटी सस्ते घरों की बिक्री - 13



- साई सुदर्शन की शानदार पारी से गुजरात ने चेन्नई को रौंद दिया - 14


आज का मौसम
$40.0^0$ अधिकतम तापमान
$32.0^0$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.34 सूर्यास्त 06.39

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

कानपुर

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी 06:16 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2083


सोमवार, 27 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 246, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


## नहीं रहे तस्वीरों के जादूगर रघु राय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विविध रूपों को अपने कैमरे में कैद करने वाले पद्मश्री अवार्डी एवं प्रख्यात छायाकार रघु राय का रविवार तड़के यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। रघु के बेटे एवं छायाकार नितिन राय ने कहा, पिताजी को दो साल पहले प्रोस्टेट कैंसर हुआ था, लेकिन बाद में उन्हें राहत मिलने लगी थी। फिर कैंसर पेट तक फैल गया, जो ठीक हो गया। हाल में यह मस्तिष्क तक पहुंच गया था और उन्हें उम्र संबंधी अन्य तकलीफें भी थीं।

पंजाब प्रांत के झांग शहर में (अब पाकिस्तान में) 18 दिसंबर 1942 को जन्मे राय ने सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी, लेकिन 23 साल की उम्र में उन्होंने कैमरा थाम लिया और 1966 में 'द स्टेट्समैन' अखबार के मुख्य छायाकार बन गए। उसके बाद के छह दशक तक हर पल कैमरे में दर्ज होते रहे। रघु का कैमरा सामाजिक और राजनीतिक उथल-पुथल का मूक गवाह बनता रहा। मशहूर फ्रांसीसी फोटोग्राफर हेनरी कार्टियर-ब्रेसन के शागिर्द रहे रघु ने भारतीय इतिहास के कुछ सबसे मर्मस्पर्शी पलों को अपने कैमरे में कैद किया, फिर चाहे वह 1972 का बांग्लादेश शरणार्थी संकट हो या 1984 की भोपाल गैस त्रासदी।



प्रख्यात छायाकार ने 83 की उम्र में ली अंतिम सांस
कैंसर से थे पीड़ित

1972 का बांग्लादेश संकट हो या 1984 की गैस त्रासदी हर मर्मस्पर्शी पल किए कैद

अलविदा : 1942-2026

(संबंधित समग्री पेज 13 पर)

### तस्वीरों से हस्तियों के अनछुए पहलु दर्शाए

राय ने इंदिरा गांधी, दलाई लामा, मदर टेरेसा, सत्यजीत रे, हरिप्रसाद चौरसिया और बिस्मिल्ला खां जैसी प्रमुख हस्तियों की तस्वीरों के माध्यम से भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आध्यात्मिक रंगों को इस तरह कैद किया जिसने उनके जीवन को एक बिल्कुल नए स्वरूप में पेश किया और उनके अनछुए पहलुओं को दर्शाया। रोजमर्रा की सुर्खियों से कहीं आगे, राय के कैमरे ने आम आदमी और साधारण जीवन को उतनी ही, बल्कि उससे अधिक संजीदगी के साथ दर्ज किया।

## प्रधानमंत्री मोदी 28-29 अप्रैल को यूपी दौरे पर आएंगे

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को उत्तर प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर आएंगे। प्रधानमंत्री पहले दिन 28 अप्रैल की शाम करीब पांच बजे वाराणसी में 'महिला सम्मेलन' में हिस्सा लेंगे, जहां वह लगभग 6350 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

साथ ही वह एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे। मोदी 29 अप्रैल को सुबह करीब साढ़े आठ बजे वाराणसी में श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री हरदोई जाएंगे जहां वह गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे और इस अवसर पर जनसभा को संबोधित भी करेंगे।



पुलिस लाइन लखनऊ में 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती वर्ष 2025-26 बैच के पुलिस आरक्षियों का दीक्षांत परेड समारोह एवं परेड का खुली जीप से सलामी लेते व निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी। ● अमृत विचार

## प्रदेश में खत्म हुआ माफियाराज अब यहां नहीं होते दंगे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दीक्षांत परेड में बोले सीएम-अपराधियों में भय, पुलिस का मनोबल ऊंचा
- 60,244 आरक्षियों के प्रशिक्षण का जिक्र बेटियों के प्रदर्शन की सराहना

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में अब माफियाराज खत्म हो चुका है और दंगों की घटनाएं अतीत की बात बन गई हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज है, अपराधियों के मन में भय है और पुलिस का मनोबल पहले से कहीं अधिक ऊंचा हुआ है।

मुख्यमंत्री रविवार को आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025 बैच के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक समय था जब प्रदेश दंगों और कर्फ्यू के लिए जाना जाता था, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। अब यूपी में सत्ता के समानांतर कोई तंत्र नहीं चलता, न ही गुंडा टैक्स या अवैध वसूली जैसी घटनाएं होती है।

योगी ने बताया कि 60,244 आरक्षियों के इस बड़े बैच का प्रशिक्षण प्रदेश के विभिन्न केंद्रों में एक साथ संपन्न कराना यूपी पुलिस की क्षमता और सुधारों का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल को आधुनिक, स्मार्ट और संवेदनशील बनाने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने महिला आरक्षियों के प्रदर्शन की विशेष सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान मजबूती, तत्परता, समर्पण और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जितना अधिक पसीना बहाया जाएगा, ड्यूटी के दौरान उतनी ही कम कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने नवप्रशिक्षित आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून अपराधियों के लिए कठोर और आम नागरिकों के लिए संवेदनशील होना चाहिए। यही संतुलन एक आदर्श पुलिस व्यवस्था की पहचान है। सीएम योगी ने बताया कि 2017 के बाद से पुलिस व्यवस्था में बड़े सुधार हुए हैं। अब पुलिस भर्ती, प्रशिक्षण, संसाधन और तकनीक के क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। यूपी-112 का रिस्पांस टाइम घटकर 6-7 मिनट तक आ गया है, साइबर अपराधों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है और हर जनपद में साइबर थाने स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के चलते प्रदेश की कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है, जिसका सीधा असर निवेश और विकास पर भी पड़ा है।



नवप्रशिक्षित महिला आरक्षी को सम्मानित करते सीएम योगी।

### महिला शक्ति बढ़ी, पुलिस में नई ऊर्जा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि 2017 से पहले यूपी पुलिस में महिलाओं की संख्या लगभग 10 हजार थी, जो अब बढ़कर 44-45 हजार तक पहुंच गई है। भर्ती प्रक्रिया में 20 प्रतिशत महिलाओं की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 'मिशन शक्ति' अभियान चलाया जा रहा है। लखनऊ, गोरखपुर और बदायूं में महिला पीएसी बटालियन का गठन किया गया है। यह बदलाव पुलिसिंग को अधिक संवेदनशील और प्रभावी बना रहा है।

### आधुनिक प्रशिक्षण व तकनीक से सशक्त पुलिस

योगी ने कहा कि यूपी पुलिस को आधुनिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रशिक्षण केंद्रों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है और स्मार्ट पीटी प्रोग्राम लागू किया गया है। पुराने हथियारों की जगह आधुनिक इंसास और एसएलआर रायफलों से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### ब्रीफ न्यूज

### जवान ने 50.58 घंटे में तय की श्रीनगर से दिल्ली तक साइकिल यात्रा

**जयपुर।** राजस्थान के बीकानेर के रहने वाले भारतीय सेना के एक जवान ने श्रीनगर से दिल्ली तक साइकिल यात्रा रिकार्ड समय में पूरी की है। बलवीर (26) ने 859 किलोमीटर की दूरी 50 घंटे, 58 मिनट और 27 सेकंड में तय की। यह यात्रा 24 अप्रैल की सुबह श्रीनगर के लाल चौक से शुरू हुई और 26 अप्रैल को दिल्ली के लाल किले पर समाप्त हुई। भारतीय सेना की 11 'मैकेनाइज्ड यूनिट' (कपूरथला) में तैनात बलवीर ने बताया कि उन्होंने यह उपलब्धि अपने दल के सदस्य सुख सागर, हिमांशु, राहुल और रमेश्वर के सहयोग से हासिल की। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज कराने की तैयारी चल रही है।

### ट्रंप ने ईरान का नया शांति प्रस्ताव किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि ईरान ने एक नया शांति प्रस्ताव भेजा, जिसे उन्होंने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिलचस्प बात यह है कि जब मैंने इसे खारिज कर दिया तो 10 मिनट के अंदर हमें दूसरा प्रस्ताव मिला, जो काफी बेहतर है। राष्ट्रपति ने यह नहीं बताया कि ताजा प्रस्ताव में क्या है। उन्होंने बस यही कहा कि ईरान ने काफी पेशकश की हैं। ट्रंप ने हालांकि कहा कि उनकी एक शर्त यह है कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका टेलीफोन के जरिये समझौता करेगा।

## व्हाइट हाउस में ट्रंप के रात्रिभोज में गोलीबारी, बाल-बाल बचे राष्ट्रपति

### हमलावर ने 7 राउंड फायर किए, सीक्रेट सर्विस ने ट्रंप को तुरंत बाहर निकाला

- जेडी वेंस, पीट हेगसेथ और मार्को रुबियो समेत कई नेता थे मंच पर
- हमलावर की पहचान 31 वर्षीय कोल टॉमस एलन के रूप में हुई

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में संवाददाताओं के लिए आयोजित एक हाई-प्रोफाइल रात्रिभोज के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बंदूक व चाकुओं से लैस हमलावर ने कई राउंड फायरिंग कर दी। हमले में राष्ट्रपति ट्रंप और कई वरिष्ठ अमेरिकी बाल-बाल बच गए। सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने तुरंत हमलावार को घेरकर हिरासत में ले लिया। गनीमत यह रही कि ट्रंप सुरक्षित रहे और उन्हें तुरंत वहां से बाहर ले जाया गया।

घटना के दौरान वहां मौजूद मेहमान अपनी जान बचाने के लिए मेजों के नीचे छिप गए। कई लोगों ने बताया कि भूमिगत विशाल बॉलरूम के बाहर गोली चलने जैसी आवाजें सुनाई दीं। फायरिंग के दौरान एक गोली एक अधिकारी को लगी लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने के कारण वह सुरक्षित रहा। दो कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने बताया कि हमलावर की पहचान 31 वर्षीय कोल टॉमस एलन के रूप में हुई है, जो कैलिफोर्निया के टॉरेंस का निवासी है। अंतरिम पुलिस प्रमुख कैरोल ने कहा कि वह इस समय यह नहीं कह सकते कि हमलावर का मकसद क्या था और यह कहना अभी बहुत जल्दबाजी होगी कि संदिग्ध का गोलीबारी में किसे निशाना बनाने का इरादा था। वाशिंगटन डीसी के अंतरिम पुलिस प्रमुख ने बताया कि संदिग्ध के पास एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू थे। कार्यक्रम में ट्रंप, उपराष्ट्रपति वेंस, रक्षामंत्री पीट हेगसेथ, विदेश मंत्री मार्को रुबियो समेत कई नेता मौजूद थे।



प्रेस कांफ्रेंस कर घटना की जानकारी देते ट्रंप व दबोचा गया हमलावर।

### ट्रंप बोले- पहले उन्हें लगा जैसे कोई 'ट्रे' गिर गई

**वाशिंगटन।** ट्रंप ने कहा कि पहले उन्हें लगा जैसे कोई 'ट्रे' गिर गई हो, लेकिन कई पत्रकारों ने पांच से आठ गोलियां चलने जैसी आवाजें सुनीं। राष्ट्रपति के निवास 'व्हाइट हाउस' में शनिवार रात को संवाददाताओं के रात्रिभोज के दौरान हुई गोलीबारी की घटना के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि संदिग्ध के पास कई घातक हथियार थे।

### होटल के बाहर कुछ प्रदर्शनकारी थे मौजूद

यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका ईरान के साथ युद्ध जैसी स्थिति में है। कार्यक्रम से पहले होटल के बाहर कुछ प्रदर्शनकारी भी मौजूद थे। एक व्यक्ति जेल की वर्दी पहनकर पीट हेगसेथ का मुखौटा लगाए खड़ा था, जबकि दूसरे के हाथ में तख्ती थी, जिस पर लिखा था पत्रकारिता मर चुकी है। यह 2024 के बाद से तीसरी बार है जब ट्रंप की मौजूदगी में हमला हुआ है। इससे पहले पेंसिल्वेनिया में जानलेवा हमला हुआ था, जिसमें घायल हुए थे।

### मोदी बोले- राहत मिली कि राष्ट्रपति ट्रंप ठीक हैं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें यह जानकर राहत मिली कि गोलीबारी की घटना के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप, उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सुरक्षित हैं और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और इसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए।

## दिल्ली में टेकऑफ के दौरान स्विस विमान का इंजन फेल, लगी आग

नई दिल्ली, एजेंसी

- छह घायल, चार नवजात समेत 232 लोग सवार थे विमान में
- ज्यूरिख के लिए उड़ान भरने के दौरान आई तकनीकी खराबी

दिल्ली हवाई अड्डे से ज्यूरिख जाने के लिए निर्धारित 'स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन' के एक विमान को उड़ान भरने के दौरान आई तकनीकी खराबी के कारण इंजन में आग लग गई। जिसके बाद पूर्ण आपात स्थिति घोषित कर रनवे पर ही यात्रियों को विमान से उतारना पड़ा। एक सूत्र ने बताया कि कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि विमानन कंपनी का कहना है कि छह यात्रियों को चिकित्सीय सहायता दी जा रही है। यात्रियों को चोट कैसे लगी, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है।

पंजीकरण संख्या एचबी-जेएचके वाले ए330-300 विमान में संचालित एलएक्स147 उड़ान को रात करीब एक बजे रवाना होना था, जिसमें चार शिशु समेत 232 यात्री और चालक दल के 13 सदस्य सवार थे। सूत्रों के अनुसार, विमान के मुख्य पहिये की बाईं ओर से धुआं उठता देखा गया। 'लैंडिंग गियर' से धुआं निकलने की जानकारी सामने आई थी। दिल्ली हवाई अड्डा का संचालन संभालने वाली कंपनी 'डीआईएएल' ने कहा कि इस घटना से हवाई अड्डे का संचालन प्रभावित नहीं हुआ। प्रवक्ता ने कहा, भारतीय समयानुसार शनिवार रात एक बजे के आसपास उड़ान भरने के दौरान इंजन में समस्या आई। सूत्रों ने बताया कि शुरुआत में हवाई यातायात नियंत्रक (एटीसी) से पूर्ण आपातकाल और टायर फटने की सूचना मिली थी। स्विट्जरलैंड के तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम विमान की जांच के लिए दिल्ली आएगी, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। ऐसी स्थिति सभी के लिए तनावपूर्ण होती है। हमारी स्थानीय टीम यात्रियों से सीधे संपर्क में हैं। हम स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।



## बुलंदशहर में विवाद के बाद तीन युवकों की गोली मारकर हत्या, दो लोग गिरफ्तार

- जिम में किसी बात को लेकर हुए झगड़े के बाद दिया वारदात को अंजाम

**बुलंदशहर।** जिले के खुर्जा नगर थाना क्षेत्र में वाद-विवाद के दौरान तीन युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को जानकारी देते हुए कहा कि मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी (ग्रामीण) अंतरिक्ष जैन ने बताया कि शनिवार देर रात खुर्जा नगर क्षेत्र के सुभाष रोड स्थित एक स्कूल के पास आपसी कहासुनी में तीन लोगों को गोली मार दी गई।

सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा घायलों को अस्पताल भिजवाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अमरदीप (30), मनीष (28) और आकाश (18) के रूप में हुई है। मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि लोगों की शिकायतों और बताए गए घटनाक्रम के अनुसार कुछ युवकों का जिम में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद यह घटना हुई। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि जन्मदिन पार्टी के दौरान आपसी कहासुनी होने पर दोस्तों के बीच विवाद हुआ था।

## होमगार्ड भर्ती: दूसरे दिन 1.94 लाख ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अब तक दो अभ्यर्थी व तीन शिक्षक भेजे जा चुके हैं जेल

यूपी होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा के दूसरे दिन कुल 1,94,631 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है। दूसरे दिन आयोजित परीक्षा में कुल 8,44,066 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था।

दो पालियों में कुल 6,49,435 (77 प्रतिशत) अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं, नाम बदलकर दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचे एक अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र से गिरफ्तार किया गया है। परीक्षा में सख्ती के कारण दो दिन के अंदर दो अभ्यर्थी और तीन शिक्षक जेल भेजे जा चुके हैं। आंकड़ों के मुताबिक दो दिन के अंदर सख्ती व अन्य कारणों से कुल 4,02,841 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।



मेरठ : परीक्षार्थियों की जांच करते निरीक्षक।

### बरेली में दूसरे की जगह देने पहुंचा परीक्षा, गिरफ्तार

भर्ती बोर्ड के अनुसार बरेली स्थित साहू गोपीनाथ कन्या इंटर कालेज में हरदोई निवासी अनुराग परीक्षा देने पहुंचा था। जांच में सामने आया कि अनुराग पहले दिन शनिवार को बरेली में पीलीभीत रोड स्थित दरबारी लाल शर्मा इंटर कालेज में होमगार्ड भर्ती परीक्षा दे चुका है। दो परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक, फोटो और अन्य रिकार्ड का मिलान किए जाने पर उसके नाम का अंतर पाया गया। आरोपी ने षड्यंत्र के तहत नाम बदलकर दो दिन परीक्षा देने का प्रयास किया। आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


मन की बात | प्रधानमंत्री ने कहा-जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई सभी जानकारी सुरक्षित और गोपनीय रहेगी, बोले- बीटिंग रिट्रीट का संगीत 'वेव्स ओटीटी' पर उपलब्ध

## जनगणना 2027 में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत अहम : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वर्तमान में जारी जनगणना केवल सरकार का काम नहीं है बल्कि यह सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है तथा इसमें सभी की भागीदारी अहम है। मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में अपने संबोधन में मोदी ने यह भी कहा कि जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई सभी जानकारी सुरक्षित और गोपनीय रहेगी।

उन्होंने सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में भाग लेने और जनगणना 2027 को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने कहा, साथियो, देश की जनगणना सिर्फ सरकारी काम नहीं है। यह हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। मोदी ने कहा कि घर-घर जाने वाले कर्मचारियों के पास मोबाइल एप है और वे हर किसी से बात करके वहीं पर उसी मोबाइल एप में जानकारी दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा, साथियो, इस बार जनगणना में आपकी भागीदारी भी आसान बनाई गई है, आप खुद भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले आपके लिए सुविधा शुरू होगी। आप अपने समय के अनुसार जानकारी भर सकते हैं। प्रक्रिया पूरी होने पर आपको एक विशेष आईडी मिलती है और ये आईडी आपके मोबाइल या ईमेल पर आती है। वहीं, कहा कि 'बीटिंग रिट्रीट' का संगीत 'वेव्स ओटीटी' पर उपलब्ध है। इस वर्ष का 'बीटिंग रिट्रीट' समारोह यादगार रहा क्योंकि वायुसेना, सेना, नौसेना और सीएपीएफ के बैंड ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुति दी



### भारतीय चीज की वैश्विक लोकप्रियता बढ़ी, डेरी क्षेत्र में हो रहा बड़ा बदलाव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने भारतीय चीज की वैश्विक स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए रविवार को कहा कि देश का डेरी क्षेत्र बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है। भारत का स्वाद अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोगों की थाली तक पहुंच रहा है और भारतीय पारंपरिक स्वादों को नयी पहचान देने में डेरी क्षेत्र की अहम भूमिका रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि ब्राजील में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय चीज प्रतियोगिता में भारत के दो चीज ब्रांड को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि की सोशल मीडिया पर व्यापक चर्चा हुई

### कल्पक्कम में 'फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' के 'क्रिटिकैलिटी' हासिल करना ऐतिहासिक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने रविवार को 'कल्पक्कम फास्ट ब्रीडर रिएक्टर' के क्रांतिकता (क्रिटिकैलिटी) हासिल करने को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और कहा कि भारतीय परमाणु वैज्ञानिकों ने देश को गौरवान्वित किया है। कहा कि भारतीय वैज्ञानिक असैन्य परमाणु कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहे हैं और उनके प्रयास राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि 'क्रिटिकैलिटी' वह चरण है, जिसमें रिएक्टर पहली बार स्वत: परमाणु श्रृंखला अभिक्रिया में सफलता हासिल करता है। इस चरण का मतलब है रिएक्टर का संचालन चरण में पहुंचना।

न्यूज ब्रीफ

### जिलों की 55 हजार महिलाएं डेयरी से बनीं सफल उद्यमी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में नारी सशक्तिकरण की नई तस्वीर उभर रही है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत तराई क्षेत्र के बरेली, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर और रामपुर जिलों की 55 हजार से अधिक महिलाएं डेयरी के जरिए सफल उद्यमी बन चुकी हैं। डेयरी गतिविधियों को संगठित रूप देने से महिलाओं की आय में बड़ा बदलाव आया है। जो महिलाएं पहले 2-3 हजार रुपये महीना कमाती थीं, वे अब 50 से 60 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। लखीमपुर खीरी की राम गुनी जैसी महिलाएं इस बदलाव की मिसाल हैं, जिन्होंने मिल्क प्रोड्यूसर संगठन से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की। 'सृजनी' जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, बाजार और प्रबंधन से जोड़ा गया है। वहीं, पशु चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार से दूध उत्पादन भी बढ़ा है। स्वयं सहायता समूहों के जरिए महिलाओं में नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित हुआ है। यह पहल न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती दे रही है। गांव-गांव में डेयरी अब आय का मजबूत स्रोत बनकर उभर रही है।

### आरटीई में सख्ती का असर, 4 दिन में 15,679 नए दाखिले

**अमृत विचार, लखनऊ :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत नामांकन को लेकर उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक सख्ती का असर अब साफ दिखने लगा है। योगी आदित्यनाथ सरकार के निर्देशों के बाद महज चार दिनों में 15,679 नए बच्चों का दाखिला हुआ है, जिससे कुल नामांकन 1,24,545 तक पहुंच गया है। अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा के कड़े निर्देशों के बाद नामांकन प्रक्रिया ने अचानक रफ्तार पकड़ ली। 22 अप्रैल तक जहां कुल नामांकन 1,08,866 था, वहीं अब यह बढ़कर 1.24 लाख से अधिक हो गया है। यह वृद्धि करीब 14.4 प्रतिशत की है, जो प्रशासनिक सक्रियता का स्पष्ट संकेत देती है। प्रदेश में आरटीई के तहत कुल 1,95,740 सीटों का आवंटन किया गया है, जिसमें अब तक 63.6 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। शासन ने साफ निर्देश दिए थे कि कोई भी पात्र बच्चा प्रवेश से वंचित नहीं रहना चाहिए और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मेरठ में सम्पन्न अधिवेशन में चुने गए 9 संयुक्त मंत्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ का 8वां प्रांतीय अधिवेशन मेरठ में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन से लौटे कर्मचारियों ने बताया कि इस मंच के माध्यम से राज्य सरकार के समक्ष अपनी विभिन्न मांगें रखी गईं। कार्यक्रम का आयोजन चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में किया गया, जिसमें राज्यसभा सदस्य डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी, सांसद एवं अभिनेता अरुण गोविल और महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ के पूर्व कुलपति प्रो. पीके शर्मा शामिल हुए। डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव उपलब्ध रहेंगे। वहीं अरुण गोविल ने कहा कि वह स्वयं को कर्मचारी के रूप में देखते हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहेंगे। प्रो. पीके शर्मा ने कर्मचारियों को विश्वविद्यालय की रीढ़ बताते हुए उनकी समस्याओं के समाधान को आवश्यक बताया। अधिवेशन में नौ विश्वविद्यालयों के कर्मचारियों ने भाग लिया।



लखनऊ रिजर्व पुलिस लाइन में 2025 बैच के आरक्षियों की दीक्षांत परेड में कदमताल करतीं महिला आरक्षी। अमृत विचार

# दीक्षांत परेड में दिखा नारी शक्ति का आत्मविश्वास

## रिजर्व पुलिस लाइन में 2025 बैच के 60,244 आरक्षियों ने दी मुख्यमंत्री को सलामी, महिला आरक्षियों ने जिम्मेदारी का संकल्प दोहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में आयोजित पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह में महिला आरक्षियों का उत्साह देखते ही बना। रिजर्व पुलिस लाइन में 2025 बैच के 60,244 आरक्षियों के इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली, वहीं महिला आरक्षियों ने शपथ लेकर नई जिम्मेदारी संभालने का संकल्प दोहराया।

समारोह के बाद महिला आरक्षियों ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। रायबरेली की दीप्ति पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री की मौजूदगी में शपथ लेना उनके लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं को न केवल सुरक्षा दी है, बल्कि जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी दिया है, जिसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगी।

चयनित आरक्षी सुमन यादव ने कहा कि सरकार की नीतियों ने महिलाओं के सम्मान को नई ऊंचाई दी है। जौनपुर की प्रीति पटेल ने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बताते हुए कहा कि अब महिलाओं को बराबरी का अवसर मिल रहा है। वहीं गाजीपुर की श्रुति यादव ने इसे अपने जीवन का गर्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि देश सेवा का मौका मिलना सौभाग्य की बात है। आरक्षी काजल सिंह ने कहा कि पुलिस सेवा में शामिल होकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। आरती यादव ने भी कहा कि उन्हें मिली जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगी। मिर्जापुर की अर्चना गिरी ने इसे अपने जीवन का यादगार पल बताते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया।

वहीं प्रियंका मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति ने सभी आरक्षियों में नई ऊर्जा भर दी है। अंजलि मौर्य ने भी कहा कि प्रदेश में महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभा रही हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने आरक्षियों को शपथ दिलाई और मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद डा. दिनेश शर्मा, महापौर सुषमा खर्कवाल, अपर मुख्य सचिव (गृह) संजय प्रसाद, डीजी भर्तीबोर्ड एसबी शिरडकर, पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होकर आरक्षियों का बढ़ा हौसला



नेहा यादव को बेस्ट कैडेट का सम्मान देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

दीक्षांत परेड समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों पुरस्कार पाकर नवप्रशिक्षित आरक्षियों का उत्साह चरम पर दिखा। महिला आरक्षी नेहा यादव को सर्वांग सर्वोत्तम पदक समेत तीन पुरस्कार, सोनम को दो और रिया सिंह कुशवाहा को एक पुरस्कार मिला। परेड कमांडर के रूप में भी महिला आरक्षियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रथम परेड कमांडर नेहा यादव रहीं, द्वितीय स्थान पर रिया सिंह कुशवाहा और तृतीय स्थान पर कुमारी सोनम रहीं। इसके अलावा समग्र कोर्स में अंतः विषय टॉपर का पुरस्कार भी नेहा यादव को मिला, जबकि वाह्य विषय में कुमारी सोनम टॉपर रहीं। सर्वांग सर्वोत्तम पुरस्कार भी नेहा यादव के नाम रहा। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न भेंट किया। साथ ही उन्होंने सभी आरक्षियों को कर्तव्य, अनुशासन और ईमानदारी के साथ सेवा करने की शपथ भी दिलाई।

### पुलिस का मनोबल बढ़ा, अपराधियों में भय

- मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जीरो टालरेंस नीति के तहत अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है, जिससे कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है। प्रदेश में अब पुलिस का मनोबल बढ़ा है, वहीं, अपराधियों में भय का माहौल है। सरकार ने पुलिस बजट को तीन गुना तक बढ़ाया और नई पीएसी बटालियनों का गठन किया गया है। जिनमें महिला बटालियन भी शामिल हैं। इसके अलावा स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स (एसएसएफ) का गठन, फारेंसिक लैब का विस्तार और आधुनिक तकनीक का उपयोग पुलिसिंग को तरफ प्रभावी बना रहा है। यूपी-112 सेवा के रिस्पांस टाइम को 65 मिनट से घटाकर 6-7 मिनट तक लाने को भी बड़ी उपलब्धि बताया गया।

### तीन बहनें बनी एक साथ आरक्षी

- मऊ की राज नंदिनी यादव, शिखा यादव और आयुषी यादव ने एक साथ परीक्षा पास कर वर्दी पहनी। इस काम में उनकी दो बड़ी बहने निवेदिता व रीता हर कदम में साथ खड़ी रहती थी। तीनों ने कहा कि सफलता में संघर्ष, अनुशासन और परिवार का सहयोग का महत्वपूर्ण योगदान है। रायबरेली के किसान नरेंद्र बहादुर सिंह की बेटी साक्षी सिंह आरक्षी बनीं।

### किसान की बेटी ने किया महिला टुकड़ी का नेतृत्व



परिवार के साथ जौनपुर निवासी आरक्षी वर्षा शुक्ला।

- **अमृत विचार, लखनऊ :** रिजर्व पुलिस लाइन्स में रविवार को महिला आरक्षियों का दीक्षांत परेड का आयोजन किया गया था। लखनऊ में प्रशिक्षित आरक्षी जौनपुर की वर्षा शुक्ला को 60 नवनियुक्त महिला आरक्षियों की टुकड़ी की कमांड संभालने का मौका मिला। परेड के दौरान वर्षा का जोश दोगुना था। कार्यक्रम में वर्षा को जब ट्राफी मिली तो पिता के प्रेम नारायण की आंख नम हो गई। वहीं, अन्य महिला आरक्षियों के परिजन पूरे कार्यक्रम के हर एक पल को अपने मोबाइल में कैद करने में जुटे थे। ताकि उसे देखकर गर्व का अहसास कर सकें। जौनपुर की 23 वर्षीय वर्षा शुक्ला के लिए रविवार की सुबह दो घंटे का समय उनके जीवन का सबसे अहम रहा। वर्षा ने 60 नव-नियुक्त महिला आरक्षियों की टुकड़ी का नेतृत्व किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों ट्राफी हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया। पिता प्रेम नारायण शुक्ला पेशे से किसान है। बेटी वर्षा ऐसे परिवार से आती हैं, जहां सेवा की परंपरा रही है। एक भाई लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में डाक्टर है, जबकि दूसरा मर्चेंट नेवी में सिंगापुर में तैनात है। मां रेखा शुक्ला गृहिणी हैं। पिता ने कहा कि उन्हें गर्व है कि उनके सभी बच्चे किसी न किसी रूप में देश की सेवा कर रहे हैं।

### पिता के बाद बेटी ने पहनी वर्दी

- रायबरेली की सुप्रिया यादव और उनके पिता के लिए यह दिन और भी खास रहा। तीन दशक पहले पिता ने वर्दी पहनी थी। अब बेटी सुप्रिया भी पिता की राह पर चल दी है। मां सुनीता यादव की खुशी देखते ही बन रही थी। उन्होंने कहा कि पति और बेटी दोनों को खाकी वर्दी में देखना उनके लिए सबसे बड़ा है। वहीं, गाजीपुर की नेहा की शादी के दस माह बाद प्रशिक्षण के कारण पति से दूर रहीं। पति मुंबई में शिपिंग सेक्टर में काम करते हैं। परेड में शामिल होने के लिए वह मुंबई से लखनऊ आये थे। नेहा के पिता दिल्ली में फैक्ट्री में काम करते हैं। नेहा ने कहा वह यूपीएससी की तैयारी करना चाहती हैं।

### छोटे मकान-दुकानों को बड़ी राहत, आधा देना होगा विकास शुल्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने छोटे मकान और दुकानों के निर्माण पर बड़ा राहत भरा फैसला लिया है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उदग्रहण एवं संग्रहण) तृतीय संशोधन नियमावली-2026 लागू कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत छोटे मकान और छोटी दुकानों का नक्शा पास कराते समय अब आधा विकास शुल्क ही देना होगा।

प्रमुख सचिव आवास पी. गुरुप्रसाद द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार, विकास प्राधिकरण और आवास विकास परिषद नई दरों के आधार पर शुल्क वसूलेंगे। साथ ही जहां सरकार ने पूर्ण या आंशिक छूट दी है, वहां शुल्क नहीं लिया जाएगा। नई नियमावली में विकास शुल्क को शहरों की श्रेणी के अनुसार निर्धारित किया गया है। बड़े शहरों में अधिक और छोटे शहरों में कम शुल्क देना होगा। उदाहरण के तौर पर गाजियाबाद में सबसे अधिक 4165 रुपये प्रति वर्ग मीटर, जबकि अयोध्या में सबसे कम 603 रुपये प्रति वर्ग मीटर दर तय की गई है। लखनऊ, कानपुर और आगरा जैसे शहरों में 2462 रुपये प्रति वर्ग मीटर, जबकि वाराणसी, प्रयागराज, मेरठ और बरेली जैसे शहरों में 1450 रुपये प्रति वर्ग मीटर शुल्क निर्धारित किया गया है। सरकार ने औद्योगिक और ग्रुप हाउसिंग परियोजनाओं को भी राहत दी है। औद्योगिक उपयोग पर शहरी क्षेत्र में 45% और बाहर 60% तक शुल्क में छूट मिलेगी। बड़े व्यावसायिक भूखंडों पर जहां 10% अधिक शुल्क लगेगा, वहीं निकाय सीमा के बाहर 20% तक कम शुल्क लिया जाएगा।

# गंगा एक्सप्रेस-वे के साथ उभरेगा 'इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग हब'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीएम मोदी 29 को गंगा एक्सप्रेसवे देश को करेंगे समर्पित
- 12 जिलों में 46,660 करोड़ रुपये के निवेश की तैयारी



**अमृत विचारः** पीएम नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे को देश को समर्पित करेंगे। इस मेगा परियोजना को योगी सरकार 'एक्सप्रेस-वे सह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर' मॉडल के तहत विकसित कर रही है। 594 किमी लंबे इस एक्सप्रेस-वे को इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिससे प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी।

सरकार की योजना के तहत पूरे एक्सप्रेस-वे के किनारे 12 जिलों में 12 औद्योगिक नोड्स विकसित किए जा रहे हैं। इसके लिए 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की जा चुकी है। इन नोड्स को मैन्युफैक्चरिंग, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स गतिविधियों के अनुरूप डिजाइन किया गया है, जिससे यह कॉरिडोर एक "इकोनॉमिक ग्रोथ बेल्ट" के रूप में उभरेगा।

अब तक इस परियोजना के लिए 987 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिनके जरिए लगभग 46,660 करोड़ के निवेश की संभावना जताई गई है। निवेश मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, लॉजिस्टिक्स पार्क, ई-कॉमर्स सप्लाई चेन और एग्री-प्रोसेसिंग सेक्टर में आएगा। एक्सप्रेसवे के साथ विकसित यह नेटवर्क माल परिवहन को तेज और किफायती बनाएगा, जिससे उद्योगों की लागत घटेगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। मेरठ से प्रयागराज तक फैले इस कॉरिडोर से 12 जिलों में संतुलित औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और प्रतापगढ़ जैसे जिलों में नई औद्योगिक गतिविधियों के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। सरकार का फोकस अब केवल सड़क निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि इंफ्रास्ट्रक्चर को उद्योग से जोड़कर अर्थव्यवस्था को गति देना है।

### क्या होगा फायदा

- तेज और सस्ता माल परिवहन
- उद्योगों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी
- स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन
- लॉजिस्टिक्स लागत में कमी
- यूपी को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने में मदद

### नोड्स का नेटवर्क

| | |
|---|---|
| मेरठ | 529 एकड़ |
| हापुड़ | 304 एकड़ |
| बुलंदशहर | 2,798 एकड़ (सबसे बड़ा क्लस्टर) |
| अमरोहा | 348 एकड़ |
| संभल | 591 एकड़ |
| बदायूं | 269 एकड़ |
| शाहजहांपुर | 252 एकड़ |
| हरदोई | 335 एकड़ |
| उन्नाव | 333 एकड़ |
| रायबरेली | 232 एकड़ |
| प्रतापगढ़ | 263 एकड़ |
| प्रयागराज | 251 एकड़ |

# प्रदेश में कल से तीन दिन बिगड़ सकता मौसम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिहार, झारखंड समेत 9 राज्यों में आंधी-पानी की चेतावनी

**अमृत विचारः** देश के उत्तर से लेकर पूर्वी भाग में एक बार फिर से बारिश-तूफान मुश्किलें बढ़ाने वाली हैं। मौसम विभाग के मुताबिक यूपी और उत्तराखंड 28 अप्रैल से 1 मई तक मौसम खराब होने की चेतावनी दी गई है, जबकि बिहार, झारखंड समेत 9 राज्यों में भारी बारिश-आंधी की चेतावनी जारी की गई है। पहाड़ी राज्यों में भी आफत की बारिश लोगों की परेशानी बढ़ाएगी। इस दौरान 60 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवा चलेगी।

देश में खतरनाक जानलेवा गर्मी के बीच अब आंधी-बारिश एक बार फिर से प्रहार करने वाली है। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश और आसपास के इलाकों में निचले क्षोभमंडल में एक चक्रवाती परिसंचरण का भी निर्माण हो रहा है। इसके अलावा पूर्वोत्तर झारखंड और आसपास के इलाकों में निचले क्षोभमंडल में एक चक्रवाती परिसंचरण मौजूद है। सोमवार को 9 राज्यों में भारी बारिश और तूफान का अलर्ट है। इस दौरान आकाशीय बिजली और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गई है। पूर्वी राज्यों और पहाड़ी राज्यों के कई जिलों में लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती है।

बारिश के साथ-साथ 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। किसानों को बेहद सतर्क रहने की जरूरत है। हालांकि दिल्ली में सोमवार को दिन में जानलेवा लू वाली हवा चलेगी। इस हवा की रफ्तार 20 से 25 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। दिल्ली में 27 अप्रैल को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में 28 अप्रैल से 1 मई तक बारिश-आंधी की चेतावनी दी गई है। लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, ललितपुर, सीतापुर, हरदोई, बहराइच, वाराणसी, आजमगढ़, देवरिया, कुशीनगर, जौनपुर, मऊ, मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़, पीलीभीत, मुजफ्फरनगर, आगरा, अलीगढ़ और मथुरा में बारिश की चेतावनी है।

### बांदा 47.4 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म जिला

- प्रदेश में गर्मी ने अप्रैल माह में ही अधिकतम तापमान का नया रिकार्ड बना दिया है। रविवार को प्रदेश का बांदा 47.4 डिग्री सेल्सियस के साथ देश में सबसे गर्म जिला रहा। राजधानी लखनऊ का दिन का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस था। भारत मौसम विज्ञान विभाग के 27 अप्रैल तक लू से राहत के आसार नहीं हैं। रविवार को प्रदेश का औसत तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लगातार दूसरे दिन भीषण गर्मी से हालात गंभीर हैं। लेकिन 27 अप्रैल से पश्चिमी यूपी में बारिश के संकेत हैं और मई की शुरुआत तक बारिश का असर जारी रह सकता है। 28 अप्रैल से तापमान में गिरावट के आसार हैं। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में इस दौरान कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश या बौछारें पड़ सकती हैं। 29 और 30 अप्रैल को कुछ स्थानों पर 40-50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलेगी। इस दौरान बारिश और बिजली गिरने की संभावना है।

बढ़ते कदम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 फॉर्मा कंपनियों को दिए लेटर ऑफ कम्फर्ट

# फार्मा में 2000 करोड़ निवेश से 10 हजार युवाओं को मिलेगा रोजगार : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निवेशको से बोले सीएम- सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड की गारंटी वाला राज्य यूपी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में निवेश को नई गति देते हुए 17 फॉर्मा कंपनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) प्रदान करते हुए कहा कि लगभग 2000 करोड़ रुपये का यह निवेश रिसर्च एवं डेवलपमेंट के क्षेत्र को नई दिशा देगा। इससे 10 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश अब सेफ्टी, स्टेबिलिटी और स्पीड की गारंटी वाला राज्य बन चुका है और यहां निवेश पूरी तरह सुरक्षित व लाभकारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है। देश की अर्थव्यवस्था ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। हम 200 देशों को सस्ती व गुणवत्तापरक दवाइयां उपलब्ध करा रहे हैं। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज "ट्रस्ट और टाइमली डिलीवरी" के लिए पहचाना जा रहा है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि उनका निवेश केवल उद्योग तक सीमित नहीं, बल्कि प्रदेश की 25 करोड़ जनता के विश्वास से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में स्पष्ट नीति और सुशासन के चलते यूपी 'बीमारू राज्य' की छवि से निकलकर देश का ग्रोथ इंजन बना है।

मुख्यमंत्री ने निवेशकों को प्रदेश की औद्योगिक क्षमता से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यूपी का जीएसडीपी बढ़कर 36 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वर्ष 2017 में जहां 14 हजार कारखाने थे, वहीं अब उनकी संख्या बढ़कर 32 हजार हो गई है। अब तक 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 15 लाख करोड़ जमीन पर उतर चुके हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर कानून-व्यवस्था किसी भी विकास की पहली शर्त होती है और 2017 के बाद प्रदेश में इस क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है। यूपी अब पॉलिसी पैरालिसिस से निकलकर पॉलिसी स्टेबिलिटी की ओर बढ़ चुका है। 34 से अधिक सेक्टोरल नीतियां, निवेश मित्र, निवेश सारथी और उद्यमी मित्र जैसी पहलें निवेशकों के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर रही हैं।

योगी ने स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि 2017 तक प्रदेश में 40 मेडिकल कॉलेज थे, जो अब बढ़कर 83 हो गए हैं। गोरखपुर और रायबरेली में एम्स संचालित हैं। साथ ही ललितपुर में 1500 एकड़ में फार्मा पार्क और नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा है, जहां 100 से अधिक कंपनियां जुड़ चुकी हैं। कार्यक्रम में निवेशकों ने भी प्रदेश में निवेश को लेकर उत्साह जताया और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बेहतर औद्योगिक माहौल की सराहना की।



फार्मा कंपनी के प्रतिनिधि को लेटर ऑफ कम्फर्ट देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### इन कंपनियों को मिला एलओसी

- प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के तहत जिन कंपनियों को लेटर ऑफ कम्फर्ट दिया गया, उनमें प्रमुख रूप से बायोजेंटा लाइफसाइंस (बाराबंकी), रोमन्स मेडवर्ल्ड (नोएडा), हाईग्लांस लैबोरेट्रीज (नोएडा), कोटेक हेल्थकेयर (गाजियाबाद), जेबी रेमेडीज (हाथरस/नोएडा), पॉजिट्रॉन बायोजेनिक्स (कानपुर), आईवी टेक हेल्थकेयर (अलीगढ़), जेबीजेएम पैरेंट्रल्स (ललितपुर), रास्पा फार्मा (रायबरेली), एनबीएस ग्रुप (सीतापुर), वेलनेस जेडक्योर (जालौन), कैमले इंडस्ट्रीज (सहारनपुर), रेडिकॉन लैबोरेट्रीज (नोएडा), संजीवनी मेडिटेक (बरेली), सेफकॉन लाइफसाइंसेज (बरेली), आरएपी मेड सर्जिकल (हाथरस) और वोडा केमिकल (हापुड़) शामिल हैं।

अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# बदन झुलसाती गर्मी ने किया बेहाल, पारा 42 डिग्री

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस बढ़कर 29 डिग्री सेल्सियस पहुंचा
- रातें गर्म होने की संभावना, लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई

**अमृत विचार।** वैशाख का महीना उतार पर है और इसके साथ ही गर्मी का सितम बढ़ गया है। बदन झुलसाती गर्मी लोगों को बेहाल कर रही है। अधिकतम तापमान के साथ ही न्यूनतम में बी बढ़ोतरी शुरू हो गई है। लगातार लू चलने से भी लोगों का घर से निकलना दुश्वार हो रहा है। दो दिन बाद मौसम में बदलाव की संभावना विभाग की ओर से जताई गई है जिससे तापमान में मामूली गिरावट आ सकती है।


सौरिख में गन्ने के जूस की दुकान पर गला तर करते लोग। अमृत विचार

रविवार को भी हर दिन की तरह से तेज तपिश लोगों को शरीर को झुलसाने वाली गर्मी का अहसास कराती रही। छुट्टी का दिन होने से अधिकांश लोगों ने धूप से बचने के लिए घरों में ही दुबके रहने में भलाई समझी। भले ही बाजार पूरी तरह से खुले रहे लेकिन गर्मी और तेज धूप के कारण दोपहर से लेकर शाम तक सन्नाटे की स्थिति बनी रही।उधर, बढ़ती गर्मी के कारण स्थान स्थान पर गन्ने के जूस, शीतल पेय के अलावा खीरा-ककड़ी की अस्थायी दुकानें सज गईं हैं। दोपहर के समय जो लोग निकले वे भीषण तपिश से गला सूखने पर शीतल पेय की दुकानों पर राहत लेने का प्रयास करते दिखाई दिए जबकि बड़े पेड़ों की छांव में भी सुस्ताते नजर आए। इसके साथ ही धूप तेज होने पर दोपहर के समय फल, सब्जी के रेहड़ी वाले भी इस छांव में ही अपनी दुकान ले गए। उधर, गर्मी के मौसम में की जाने वाली मक्का की फसल की सिंचाई शाम के समय करने की सलाह दी गई है। फल जैसे आम आदि के पेड़ों की निगरानी भी करने की सलाह है क्योंकि इस समय मेली बग आदि कीट फलों पर हमला बोल सकते हैं।

कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान 42 जबकि न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।

न्यूनतम तापमान भी सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस अधिक है तो ऐसे में रातें गर्म होने की संभावना बन रही है। जानकारी दी कि 16-18 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लू यानी पछुआ हवा चली है। अगले दो दिन तक इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है। हालांकि वातावरण में एक विशेष दबाव के क्षेत्र बन रहा है जिसके कारण 29-30 अप्रैल को जिले के कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी, बारिश या आंधी आने की संभावना है। उधर, बढ़ती गर्मी तथा लू चलने से स्वास्थ्य विभाग तथा जिला प्रशासन की तरफ से लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। कहा गया है कि जरूरत न हो तो दिन के समय घर में ही रहें।

## लू के थपेड़े कर रहे बाइकसवारों को बेहाल

**सौरिख।** तेज गर्मी तथा लू चलने से आवश्यक कार्य से निकलने वाले दोपहिया वाहन सवारों का हाल खराब है। निकलते हैं तो पूरी तरह से कपड़ों से शरीर ढंककर। फिर भी हलक सूखने पर इधर उधर राहत की आस में देखते और फिर जूस की दुकान पर पहुंचकर गला तर करते हैं। रविवार को भी दिन के समय कस्बे में सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा जबकि जूस की दुकानें ग्राहकों से भरी पूरी दिखाई दीं। अधिकांश लोग गमछा से सिर व चेहरे को पूरी तरह ढंक कर आवागमन करते रहे। मौसम कीमार से अस्पतालों में डायरिया के मरीज बढ़ने लगे हैं ज्यादातर मरीज उल्टी दस्त के आ रहे हैं। डॉक्टरों ने बाहर का न खाने के साथ ही खूब पानी पीने की सलाह दी है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## जाम में फंसीं एंबुलेंस, नदारद रहे पुलिसकर्मी

**गुरसहायगंज।** कस्बा में अब जाम लगना आम बात है। यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की लापरवाही से लोग परेशान हैं। अब मरीज लेने जा रही है एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही जो बहुत देर बाद निकल सकी।डग्गामार वाहन और सैकड़ों की संख्या में चल रहे ई रिक्शा की वजह से कस्बा में पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। मुख्य चौराहे के आसपास ऑटो और ई रिक्शा वालों का जमावड़ा लगा रहता है। रविवार को पूरे दिन जाम लगता रहा। शाम होते ही मुख्य चौराहे से लेकर तिराहे के बीच भीषण जाम लग गया जिसमें मरीज को लेने जा रही एंबुलेंस भी फंस गई। चालक हूटर बजाता रहा लेकिन नहीं निकल सका। चौराहे से यातायात पुलिसऔर होमगार्ड नदारद थे। जाम को लेकर व्यापारियों ने रोष व्यक्त किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### गेहूं की फसल में आग लगाने पर दबंग पर रिपोर्ट दर्ज कराई

**सौरिख।** दबंग ने गेहूं की खड़ी फसल में आग लगा दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आगजनी का मामला पंजीकृत करते हुए जांच प्रारंभ कर दी। सकरावा थाना क्षेत्र के गांव बधा नगरिया निवासी उदय भान सिंह पुत्र जगदीश सिंह ने बताया 20 अप्रैल को अपने खेत की दो बीघा गेहूं की फसल का ऊपरी भाग कंबाइन मशीन से काट लिया था 21 अप्रैल को सुबह करीब 10 बजे गांव के सुरवेंद्र कुमार पुत्र लालता प्रसाद ने उसे नुकसान पहुचाने के उद्देश्य से शेष खड़ी फसल में आग लगा दी। भूसे के लिए खड़ी फसल नष्ट कर दिया। जब तक वे लोग आग बुझाने का प्रयास करते तब तक पड़ोसी का ढाई बीघा का खेत भी जलकर राख हो गया। उसके बगल में चचेरे भाई सुरजीत कुमार का दो बीघा का खेत वह भी जल गया। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए जांच प्रारंभ कर दी।

### वापस हुईं फाइलें कर्मियों का फेरबदल भी लटका

**कन्नौज।** एक अधिकारी की ओर से अनुमोदन के लिए भेजी गईं कुछ फाइलें एक अफसर ने वापस कर दी हैं। चर्चा है कि इसमें कर्मियों के फेरबदल की भी फाइल थी। इसके पीछे के कारण तो नहीं खुले हैं लेकिन बताया जा रहा है कि उन अधिकारी की शिकायतें बहुत हो रहीं हैं। विकास भवन स्थित एक कार्यालय के कर्मियों के स्थानांतरण को लेकर कार्यालयाध्यक्ष से प्रस्ताव बनवाकर एक अन्य अधिकारी ने कुछ फाइलें अपने से बड़े अफसर को भेजी थीं। बाद में वह अधिकारी जनपद से रुख्सत हो गए। इसके बाद एक अफसर ने कर्मियों के तबादले से लेकर अन्य फाइलों को वापस कर दिया, ऐसा बताया जा रहा है। कहा गया है कि फिलहाल इस पर काम नहीं होगा। इसकी चर्चा अब खूब हो रही है। दूसरी ओर उन अफसर ने एक विभाग से जुड़े अधिकारियों की गोपनीय बैठक भी की और कड़े निर्देश दिए हैं।

### मारपीट में युवक हुआ घायल, बाद में समझौता

**छिबरामऊ।** क्षेत्र के सिकंदरपुर में क्रिकेट खेल के दौरान बच्चों के बीच हुआ मामूली विवाद हिंसक हो गया। कुछ युवकों ने एक युवक को क्रिकेट बैट से पीट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दो पक्षों में हुए विवाद में कैश खान के सिर व आंख में चोटें आईं। उसे पहले सौ शैया अस्पताल ले जाया गया, जहां से तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और विपक्षी बासु गुप्ता व सक्षम पांडेय को हिरासत में लेकर जांच शुरू की। बाद में दोनों पक्षों के परिजनों ने समझदारी दिखाते हुए आपसी सहमति से विवाद सुलझा लिया। दूसरे पक्ष ने माफी मांगकर इलाज का खर्च उठाने की बात कही।

# डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

## देर रात हुआ हादसा, होमगार्ड भर्ती परीक्षा देकर जा रहा था घर

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** होमगार्ड की परीक्षा देकर घर लौट रहे बाइक सवार युवक की डंपर की टक्कर से मौत हो गई।

शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे कस्बा स्थित स्टेट बैंक के सामने हादसा हुआ, जहां टक्कर मारने के बाद चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के लाडपुर गांव निवासी शिवकुमार (30)पुत्र मोतीलाल शनिवार को कस्बा स्थित डीएन इंटर कॉलेज में होमगार्ड की परीक्षा देने आया था। परीक्षा समाप्त होने के बाद वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान कस्बा स्थित स्टेट बैंक के सामने पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में गंभीर रूप से घायल शिवकुमार को राहगीरों की ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन शव लेकर वापस मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां पुलिस ने शव को मर्च्युरी में रखवा दिया। रविवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

प्रभारी निरीक्षक संजय शुक्ल ने बताया कि डंपर चालक मौके से फरार हो गया है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुत्र की शादी के कार्ड बांटने जा रहे पिता की हादसे में मौत

**तिर्वा, कन्नौज।** पुत्र की शादी के कार्ड बांटने निकले अधेड़ की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह पांच दिन पहले साइकिल से निकला था और तभी एक डंपर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान उसकी सांसें थम गईं जिससे शादी वाले घर में चीखपुकार मच गई। कोतवाली क्षेत्र के पट्टी पवोरा गांव निवासी दिवारीलाल (50) के पुत्र की शादी 30 अप्रैल को होनी है। इसको लेकर वह बुधवार को साइकिल से निमंत्रण कार्ड बांटने जा रहा था। वह कन्नौज तिर्वा मार्ग से तहसील गेट के सामने पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी और मौके पर डंपर छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया था। उसका कानपुर में एक निजी अस्पताल में इलाज किया जा रहा था। पांचवें दिन उमाशंकर की मृत्यु हो गई है। मृत्यु की सूचना पर परिजनों सहित इष्ट मित्रों में शोक व्याप्त हो गया है कोतवाल संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नहीं आए कन्या पक्ष के लोग, दूसरी कन्या से विवाह

**गुरसहायगंज।** वर पक्ष के लोग कन्या और उसके परिवार का इंतजार करते रहे लेकिन देर रात तक उनके न पहुंचने पर दूसरी कन्या से विवाह संपन्न हुआ।

एक व्यक्ति के पुत्र का विवाह कानपुर निवासी एक व्यक्ति की पुत्री के साथ तय हुआ था। शनिवार को शादी कार्यक्रम होना था इसके लिए एक गेस्ट हाउस में व्यवस्था की गई थी। शाम होते ही वर पक्ष के लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंच गए और दावत शुरू हो गई। देर शाम तक जब कन्या पक्ष के लोग पहुंचे तो दूल्हा के पिता ने उनसे संपर्क किया, तो बताया गया कि वाहन नहीं मिला हैं। कई बार फोन करने के बाद कन्या पक्ष के लोग शादी के लिए आने से टाल मटोल करते रहे। वर पक्ष के लोगों ने कन्या पक्ष से संपर्क रखने वालों से जब जानकारी की तो उन्हें पता चला कि कन्या ने शादी से इनकार कर दिया है। इसकी जानकारी से वर पक्ष के लोगों में हड़कंप मच गया।आनन फानन लोगों से सलाह की गई और कस्बा की ही एक अन्य कन्या से युवक का विवाह संपन्न कराया गया।

# खराब ट्रांसफार्मरों की शिकायत में मिली यूपीपीसीएल को 70वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कन्नौज जनपद के बिजली विभाग का प्रदेश के फिसड्डी पांच जिलों में नाम शामिल
- मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रिपोर्ट में 03 आवेदन समय सीमा के बाद भी लंबित मिले

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से सरकारी विभागों की योजनाओं व कार्यशैली सामने आ रही है। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड यानि यूपीपीसीएस (बिजली विभाग) की खराब ट्रांसफार्मरों की शिकायतों में प्रदेश में रैंक 70वीं आई है। निचले पांच जिलों में सबसे नीचे कन्नौज है। हालांकि उपलब्धि का प्रतिशत 99.95 फीसदी है।

मार्च की जारी हुई रिपोर्ट के मुताबिक बताया गया है कि खराब ट्रांसफार्मरों की शिकायतों में अब तक कुल आवेदन 6196 आए जिसमें 6103 को अनुमोदन मिला और 74 अस्वीकृत कर दिए गए। समय सीमा में लंबित 16 और समय सीमा के बाद 03 आवेदन लंबित हैं। हालांकि रैंक के 10 और ए ग्रेड मिला है।

इसी तरह ग्रामीण नया क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की रैंक 51वीं आई है। बिजली आपूर्ति प्रतिशत 101.74 दिखाया गया है। शहरी नया में रैंक 59 है और आपूर्ति प्रतिशत 99.62 आया है। रिपोर्ट के अनुसार बिजली बिल सुधार के आवेदन 5993 आए जिसमें समय सीमा के अंदर 5848 निस्तारित हुए हैं। समय सीमा के बाद 48 निस्तारित हुए और 18 समय सीमा के बाद लंबित हैं। 99.70 प्रतिशत निस्तारण का है प्रोजेक्ट में रैंक 65 आई है।

### एसबीएम फेज-2 में रैंक मिली 75, पर्यटन व डीएफओ भी पीछे

**कन्नौज।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज- 2 में अपने जनपद कों रैंक 75वीं मिली है। मार्च में कन्नौज का नाम प्रदेश के निचले पांच जिलों में शामिल है। सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार उपलब्धि 98.11 फीसदी है। कुल राजस्व गांव 688 हैं इसमें उत्कष्ट श्रेणी के 675 हैं। दूसरी ओर व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में रैंक 32वीं आई है जबकि फरवरी में रैंक 02 थी। पर्यटन विभाग की राज्य योजना में रैंक 71वीं आई है, जबकि फरवरी में 14वीं रैंक थी। इस बार फिसड्डी पांच जिलों में कन्नौज का चौथा नंबर है। उपलब्धि 75 फीसदी है। आठ योजनाओं में प्रगतिशील चार ही हैं। तीन पूर्ण हो गईं हैं और एक निरस्त है। अवमुक्त 03 करोड़ 71 लाख 89 हजार रुपये में से 01 करोड़ 43 लाख 89 हजार रुपये खर्च हुए हैं। वन एवं जलवायु परिवर्तन में सामाजिक वनीकरण की रैंक 72वीं आई है। जीवित पौधों का प्रतिशत 98.35 है उसके बाद भी कन्नौज का यूपी के बॉटम के पांच जिलों में है।

## उफ ये चटक धूप


**कन्नौज।** इन दिनों गर्मी चरम पर है। चटक धूप में लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। दोपहर में विद्यालयों की छुट्टी होने पर ज्यादातर छात्र-छात्राएं ही धूप में निकलते हैं। कलेक्ट्रेट मार्ग से दो छात्र धूप से बचने के लिए एक अंगौछा सिर के ऊपर पकड़कर निकल रहे हैं जिससे वह बीमार न पड़ें। अंगौछा का क्रेज गर्मियों में बढ़ जाता है।

# केबल बॉक्स फटा, घंटों गुल रही बिजली

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** छिबरामऊ में स्थित 33 केवी हाईटेंशन लाइन का केबल बॉक्स फटने से कस्बा सौरिख और आसपास के इलाकों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। दोपहर करीब 2 बजे आई इस खराबी के बाद साढ़े पांच घंटे बिजली गुल रहने के बाद लाइट आ सकी।लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

रविवार को केबल बक्सा फटने से बिजली गुल हुई तो कस्बे में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। घरों में पंखे और कूलर बंद हो गए, वहीं पानी की सप्लाई भी प्रभावित रही। गर्मी के चलते छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ी। इस संबंध में एसडीओ अनिल राम ने बताया कि छिबरामऊ के पास केबल बॉक्स फट गया था। सूचना मिलते ही विभागीय कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और मरम्मत कार्य में जुट गए। जेई दिलीप कुमार शर्मा ने बताया कि खराबी को ठीक करने का काम तेजी से किया जा रहा है और जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। विभागीय कर्मचारी लगातार मेहनत कर लाइन को दुरुस्त करने में लगे रहे, ताकि उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द राहत मिल सके। समाचार लिखे जाने तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। काफी देर की मशक्कत के बाद बिजली आपूर्ति शाम छह बजे के बाद सुचारु की जा सकी। उधर, बिजली कटौती के चलते कस्बे के लोगों ने विभाग से मांग की है कि भविष्य में व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जाए।


हाइटेंशन लाइन के केबल बक्सा की मरम्मत करते कर्मचारी। अमृत विचार

# बीच गली में शुरू हो गई निजी सबमर्सिबल की बोरिंग

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर में एक व्यक्ति ने बीच गली में निजी सबमर्सिबल की बोरिंग शुरू हो गई।

सरायमीरा स्थित केकेसीएन इंटर कॉलेज के निकट स्थित मोहल्ला रामनगर में रविवार की सुबह गली के बीचोबीच निजी सबमर्सिबल की बोरिंग का काम शुरू हो गया। लोगों को कहना है कि इससे आने-जाने व वाहन निकलने में दिक्कत होगी। निजी बोरिंग घर के अंदर ही होनी चाहिए। कुछ लोगों ने मामले की शिकायत नगर पालिका परिषद कन्नौज के अधिशाषी अधिकारी श्यामेंद्र मोहन चौधरी से की। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह टीम भेजकर बोरिंग का काम बंद कराएंगे।

हालांकि मोहल्ले के लोगों का कहना है कि मशीन अब भी लगी है। इंजन, पाइप आदि सभी सामान रखा है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में जेई शुभम जायसवाल को निर्देशित किया गया है। वे मशीन को हटवा देंगे।


मोहल्ला रामनगर में बीच गली में सबमर्सिबल बोरिंग के लिए लगी मशीन।

# वजीफा के 500 आवेदन कर दिए गए निरस्त

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अल्पसंख्यक वर्ग की दशमोत्तर, पूर्व दशम छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना

**अमृत विचार।** अल्पसंख्यक वर्ग की दशमोत्तर व पूर्व दशम छात्रवृत्ति योजना के 500 से अधिक आवेदन निरस्त हो गए हैं। बजट की कमी के चलते 294 आवेदकों को लाभ नहीं मिला है। यह मामला मार्च की जारी हुई सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट से सामने आया है।

मार्च 2026 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में बजट के अभाव में 146 विद्यार्थियों को लाभ नहीं मिल सका है। जिला समिति से अग्रसारित होने के बाद भी निदेशालय ने 44 आवेदन निरस्त कर दिए। जिला छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति ने भी 158 आवेदन निरस्त किए। 2496 को लाभान्वित होना है। प्रोजेक्ट में जनपद की रैंक 72वीं आई है। फिसड्डी जनपदों में कन्नौज का दूसरा नाम है। हालांकि उपलब्धि 99.45, रैंक ए व 10 अंक पूरे मिले हैं। बताया गया है कि विद्यार्थियों की ओर से 3476 आवेदन फाइनल सब्मिट किए गए जिसमें शिक्षण संस्थानों ने 428 निरस्त कर दिए। 172 आवेदनों को पीएफएमएस की ओर से लंबित या निरस्त किया गया है। विश्वविद्यालय या एजेंसी स्तर से 32 आवेदन भी लंबित हैं। इसी तरह पूर्व दशम वजीफा व शुल्क प्रतिपूर्ति में 1263 आवेदनों को जिला छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति ने सत्यापित किया और 21 को निरस्त किया। निदेशालय ने एक आवेदन निरस्त किया। 1114 आवेदकों को लाभान्वित होना है।

आयोजन

पुलिस महानिरीक्षक ने किया निरीक्षण, सलामी के बाद बांटे पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र

# दीक्षांत परेड में रिक्रूटों को पढ़ाया कर्तव्य परायणता का पाठ

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** रिजर्व पुलिस लाइन कन्नौज में 'दीक्षांत परेड समारोह 2025-26 का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि राजीव मल्होत्रा, पुलिस महानिरीक्षक उ. प्र. स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेन्सिक साइन्स, लखनऊ ने परेड की सलामी ली। साथ ही रिक्रूटों को कर्तव्यपरायणता तथा अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। इसके उपरांत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूटों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार से सम्मानित किया।

रविवार को आरटीसी रिजर्व पुलिस लाइन के प्रांगण में 'रिक्रूट आरक्षी दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन हुआ। इसमें रिक्रूट आरक्षियों ने शानदार परेड का प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सुबह साढ़े आठ बजे परेड कमांडर तृतीय परेड को परेड स्थल पर लाए। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने उनका विधिवत अभिवादन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि के साथ परेड की सुसज्जित टोलियों का निरीक्षण कर सलामी स्वीकार की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। मुख्यमंत्री ने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त होने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के कुशल प्रबंधन में क्षेत्राधिकारी लाइन्स कुलवीर सिंह व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन की विशेष भूमिका रही।


दीक्षांत परेड का निरीक्षण करते आईजी राजीव मल्होत्रा, साथ में एसपी विनोद कुमार।


दीक्षांत परेड के दौरान अनुशासन का शानदार प्रदर्शन करते रिक्रूट। अमृत विचार

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट सम्मानित

- पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों के कठिन प्रशिक्षण का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूटों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने सभी रिक्रूट आरक्षियों को देश की सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और जनसुरक्षा की की शपथ दिलाई। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अच्छा प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सरह के जन आरोग्य मेले में नदारद मिले चिकित्सक

**अमृतपुर।** अमृतपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सरह स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रविवार को आयोजित जन आरोग्य मेले का निरीक्षण करने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार और डिप्टी सीएमओ पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्हें वहां कोई चिकित्सक उपस्थित नहीं मिला। इस पर सीएमओ ने तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। मेले में कई मरीज दवा लेने आए थे। चिकित्सकों की अनुपस्थिति देख सीएमओ ने स्वयं ओपीडी संभाली और लगभग 20 मरीजों की जांच की। इस दौरान खांसी, जुकाम, बुखार सहित अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों को दवाएं दी गईं। इसके बाद सीएमओ ने जिठौली के सरकारी अस्पताल का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएमओ ने बताया कि जहां-जहां स्टाफ अनुपस्थित मिला है, वहां वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है और उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जन आरोग्य मेले में शत-प्रतिशत स्टाफ उपस्थित रहे।

### हैंडपंप से पानी भरने को लेकर दंपति से की मारपीट

**अमृतपुर।** थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम रतनपुर पमारान में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जानकारी के अनुसार शराब ठेके के पास लगे हेडपंप से पानी भरने को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ युवकों ने देर रात एक दंपति के घर में घुसकर मारपीट कर दी। घटना 24 अप्रैल 2026 की रात करीब 10 बजे की है। पीड़ित रामकृपाल पुत्र शिव सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपनी पत्नी सोनी देवी के साथ घर में सो रहे थे, तभी नामजद आरोपी जबरन घर में घुस आए और दोनों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बताया जा रहा है कि आरोपियों को इस बात का गुस्सा था कि उन्हें हेडपंप से पानी भरने नहीं दिया गया था, इसी रंजिश में उन्होंने घटना को अंजाम दिया। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुष्पेंद्र पुत्र सुखपाल, मुकेश पुत्र आशाराम निवासी मंशा नगला थाना मिर्जापुर (जनपद शाहजहांपुर), सुनील पुत्र पोशकी, अर्जुन पुत्र बिजेंद्र निवासी रुलापुर थाना अमृतपुर तथा रामलखन पुत्र शिवपाल निवासी हीरानगर थाना अमृतपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने घायल दंपति का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। थाना अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 29 को मल्लावां आएंगे पीएम, कल रात से रूट डायवर्जन

**कन्नौज।** जनपद हरदोई के मल्लावां में गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण 29 अप्रैल को प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी करेंगे। उनके आगमन के दृष्टिगत जनपद कन्नौज से हरदोई जाने वाले भारी वाहनों को मल्लावां नहीं जाने दिया जायेगा। हरदोई मोड़, बांगरमऊ कट, आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे, कुसुमखोर से कन्नौज जाने वाले वाहनों को वाया गुरसहायगंज जनपद फरुखाबाद से होकर गुजारा जाएगा। डायवर्जन दिनांक कल 28 अप्रैल से रात आठ बजे से अगले दिन 29 अप्रैल को कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा।

### सड़क हादसे में होमगार्ड अभ्यर्थी गंभीर रूप से घायल

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर निवासी एक युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया। मोहल्ला अंबेडकर नगर (सिकंदरपुर) निवासी अभिषेक पुत्र जगदीश दिवाकर रविवार को होमगार्ड भर्ती की परीक्षा देकर लौट रहा था। बताया जा रहा है कि वह अपने मित्र विष्णु निवासी चंदरपुर को बाइक से छोड़कर वापस घर सिकंदरपुर आ रहा था। तभी हयात नगर के सामने बाइक फिसल गई। इस हादसे में अभिषेक को गंभीर चोटें आईं। 108 एंबुलेंस स घायल युवक को सौ शैय्या अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों ने अभिषेक का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।


# ट्रक से कुचलकर महिला की गई जान, कोहराम

## शादी समारोह में जा रही थी महिला, पुत्र बाल बाल बचा

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कंपिल-अटैना मार्ग पर रविवार दोपहर एक सड़क हादसे में शादी समारोह में जा रही एक महिला की ट्रक से कुचलकर मौत हो गई। इस घटना में महिला का पुत्र बाल-बाल बच गया।

शाहजहांपुर के थाना कलान क्षेत्र स्थित सनाई गांव निवासी बलराम यादव अपनी मां राममूर्ति देवी के साथ बाइक से कमरुद्दीननगर जा रहे थे। वे अपनी मौसी के बेटे की शादी में शामिल होने जा रहे थे। दोपहर करीब तीन बजे, कंपिल-अटैना मार्ग पर राईपुर चिनहटपुर गांव के पास पुलिया के निकट उनकी बाइक पहुंची। तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राममूर्ति देवी उछलकर ट्रक के पहिए के नीचे आ गईं। ट्रक का पहिया उनके



मृतक के रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

शरीर के ऊपरी हिस्से पर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं, बलराम यादव बाइक समेत सड़क किनारे मिट्टी में जा गिरे, जिससे उनकी जान बच गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना स्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। राममूर्ति देवी की मौत की खबर से परिवार में शोक छा गया। थाना प्रभारी नितिन चौधरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध महिला की मौत

**फर्रुखाबाद।** मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के सकवाई गांव में मधुमक्खियों के हमले से एक 60 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना रविवार सुबह उस समय हुई जब महिला दूध लेने घर से निकली थी।

जानकारी के अनुसार, सुधीरा देवी सुबह करीब 8 बजे घर से दूध लेने निकली थीं। पंचायत घर के पास नीम के पेड़ पर मौजूद मधुमक्खियों के झुंड ने उन पर अचानक हमला कर दिया। मधुमक्खियां उनके पीछे घर तक पहुंच गईं। महिला को बचाने आए कई अन्य लोगों को भी मधुमक्खियों ने काटा, जिससे वे घायल हो गए। बाद में धुआं करके मधुमक्खियों को वहां से भगाया गया। गंभीर हालत में सुधीरा देवी को तत्काल मोहम्मदाबाद के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई है। ग्रामीणों के अनुसार पहले भी ऐसे मामले सामने आ चुके हैं।

# दीक्षांत परेड के बाद 470 रिक्रूट बने यूपी पुलिस का हिस्सा

संवाददाता ,फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन फतेहगढ़ में आयोजित दीक्षांत परेड का आयोजन बड़े ही भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपर पुलिस महानिदेशक (अपराध) उत्तर प्रदेश एसके भगत की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने परेड की सलामी लेकर रिक्रूट आरक्षियों का उत्साहवर्धन किया।

दीक्षांत परेड में कुल 470 रिक्रूट आरक्षियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें 12 टोलियों में विभाजित किया गया था। सभी टोलियों ने आकर्षक वर्दी और अनुशासित कदमताल के साथ शानदार प्रदर्शन किया। परेड के दौरान रिक्रूट्स का उत्साह और आत्मविश्वास देखते ही बन रहा था। मुख्य अतिथि एसके भगत ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण की कठोर तपस्या के बाद अब इन रिक्रूट आरक्षियों के जीवन का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। उन्होंने सभी नव-नियुक्त आरक्षियों को ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के


अच्छा कार्य करने वाले रिक्रूट को शील्ड देते पुलिस महानिदेशक (अपराध)।

साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को सम्मानित भी किया गया, जिससे अन्य प्रशिक्षुओं को भी प्रेरणा मिली। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अभय वर्मा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी रिक्रूट आरक्षियों ने देश की सेवा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। इस भव्य आयोजन के साथ ही उनके प्रशिक्षण की यात्रा का समापन हुआ और अब वे अपने कर्तव्यों के नए सफर पर अग्रसर हो गए हैं।

**किसान का बेटा बना प्रथम कमांडर:** प्रथम कमांडर शिवांक तिवारी ने बताया कि माता-पिता के आशीर्वाद से आज हमें यह मुकाम मिला है। पिताजी हमारे खेती-बाड़ी का काम करते हैं। बताया कि हमें जो जिम्मेदारी दी गई थी उसको हमने पूरी लगन और मेहनत के साथ किया।

## रोडवेज बस में महिला के लाखों के जेवरात चोरी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आगरा से अपने भाई की शादी में शामिल होने आ रही एक महिला के लाखों रुपये के जेवरात रोडवेज बस में चोरी हो जाने से हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, आगरा के हलवाई मोहल्ला निवासी मंजू गुप्ता अपने भाई उत्कर्ष की शादी में शामिल होने के लिए फर्रुखाबाद आ रही थीं। बताया गया कि शादी दो दिन बाद होनी है, जिसको लेकर वह जरूरी सामान और जेवरात लेकर निकली थीं। पीड़िता ने बताया कि आगरा से बेवर तक यात्रा करने के बाद उन्होंने फाउंड्री नगर डिपो की दूसरी रोडवेज बस पकड़ी। बस में एक सीट पर पहले से दो महिलाएं, दो बच्चे और एक पुरुष बैठे थे। मंजू गुप्ता भी उसी सीट पर बैठ गईं। उनके अनुसार, उनके पास एक थैला था, जिसमें एक पर्स रखा था। पर्स में चार सोने की अंगूठियां, एक गले का हार और दो जोड़ी कान के कुंडल समेत लाखों रुपये के जेवरात रखे थे। फर्रुखाबाद के सेंट्रल जेल चौराहे पर उतरने के बाद जब वह घर पहुंचीं और सामान चेक किया तो पर्स गायब मिला। घटना का पता चलते ही वह परिजनों के साथ रोडवेज बस स्टैंड पहुंचीं और बस में साथ बैठे यात्रियों को पकड़ लिया। पीड़िता ने उन्हीं पर चोरी का आरोप लगाया। सूचना पर रोडवेज चौकी इंचार्ज कपिल कुमार मौके पर पहुंचे। महिला पुलिस की मौजूदगी में संदिग्ध लोगों की तलाशी ली गई और करीब आधे घंटे तक पूछताछ की गई, लेकिन उनके पास से कोई जेवरात बरामद नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने सभी को जाने दिया।

# दूसरे दिन भी शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई होमगार्ड भर्ती परीक्षा

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रखा बालिका इंटर कॉलेज व राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का भ्रमण कर परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने केंद्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों तथा ड्यूटी में लगे पुलिस बल को निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न


होमगार्ड भर्ती परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करने जातीं डीएम व एसपी। अमृत विचार

कराया जाए। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद के कुल 19 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है, जो प्रत्येक दिवस दो पालियों में संचालित हो रही है। प्रथम पाली पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित की जा रही है। प्रत्येक पाली में कुल 7104 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं, जिनके लिए सभी केंद्रों पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## 926 करोड़ की परियोजना का डीएम ने किया निरीक्षण

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर द्वारा मोहम्मदाबाद क्षेत्र के उखरा स्थित निर्माणाधीन 400/220/132 केवी विद्युत पारेषण केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। 926.77 करोड़ से निर्मित हो रहे इस परियोजना की प्रगति का जिलाधिकारी ने गहनता से अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता (पारेषण) ने अवगत कराया कि पारेषण केंद्र में 400 केवी की दो विद्युत लाइनें बदायूँ से तथा दो लाइनें उरई (जनपद जालौन) से जोड़ी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना का निर्माण कार्य मार्च 2024 में प्रारंभ हुआ था, जिसमें 400 केवी का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 220 केवी एवं 132 केवी स्तर के कार्य लगभग 90 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुके हैं। शेष कार्य 31 मई 2026 तक पूर्ण कर लिए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। अधिकारियों द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि परियोजना के पूर्ण होने के उपरांत जनपद फर्रुखाबाद एवं कन्नौज को विद्युत आपूर्ति में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा क्षेत्र में निर्बाध एवं सुदृढ़ विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए। उन्होंने सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने तथा नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा में 23 फीसदी परीक्षार्थी गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में आठ केंद्रों पर चल रही होमगार्ड भर्ती-2025 परीक्षा दूसरे दिन भी शांतिपूर्वक हुई। परीक्षा में 23 फीसदी अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार ने केंद्रों पर पहुंचकर इम्तिहान का जायजा लिया।

एडीएम (वित्त एवं राजस्व) देवेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार को सुबह की पाली में 2209 व दोपहर की पाली में 2208 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। पहली पाली में 1678 और दूसरी पाली में 1723 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। सुबह 531 और दोपहर को 485 परीक्षार्थियों ने इम्तिहान छोड़ दिया। एडीएम ने बताया कि कुल 1016 अभ्यर्थी शामिल नहीं हुए। शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र में सबसे


परीक्षा केंद्र पर बायोमेट्रिक हाजिरी लेने वाले कर्मियों से जानकारी करते डीएम।

- **जिले में आठ केंद्रों पर चल रही होमगार्ड भर्ती परीक्षा**
- **एसबीएस इंटर कॉलेज केंद्र में सबसे अधिक अनुपस्थिति रही**

अधिक अनुपस्थिति रही। केके इंटर कॉलेज का दूसरा नंबर रहा। कुल 23 फीसदी परीक्षार्थी सभी केंद्रों पर गैरहाजिर रहे। शहर स्थित मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, जमुना प्रसाद गर्ल्स इंटर कॉलेज, गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज मकरंदनगर, केकेसीएन इंटर कॉलेज सरायमीरा व डीएन इंटर कॉलेज तिर्वा में भी परीक्षा आयोजित हुई।

## विद्यालय प्रबंधक को डीआईजी बनकर दी धमकी

**छिबरामऊ।** प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के प्रबंधक ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा डीआईजी बनकर धमकाने का आरोप लगाया है।

सिटी चिल्ड्रंस एकेडमी के प्रबंधक प्रदीप कुमार प्रधान के अनुसार शनिवार रात करीब 9:42 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने स्वयं को डीआईजी बताते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और धमकी दी। संदेह होने पर जब उन्होंने कॉल काटी, तो देर रात करीब 11:45 बजे एक पुलिस वाहन (संभवतः यूपी 112) उनके तालग्राम रोड स्थित विद्यालय पहुंचा और चौकीदार से उनके बारे में पूछताछ की।उन्होंने कोतवाली प्रभारी को तहरीर देकर मामले की जांचकी मांग की। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# महिलाओं के लिए स्वास्थ्य व स्वच्छता अत्यंत महत्वपूर्ण

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** ग्राम डुँडवाबुजुर्ग स्थित एचएम इण्टर कॉलेज मे महिला स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें महिला चिकित्सकों ने बताया कि महिलाओं का स्वास्थ्य और स्वच्छता उनके संपूर्ण जीवन, प्रजनन क्षमता और मानसिक तंदुरुस्ती के लिए अत्यंत आवश्यक है।

महिला डॉक्टरों ने बताया कि मासिक धर्म के दौरान महिलाएं 4 से 6 घंटे के बीच पैड बदलें। जब उनका शरीर स्वस्थ होगा तभी वह संतान की देखभाल अच्छी तरह से कर सकेंगी। महिलाओं के अस्वस्थ रहने का असर पूरे परिवार पर पड़ता है। स्वस्थ संतान को जन्म देने के लिए महिलाओं का भी स्वस्थ रहना जरूरी है। कामकाजी महिलाएं



स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देतीं महिला डॉक्टर। अमृत विचार

विशेष रूप से अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। संतुलित आहार और समय पर स्वास्थ्य जांच संक्रमण और गंभीर बीमारियों से बचाते हैं। कार्यशाला के दौरान क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं। इस दौरान वानी आनंद, अनुपमा भाटिया अर्चना मेगान डाक्टर निकिता, शुभांगी शुक्ला, पायल सिंह सहित कई महिला चिकित्सक के अलावा जिला पंचायत सदस्य जुबैरिया शाह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष/ कॉलेज प्रबंधक तहसीन सिद्दीकी मौजूद रहे। तहसीन ने बताया कि अगली कार्यशाला में महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाएगा।

**श्रीमद्भागवत कथा** | आनंदेश्वर धाम में चल रहे धार्मिक आयोजन में उमड़ रही भीड़

# माखन चोरी, गोवर्धन लीला की कथा ने किया मंत्रमुग्ध

संवाददाता मानीमऊ

**अमृत विचार।** क्षेत्र में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया।

कथा वाचक ने माखन चोरी और गोवर्धन लीला की मनमोहक कथा सुनाकर पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा के दौरान पूरा वातावरण "राधे-राधे" और "जय श्रीकृष्ण" के जयकारों से गूंज उठा।


सदानंद जी

आनंदेश्वर धाम सनातन धर्म


मौजूद श्रोताओं की भीड़। अमृत विचार

फाउंडेशन की ओर से चल रहे कार्यक्रम में रविवार की भागवत में कथा वाचक सदानंद जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी केवल एक बाल लीला नहीं, बल्कि भक्त और भगवान के बीच प्रेम का प्रतीक है। भगवान अपने भक्तों के प्रेम के वशीभूत

- **पंडाल "राधे-राधे" और "जय श्रीकृष्ण" के जयकारों से गूंज।**
- **कथा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही**

होकर उनके घरों में माखन चुराने जाते थे, जिससे गोकुल की गोपियों का स्नेह और बढ़ता था। गोवर्धन लीला का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अभिमान को तोड़ने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी सबसे छोटी उंगली पर उठाकर पूरे ब्रजवासियों की रक्षा की थी। कथा के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। आयोजकों द्वारा भव्य व्यवस्था की गई थी। अंत में आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

## शिकायतों पर उपभोक्ताओं से मिले उच्चाधिकारी

**छिबरामऊ।** दक्षिणांचल विद्युत विभाग के चीफ कमलेश कुमार ने नगर के मोहल्ला पीपल वाली गली का दौरा कर उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर को लेकर सीधा संवाद किया।

स्थानीय उपभोक्ताओं ने उनके सामने अपनी समस्याएं रखते हुए बताया कि स्मार्ट मीटर रिचार्ज करने के महज दो-चार दिनों के भीतर ही बैलेंस खत्म हो जाता है और भुगतान माइनस में दिखाई देने लगता है। चीफ ने उपभोक्ताओं की इन शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर कन्नौज से आए एग्जीक्यूटिव इंजीनियर संघ प्रिय गौतम, एसडीओ अनिल राम और विद्युत विभाग के अन्य कर्मचारी व अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## रुचि और क्षमता के आधार पर चुनें करियरः सुधांशु

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** भदौरिया एजुकेशन सेंटर के निदेशक सुधांशु यादव ने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि 12वीं के बाद लिया गया एक सही निर्णय न केवल छात्र का भविष्य संवारता है, बल्कि उसके पूरे जीवन की दिशा तय करता है।

इस बात पर गहरी चिंता व्यक्त की कि आजकल के युवा बिना किसी आत्ममंथन के केवल मित्रों की देखा-देखी या सामाजिक दबाव में आकर अपने विषयों का चयन कर रहे हैं। उन्होंने इसे 'भेड़ चाल' की संज्ञा देते हुए कहा कि दूसरों की नकल करना भविष्य में केवल निराशा और असंतोष पैदा करता है। विद्यार्थी को वह क्षेत्र चुनना चाहिए

- **12वीं के बाद लिया गया सही निर्णय छात्र का भविष्य संवारता है**


सुधांशु यादव।

जिसमें उसकी रुचि हो, जिसे करने में उसे आनंद मिले, उसके पास उस क्षेत्र से संबंधित आवश्यक कौशल हों तथा उसमें भविष्य की पर्याप्त संभावनाएं भी मौजूद हों।

## न्यूज ब्रीफ

### 27 अप्रैल को डीबीए देगी ज्ञापन

इटावा। जिला बार एसोसिएशन की ओर से गौ सम्मान अभियान के तहत 27 अप्रैल को गौ सम्मान दिवस मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 11 बजे राष्ट्रपति व राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा जाएगा। डीबीए के अध्यक्ष राजेश कुमार त्रिपाठी, महामंत्री नितिन तिवारी और प्रवक्ता अमित तिवारी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से निर्धारित समय पर डीबीए के हाल में पहुंचने की अपील की है।

### ट्रांसफार्मर फुंका, गर्मी में लोग बेहाल

बकेवर। शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे नगर लखना की सब्जी मंडी स्थित मुहाल तालाब किनारे रखे 400 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर पर बंदर के चिपककर मर जाने से जोरदार धमाके के साथ ट्रांसफार्मर फुंक गया। इसके चलते मुहाल मानखां, गंज मुहाल व मुख्य बाजार की विद्युत आपूर्ति पिछले 24 घंटे से ठप पड़ी है, इस संबंध में तालाब मुहाल निवासी अनवार खां आढ़ती ने बताया कि ट्रांसफार्मर पर बंदर के मरने से शनिवार दोपहर से ही बिजली आपूर्ति बंद है, जिससे गर्मी में लोग खासे बेहाल हैं। ट्रांसफार्मर को सही करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी।

# ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, पुत्र की मौत व पिता घायल, मचा कोहराम

## हादसे के बाद चालक ट्रक को लेकर भाग जाने में रहा सफल, पुलिस कर रही जांच

संवाददाता इटावा

- पिता को गंभीर रूप से घायल होने पर सैफई रेफर कर दिया गया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्वालियर बाईपास पर राधिका पुरम के पास रविवार सुबह ट्रक ने बाइक सवार पिता-पुत्र को रौंद दिया। हादसे में पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पिता को गंभीर रूप से घायल हो गये। उनकी गंभीर हालत को देखते हुए सैफई रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रक की तलाश शुरू कर दी है।

पक्का बाग निवासी सुरेश चंद्र (55) अपने पुत्र सौरभ (30) के साथ रविवार सुबह बाइक से पैतृक गांव नगला जैक जा रहे थे। जैसे ही वह ग्वालियर बाईपास स्थित राधिका पुरम स्टेट के पास पहुंचे। पीछे से आ रहे अनियंत्रित वाहन ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों काफी दूर तक घिसटते चले गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया।

चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार पटेल ने बताया दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल पुलिस टीम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि ट्रक की पहचान की जा सके। परिजनों की ओर से अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर वाहन स्वामी पर कार्रवाई की जाएगी। वही सौरभ की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि सौरभ की शादी अप्रैल 2018 में श्वेता राठौर के साथ हुई थी। मृतक अपने पीछे पत्नी, मां बृजरानी और दो वर्षीय मासूम पुत्र सारस्वत को रोता-बिलखता छोड़ गया है। पिता सुरेश चंद्र की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है जिनका उपचार सैफई में जारी है।

### कार ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

**भरथना इटावा।** इटावा भरथना रोड पर तहसील के सामने शनिवार रात अनियंत्रित कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। नाजुक हालत में युवक को जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक कार समेत मौके से भाग गया। क्षेत्र के ग्राम कंधेसीधार निवासी सूरज शुक्ला(19) कस्बे के सुरेंद्र बाबू जी की मिल में आयोजित एक शादी समारोह में लाइट और डेकोरेशन का काम कर रहा था। बताया गया है कि सीपुरा निवासी विपिन यादव की पुत्री की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे जनरेटर का ईधन खत्म होने पर सूरज बाइक से तेल लेने के लिए भरथना थाने के पास स्थित पेट्रोल पंप पर जा रहा था।जैसे ही वह तहसील के सामने पहुंचा तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित कार ने उसकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सूरज सड़क पर काफी दूर जाकर गिरा और उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूरज की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मचा हुआ है। मां चंदा देवी और छोटे भाई कन्हैया का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि सूरज मेहनती युवक था और परिवार की आर्थिक मदद के लिए काम करता था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि दुर्घटना करने वाली कार की तलाश की जा रही है।

### दो भैंस चोर गिरफ्तार तमंचा-कारतूस व लोडर बरामद

**बकेवर इटावा।** थाना बकेवर पुलिस ने निवाड़ीकला से गुलाबपुरा जाने वाली सड़क पर चेकिंग के दौरान दो भैस चारों को गिरफ्तार किया। उसके पास से तमंचा कारतूस के अलावा लोडर बरामद हुआ है जबकि उनके दो साथी भाग जाने में सफल रहे। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

बताया गया है कि नागरी लोल पुर निवासी देवेन्द्र कुमार की 20 अप्रैल की रात्रि में दो भैंसों को चोरी कर लिया था पुलिस ने मामला दर्ज कर छानवीन शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक अपनी टीम के साथ निवाड़ीकला से गुलाबपुरा जाने वाली सड़क पर चेकिंग कर रेह थे तभी लोडर आती दिखी तो पुलिस ने रोकने का इशारा किया। पुलिस को देख लोडर चालक ने गाडी को भगा दिया। पुलिस ने पीछा कर लोडर में सवार सत्यम खटीक पुत्र कल्लू निवासी अहेरीपुर, रनवीर सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी मेंहदीपुर बकेवर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये आरोपियों के कब्जे से तमंचा, दो जिन्दा कारतूस, अवैध चाकू व 23,500 रुपये नकद बरामद हुए।

# गांजा तस्कर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता इटावा

- एक कुंतल दो किलो गांजा, कार बाइक व स्कूटी बरामद
- पुलिस ने पकड़े गए लोगों को कार्रवाई के बाद जेलभेज दिया

**अमृत विचार।** सिविल लाइन पुलिस च एसओजी टीम ने चैकिंग के दौरान कचौरा रोड पर पैराडाइज होटल के पास से गांजी तस्कर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उनके पास से एक कुंतल दो किलो गांजा कार स्कूटी व एक बाइक बरामद की है। पुलिस ने पकडे गए लोगों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेलभेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक सिविल लाइन अपनी टीम के साथ गस्त पर थे तभी मुखबिर ने सूचना दी कि आगरा की ओर से कुछ लोग कार से आ रहे है उनके पास मादक पदार्थ है। इस सूचना पर उन्होने एसओजी टीम के साथ चैकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक कार आती हुयी दिखाई दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया तो कार सवार व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल का प्रयोग करते हुये 04 अभियुक्तों को कचौरा रोड स्थित पैराडाइज होटल के पास से गिरफ्तार किया गया। पकडे गए लोगों ने अपने नाम शाहरूख पुत्र मुन्ना निवासी पुराना मेवाती मोहल्ला कोतवाली, सौरभ यादव पुत्र राम वीर सिंह यादव, ऋषि यादव पुत्र कोमल सिंह यादव निवासीगण नगला अजीत थाना इकदिल व भारत सिंह कुशवाहा पुत्र मुन्नु सिंह निवासी बेरीखेडा थाना बकेवर बताए।

तलाशी में उनके पास से 01 कुंतल 2 किग्रा गांजा 01 टीयूवी कार, 01 अपाचे मोटरसाइकिल, 01 स्कूटी बरामद की गयी। पकडी गए गांजे की कीमत 25 लाख रुपया बताई गई है। पुलिस टीम द्वारा कडाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम लोग गांजे को छोटे-छोटे पैकेटों में रखकर आस-पास के फुटकर व्यापारियों को बेचते हैं। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें जेल भेज दिया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# एचटी लाइन की चिंगारी से गेहूं समेत 100 बीघा से अधिक अवशेष जले

संवाददाता ताखा

**अमृत विचार।** सरावा गांव के पास खेतों से निकली हाईटेंशन बिजली लाइन से निकली चिंगारी खेते में जा गिरी जिससे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कई खेतों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे करीब 100 बीघा से अधिक फसल, अवशेष और भूसा जलकर राख हो गए।

घटना में राजेंद्र जाटव के 5 बीघा खड़ी गेहूं की फसल और 2 बीघा गेहूं के गट्ठर, ओंकार चौधरी के 8 बीघा के गट्ठर तथा रामकुमार के 2 बीघा गेहूं के गट्ठर जल गए। वहीं उपेंद्र चौधरी, विशाल और सरला के 35 बीघा अवशेष, रिंकू के 20 बीघा, ईश्वरी देवी व नरेंद्र कुमार के 10-10 बीघा गेहूं के अवशेष आग की भेंट चढ़ गए। इसके अलावा मोनू शुक्ला के 3 बीघा, राजेश तिवारी के खेत में रखा 6 बीघा का भूसा, शिखा तिवारी के 6 बीघा का अवशेष, उमाकांत के 5 बीघा, राजू व मिठ्ठूलाल के 4-4 बीघा अवशेष भी पूरी तरह जल गए। आग की चपेट में विजय बहादुर, वीर बहादुर, श्यामसुंदर और मीना देवी के 2-2 बीघा गेहूं अवशेष भी राख हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि संभलने का मौका तक नहीं मिला। घटना के बाद ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को करीब 50 बार फोन किया, लेकिन समय पर मदद नहीं पहुंच सकी। इसके चलते किसानों ने खुद ही पानी और मिट्टी डालकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

किसानों का आरोप है कि हाईटेंशन लाइन से अक्सर चिंगारी निकलती रहती है, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं देता। उन्होंने प्रशासन से मुआवजा दिलाने और बिजली लाइन की मरम्मत कराने की मांग की है।


आग लगने से जलती फसल।

### इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में लगी आग

**बकेवर।** लखना के मुहाल खेड़ा में बीती रात्रि एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में सामने रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में फेस उड़ने के कारण शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे दुकान मंर आग लग गई। आग की चपेट में आकर सीसी कैमरे, एलईडी तथा वायरिंग जलकर राख हो गई, जबकि अन्य फर्नीचर आग की चपेट में आने से बच गया। रिटायर्ड बीएसएफ जवान सुखबीर यादव उर्फ कल्लू फौजी ने बताया कि वह बीती रात दुकान बंद करके अपने गांव करौंधी चले गए थे। इसी दौरान सामने रखे मोहल्ले के विद्युत ट्रांसफार्मर में फेस उड़ने की समस्या के चलते अचानक शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे दुकान में आग लग गई और सीसी कैमरे, एलईडी, वायरिंग सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि नीचे रखा फर्नीचर सुरक्षित बच गया।

# साइबर गैंग का भंडाफोड़, चार ठग गिरफ्तार

संवाददाता इटावा

- पकड़े गए चारों साइबर ठग सगे भाई हैं, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** बसरेहर व थाना वैदपुरा पुलिस ने गिरोह बनाकर साइबर फ्रॉड के माध्यम से लोगो से धोखाधडी कर अर्जित धन को ऑनलाइन गेम 82 लॉटरी एप्प द्वारा सर्कुलेट करने वाले चार साइबर ठगों को गिरफ्तार किया।

बसरेहर एवं थाना वैदपुरा पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान 2 मोटर साइकिल पर सवार 4 व्यक्ति आते हुये दिखायी दिये जिन्हें पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो उनके द्वारा भागने का प्रयास किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर लोहिया नहर पुल से चार शातिर ठगों सतीश कुमार, अजीत कुमार, अखिलेश, हरिओम पुत्रगण राकेश कुमार निवासीगण अयारा बसरेहर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पकडे गए लोगों ने बताया कि हम चारों सगे भाई हैं। सतीश पहले पानीपत में काम करता था इसी दौरान उसकी दोस्ती कुछ ऐसे व्यक्तियों से हो गयी जो साइबर ठगी करते थे और वह एक वर्ष पूर्व नौकरी छोड़कर गांव आ गया और मोबाइल से काफी पैसा कमाने लगा, उसकी कमाई को देखकर हम लोगों को भी लालच आ गया और हम चारों भाई मिलकर साइबर फ्रॉड करने लगे और साइबर फ्रॉड का पैसा अपने खातों में लेकर उसे ऑनलाइन अवैध बेटिंग एप्प में लगाने लगे तथा उस पैसे को अपने अकाउन्ट में ट्रान्सफर करके एटीएम और चैक के माध्यम से निकाल लेते थे या क्रिप्टो करेन्सी खरीदने में इन्वेस्ट कर देते थे। आरोपी ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से पैसे को सीधे अपने खाते में न लेकर अलग-अलग खातों में ट्रान्सफर कर देते थे आरोपियों के पास से 30,60,000 रुपये नकद, अकाउंट में निवेश कुल 60,58,042 रुपये, 9 मोबाइल फोन भिन्न भिन्न कम्पनी के, 19 एटीएम कार्ड विभिन्न बैंको के, एक सिम कार्ड वीआई, 4 पैन कार्ड, 9 पासबुक, 2 चेकबुक, 2 डीएल, एक ई-श्रम कार्ड, 2 पर्स, 2 बैग, 2 मोटरसाइकिल बरामद हुईं। उक्त सराहनीय कार्य में कुशल नेतृत्व प्रदान करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी सैफई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु 25 हजार रुपये से पुरस्कृत किया गया।


गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी देते एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव। अमृत विचार

# होमगार्ड की परीक्षा दूसरे दिन भी शातिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

संवाददाता इटावा

- डीएम, एसएसपी ने परीक्षा केंद्रो का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय पर बनाए गए 11 केंद्रों पर रविवार को लगातार दूसरे दिन दो पालियों में होमगार्ड भर्ती परीक्षा कराई गई। इसमें पूरी सतर्कता बरती गई। मुख्य गेट पर ही तलाशी ली गई।

यह परीक्षा कड़ी निगरानी में कराई जा रही है। सभी परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी दी जाती है। इसके बाद ही उन्हें अंदर जाने की अनुमति दी जाती है। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है जो पूरी तरह मुस्तैद रहे। रविवार को परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाएं देखी। इसके साथ ही अन्य अधिकारियों ने भी अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर जाकर निरीक्षण किया और यह देखा की परीक्षा सही तरीके से कराई जा रही है, किसी तरह की कोई परेशानी तो नहीं है। दोपहर 12 बजे पहली पाली का प्रश्न पत्र पूरा होता है। इसके बाद कानपुर जाने के लिए 2 बजे तक दो ट्रेन ही है इसलिए ज्यादातर परीक्षार्थी परीक्षा देने के बाद सीधे रेलवे स्टेशन पहुंचे ताकि वह ट्रेन पड़कर अपने घर वापस पहुंच सकें। जिन अभ्यर्थियों को बसों से जाना था वह रोडवेज बस स्टैंड पहुंचे और वहां से बसों में बैठ गए।


# महिला व उसके परिजनों से मारपीट

संवाददाता इटावा

- घटना का वीडियो वायरल, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट
- लोगों में आक्रोश, पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई

**अमृत विचार।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कचौरा रोड पर स्थित नवजीवन अस्पताल के कर्मियों ने दावत खाकर लौट रही एक महिला व उसके परिजनों से मारपीट की। मारपीट की घटना का वीडियो वायरल हो गया। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

गांव चौगान निवासी राज कुमार ने बताया कि वह शनिवार की शाम को दावत खाकर परिवार के साथ लौट रहे थे। वह नवजीवन अस्पताल के पास खडे हो गए। अस्पताल कर्मी एक कार के चालक से मारपीट कर रहे थे। मारपीट के दौरान उसकी नातिन को डंडा लग गया। उसने विरोध किया तो इसी बात को लेकर उसके परिवार के लोगों से मारपीट की। तभी किसी ने मारपीट का वीडियों बना कर उसे वायरल कर दिया। वीडियों के वायरल होने पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मनोज, कल्लू व सुनील के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। वीडियों के वायरल होने के बाद राजपूत समाज के लोगों में आक्रोश पैदा हो गया। रविवार को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत, अजय धाकरे, वरिष्ठ भाजपा नेता अंशुल अशोक दुबे मनोज राजपूत के अलावा सैकडों की संख्या में समाज के लोग पीडित के घर पहुंचे और जानकारी की। लोगों ने प्रशासन से कार्रवाई करने की मांग की। उन्होने चेतावनी दी कि डाक्टर व उसके कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नही की तो समाज के लोग आदोलन करने का बाध्य होगें।


जानकारी लेते भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत व अंशुल दुबे।

### मिशन शिक्षण संवाद की एक दिवसीय वर्कशाप सम्पन्न

**इटावा।** डायट प्राचार्य प्रेमपाल सिंह ने कहा है कि हमें जीवन के सभी कार्य और जिम्मेदारी तनाव मुक्त रहकर ही पूरी करनी हैं।

यहां डायट परिसर में टीचर्स क्लब और मिशन शिक्षण संवाद की ओर से शिक्षकों के लिए एक दिवसीय होलिस्टिक एंड माइंडफुलनेस आर्ट वर्कशॉप तनाव मुक्त जीवन पर कार्यशाला हुई। इसमें डायट प्राचार्य ने कहा कि इस तरह के आयोजन समय समय पर होते रहना चाहिए। मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार नें बताया कि हर व्यक्ति को जीवन में अपने हॉबी का कोई काम दिन में जरूर करना चाहिए ताकि खुश रहें। मिशन में मनचाहा शैक्षिक काम करने का अवसर मिलता है।

### नेचर वाक में देखीं तितलियों की दस प्रजातियां

**इटावा।** सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की ओर से लायन सफारी नर्सरी में नेचर वॉक किया गया। इसमें प्रकृति प्रेमियों को पेड़ पौधों की 40 प्रजातियां और पक्षियों की 10 प्रजातियां देखने को मिलीं। नेचर वॉक का नेतृत्व डॉ राजीव चौहान, डॉ बीएन सिंह, डॉ अत्री गुप्ता व संजय सिंह चौहान ने किया। डॉ अत्रि गुप्ता ने बताया कि रविवार को सुंदर तितलियों के समूह देखने को मिले। नेचर वॉक में एक नए सदस्य राजीव लोचन दीक्षित ने बताया कि प्रकृति को वह इस नजरिए से देखकर अचंभित व प्रभावित हैं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
भवन सं0 128/313 शंकराचार्य नगर कानपुर के मूल बैनामे दि0 27/06/ 1979 का पेज 2 घर में ही कहीं खो गया है जो बहुत ढूंढने पर भी नहीं मिला। **बजेन्द्र पुत्र राम उजारे**

**सूचना**
श्रीमती सोनी सिंह बनाम सरकार ग्राम सोहांस परगना व तहसील मनकापुर जनपद गोण्डा धारा–80 उ0प्र0राजस्व सहिंता 2006 गाटा संख्या–734/1.1810हे0 में से रकबा 0.0285हे0 को धारा–80 (1) उ0प्र0 राजस्व सहिंता 2006 घोषित करने हेतु आवेदन किया गया है यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 29/04/2026तक उपजिलाधिकारी मनकापुर के न्यायालय पर आकर आपत्ति कर सकता है।
**उपजिलाधिकारी, मनकापुर–गोण्डा।**

**सूचना**
मैं **आरती देवी पत्नी हरद्वारी लाल, निवासी– ग्राम गुफ्फापुरवा मजरा जसराथपुर पोस्ट मिश्रिख तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर**। मेरे आधारकार्ड में आरती देवी पत्नी हरद्वारीलाल है जिसका आधार नं XXXX6287 है तथा मकान के बैनामे में रामरानी पत्नी हरद्वारी लाल अंकित है। यह कि आरती देवी व रामरानी एक ही महिला के नाम है।

**सूचना**
मैं **हनुमान प्रसाद पुत्र रामपाल, निवासी– ग्राम थानापट्टी तहसील सिधौली जिला सीतापुर**, मेरा आधार कार्ड संख्या 3430 0224 4605 व बचत खाता संख्या 31826943549 है। मेरे आधार कार्ड पर नाम रामचन्द्र अवस्थी दर्ज है जबकि बैंक पासबुक में मेरा नाम हनुमान प्रसाद दर्ज है दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है तथा मैं रामचन्द्र अवस्थी व हनुमान प्रसाद दोनो नामों से जाना व पहचाना जाता है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है दोनों नामों को एक ही समझा जाय।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं **राम प्रकाश पुत्र राधेश्याम वार्ड सं–1 गांधी नगर, नगर पंचायत महराजगंज, थाना महराजगंज, जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मैंने अपने पुत्र मयंक कुमार मोदनवाल के गलत चाल चलन और समाज के प्रति आचरण अच्छा न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों से मेरा और मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा।

**सूचना**
जगप्रसाद बनाम सरकार ग्राम तरैनी परगना बूढ़ापायर तहसील मनकापुर जनपद गोण्डा धारा–80 उ0प्र0राजस्व सहिंता 2006 गाटा संख्या–239/0.2560हे0 मेंसे रकबा 0.0040हे0 को धारा– 80(2) उ0प्र0राजस्व संहिंता 2006 घोषित करने हेतु आवेदन किया गया है यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 29/04/2026 तक उपजिलाधिकारी मनकापुर के न्यायालय पर आकर आपत्ति कर सकता है।
**उपजिलाधिकारी, मनकापुर–गोण्डा।**

**सूचना**
भवन सं0 128/313 शंकराचार्य नगर कानपुर को स्वामी ब्रजेन्द्र कुमार द्वारा हिन्दूजा हाउसिंग फा0 लि0 में बंधक हेतु प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त सम्पत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी वाद–विवाद, प्रकार का कोई भी वाद–विवाद नहीं है यदि किसी का कोई सत्व/ दावा हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से सम्र्पक करें अन्यथा उक्त सम्पति को बन्धक स्वीकार कर लिया जाएगा। शिवेन्द्र अवस्थी (एडवोकेट), चेम्बर नं0 24 बाबू लाल अधिवक्ता, भवन सिविल कोर्ट कानपुर, मो0– 9335063025

## समारोह

### परेड की गूंज में दिखा राष्ट्रभक्ति का जज्बा, डीआईजी ने परेड की सलामी ली

# कर्तव्य और सेवा की राह पर निकले नए प्रहरी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित दीक्षान्त परेड के साथ ही 483 महिला प्रशिक्षु पुलिस आरक्षियों ने अपने प्रशिक्षण का सफर सफलतापूर्वक पूरा किया। समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर हरीश चन्दर ने परेड की सलामी ली। इस मौके पर जिला जज रजत सिंह जैन व जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल उपस्थित रहे। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया। महिला प्रशिक्षुओं ने कदम से कदम मिलाते हुए शानदार मार्च पास्ट किया जिसकी लय और अनुशासन ने उपस्थित अधिकारियों एवं अतिथियों व दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।


परेड का निरीक्षण करते डीआईजी व परेड में शामिल महिला प्रशिक्षु। अमृत विचार

मुख्य अतिथि ने कहा पुलिस की वर्दी केवल एक पोशाक नहीं बल्कि समाज के भरोसे और सुरक्षा का प्रतीक है। मुझे विश्वास है कि आज शपथ लेने वाले ये युवा प्रहरी पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता के साथ जनता की सेवा करेंगे। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। रिक्रूट आरक्षियों ने मुख्यमंत्री के संदेश को ध्यानपूर्वक सुना जिसमें उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त होने का आह्वान किया। समारोह के अंतिम चरण में पुलिस उपमहानिरीक्षक ने सभी रिक्रूट महिला आरक्षियों को देश की सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और जनसुरक्षा की पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत टोलियों ने गौरवपूर्ण तरीके से प्रस्थान किया। परेड के समापन पर सभी रंगरूटों ने देश के संविधान के प्रति निष्ठा और निस्वार्थ भाव से जनसेवा करने की शपथ ली। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। साक्षात्कार में सर्वश्रेष्ठ कैडेट रुबी, इंडोर में प्रथम राज प्रभा, आउटडोर परेड/ड्रिल में प्रथम स्वेता मिश्रा रहीं। प्रथम परेड कमाण्डर स्वेता मिश्रा, द्वितीय परेड कमाण्डर अर्चना, तृतीय परेड कमाण्डर प्रीति रहीं। इस अवसर पर पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और नवनियुक्त आरक्षियों के परिजन भारी संख्या में उपस्थित रहे।


डॉ. संतोष के अध्यक्ष बनने पर स्वागत करते समाज के लोग। अमृत विचार

# राठौर सेवा संस्थान का गठन

**इटावा।** शहर के ऐतिहासिक नीलकंठ मंदिर परिसर में रविवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समाज सेवा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए राठौर सेवा संस्थान का विधिवत गठन किया गया।

इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिकों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संस्थान के भविष्य की रूपरेखा तैयार की। संस्थान के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. संतोष राठौर ने संगठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस संस्थान की नींव समाज के गरीब जरूरतमंद और वंचित वर्गों की सेवा के लिए रखी गई हैं। उन्होंने बताया कि संस्थान का मुख्य रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य पर मुख्य फोकस रहेगा। कार्यक्रम के दौरान मीडिया क्षेत्र में कार्यरत स्वजातीय युवा साथियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैक्टर-बाइक भिड़ंत युवक गंभीर घायल

**अछल्दा (औरैया)।** कस्बे के नेविलगंज मंडी समिति मोड़ पर रविवार को एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, अनुज चौहान पुत्र जितेन्द्र सिंह चौहान निवासी चौहान मार्केट ।पुराना अछल्दा निवासी से बुलेट बाइक में पेट्रोल डलवाकर अपने घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह मंडी समिति मोड़ के पास पहुंचे, तभी एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में अनुज चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल ने तत्काल अपने भाई पिंकू चौहान को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कस्बा प्रभारी हेमलता यादव व थाना प्रभारी सुरेश चन्द पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर व चालक को हिरासत में ले लिया।

### मनरेगा में नियुक्ति प्रक्रिया पर सवाल

**औरैया।** जनपद में चल रही मनरेगा में अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। 2023 में चयन प्रक्रिया के बाद 7 अभ्यर्थियों को तकनीकी सहायक पद पर सेवा स्वीकृति पत्र जारी किया गया, बाद में कन्टेन्जेन्सी फंड का हवाला देकर कार्यभार ग्रहण पर रोक लगा दी गई। अब किसी अन्य एजेंसी के माध्यम से अन्य लाभार्थियों के चयन की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी ,जबकि पूर्व में चयनित अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण नहीं कराया गया।

इससे लोगों में आक्रोश है।

### मीटर लगाने के विवाद में महिला को पीटा

**अछल्दा (औरैया)।** थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित नहर बाजार मुहल्ले में शनिवार को विद्युत मीटर लगाने को लेकर पारिवारिक विवाद बढ़ गया। नहर बाजार निवासी सारिका वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में पिछले चार माह से बिजली न होने के कारण मीटर लगवाने का प्रयास कर रही थीं। इसी दौरान उनकी सौतेली ननद मोनिका सोनी, सोनम सोनी और सौतेली सास शांति सोनी ने मीटर लगाने का विरोध किया। आरोप है कि विरोध के दौरान उक्त लोगों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए लात-घूंसों से मारपीट की और कमरे में रखी वाशिंग मशीन समेत अन्य सामान बाहर फेंक दिया, जिससे काफी नुकसान हुआ।

# 12 बीघा गेहूं के गट्ठे जलकर हुए राख

संवाददाता अछल्दा (औरैया)

- दमकल की तीन गाड़ियों ने पाया काबू

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव बिचौलिया के पास रविवार को दोपहर 3 बजे अज्ञात कारणों से गेहूं के गट्ठों में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों को अपनी चपेट में ले लिया।

इस हादसे में करीब 12 बीघा गेहूं के गट्ठे जलकर राख हो गए। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार आग नहर बाजार निवासी उर्मिला देवी के खेत में लगी थी। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में दमकल कर्मियों का सहयोग किया। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। वहीं थाना प्रभारी सुरेश चंद्र उपनिरीक्षक हेमलता यादव मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे।



जली पड़ी फसल। अमृत विचार

# अज्ञात कारणों से खेत में लगी आग

संवाददाता बेला, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बेला-तिर्वा मार्ग स्थित वर्मा क्लीनिक के सामने रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे अज्ञात कारणों से खाली पड़े खेत में आग लग गई। देखते ही देखते आग सड़क किनारे खड़ी घास फूस में लग गई जिससे करीब बीस फ़ीट ऊंची लपटे उठ गई और ऊपर से निकली विद्युत एलटी लाइन व 11 केविए लाइन झुलस गई। वहीं सड़क किनारे एक पेड़ों के बाग में आग पहुंच गई।

किसान बलराम पुत्र रामगोपाल निवासी भवानीपुरवा के 6 बीघा खेत के कुछ भाग में आग सग गई। वहीं राजू कुशवाहा पुत्र मानसिंह की 2बीघा बगिया में आग लगी थी। फायर कर्मियों में सुभाष चंद्र, चालक महरवान सिंह यादव, दुर्गाप्रसाद यादव, रोहित नंदन मौजूद रहे। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया की जांच की जा रही है।



आग से बर्बाद हुई फसल। अमृत विचार

# ट्रैक्टर से गिरकर महिला की मौत, कोहराम

## मठिन मोहल्ला में रविवार दोपहर हुआ हादसा, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

संवाददाता कुदरकोट

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के मठिन मोहल्ला में रविवार दोपहर हादसे में 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। घटना के बाद जहां मृतका के परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मठिन मोहल्ला निवासी सतीश चंद्र की पत्नी सीमा देवी रविवार को रोजमर्रा की तरह अपने खेत पर काम करने गई थीं। दोपहर करीब एक बजे वह खेत में गेहूं की बाली बीन रही थीं। काम समाप्त करने के बाद वह घर लौटने के लिए कच्चे रास्ते पर पहुंचीं। इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक ट्रैक्टर को देखकर उन्होंने घर पहुंचने की जल्दबाजी में उस पर सवार हो गईं। जानकारी के मुताबिक ट्रैक्टर जैसे ही कुछ दूरी आगे बढ़ा, रास्ता ऊबड़-खाबड़ होने के कारण अचानक तेज झटका लगा। झटके से सीमा देवी का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रैक्टर से नीचे गिर पड़ीं। गिरने के दौरान उनके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं, जिससे वह मौके पर ही अचेत हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने तत्काल उन्हें उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार महिला को गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही भरथना कोतवाली पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भरथना कस्बा इंचार्ज तन्मय चौधरी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हादसे का प्रतीत हो रहा है, फिर भी सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। इस हादसे के बाद मृतका के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार सीमा देवी एक मेहनती और मिलनसार महिला थीं, जो अपने परिवार का सहारा थीं। उनके असमय निधन से गांव में शोक का माहौल है और हर कोई इस दर्दनाक घटना से स्तब्ध है।



सीमा देवी।

# बेला में गहरे गड्ढे बने हादसे की वजह भूसा लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

संवाददाता बेला, औरैया

- तिर्वा रोड की हालत लंबे समय से बेहद खराब है
- दुर्घटना में किसी के घायल होने की भी सूचना नहीं है

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में तिर्वा रोड पर रविवार सुबह करीब पांच बजे एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। बिधूना से भूसा लेकर नादेमऊ जा रही ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर बने गहरे गड्ढों की वजह से अनियंत्रित होकर पलट गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, तिर्वा रोड की हालत लंबे समय से बेहद खराब है।

जगह-जगह बड़े और गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। रविवार सुबह भी जैसे ही ट्रैक्टर इन गड्ढों के पास पहुंचा ओवरलोड होने के कारण संतुलन बिगड़ गया और ट्रॉली बीच सड़क पर पलट गई। हादसे के दौरान सड़क पर अन्य वाहन भी गुजर रहे थे। लेकिन राहत की बात यह रही कि कोई राहगीर या वाहन इसकी चपेट में नहीं आया। दुर्घटना में किसी के घायल होने की भी सूचना नहीं है। ट्रॉली पलटने के बाद सड़क पर भूसा बिखर गया। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से स्थिति को संभाला गया और रास्ता साफ करने का काम शुरू किया गया। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही सड़क की हालत नहीं सुधारी गई। तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। यह घटना एक बार फिर ओवरलोडिंग और खराब सड़कों की समस्या को उजागर करती है ।फिलहाल चालक सुरक्षित है और सड़क से भूसा हटाने का कार्य जारी है। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया है की घटना की सूचना नहीं मिली है।



पलटी पड़ी ट्रैक्टर ट्राली। अमृत विचार

# बेला में कैंप लगाकर की गई फार्मर रजिस्ट्री

संवाददाता बेला, औरैया

**अमृत विचार।** रविवार को क्षेत्र में किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष कैंप का आयोजन कर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य कराया गया। कैंप में बड़ी संख्या में किसानों ने पहुंचकर अपना पंजीकरण कराया और आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कराया।

इस दौरान भूमि संरक्षण अधिकारी विमलेश कुमार, तकनीकी सहायक राजेश सिंह, ग्राम पंचायत सचिव राघवेंद्र सिंह चौहान, प्रधान राकेश सिंह चौहान, लेखपाल रोहित यादव एवं पंचायत सहायक अनुपम, रोजगार सेवक आकांशा सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। वहीं आंगनवाड़ी वीना दुबे, संगीता, सरिता, नूर बेगम सहित सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित रहीं। कैम्प के दौरान किसानों को फार्मर रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया समझाते हुए मौके पर ही पंजीकरण कार्य पूरा कराया। लेखपाल रोहित यादव ने किसानों से अपील करते हुए बताया कि सभी किसान जल्द से जल्द अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करवा लें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिन किसानों की रजिस्ट्री नहीं होगी, उन्हें किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलने में परेशानी हो सकती है या भुगतान रुक सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि रजिस्ट्री के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक और भूमि संबंधित दस्तावेज जरूरी हैं, इसलिए किसान कैंप में आते समय सभी जरूरी कागजात साथ लेकर आएं। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कैंप के माध्यम से उन्हें गांव के पास ही आसानी से सुविधा मिल रही है, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत हो रही है। प्रशासन द्वारा इस तरह के कैंप आगे भी आयोजित किए जाएंगे।

### अछल्दा में बन रही सीमेंटेड पिच

**अछल्दा, औरैया।** क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने की दिशा में युवाओं और सीनियर खिलाड़ियों के सहयोग से सैय्यद बाबा ग्राउंड पर सीमेंटेड क्रिकेट पिच का निर्माण कराया जा रहा है। यह पिच आगामी 1 मई से शुरू होने वाली अंडर-19 जूनियर अछल्दा प्रीमियर लीग (एपीएल) के लिए तैयार की जा रही है।आयोजकों ने बताया कि आदर्श इंटर कॉलेज के पास स्थित सैय्यद बाबा ग्राउंड को भी पूरी तरह तैयार कर सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस नई पिच पर आयोजित होने वाली अंडर-19 जूनियर क्रिकेट लीग में केवल 19 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। समिति ने अधिक से अधिक खिलाड़ियों से प्रतिभाग करने की अपील की है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

# पति निकला पत्नी का हत्यारा पुलिस ने भेजा जेल

अमृत विचार Follow UP

- पत्नी का शव मिलने के एक दिन बाद हत्या का खुलासा-देवर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम पुर्वा कुशल में शनिवार को गांव के पास नाले में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला का शव मिलने की घटना में रविवार को नया मोड़ आ गया। मृतका शकुंतला के पति राजू भदौरिया ने पत्नी की हत्या करने का जुर्म कबूल कर लिया है, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में मृतका के देवर रामू सिंह ने अपने बड़े भाई राजू भदौरिया के विरुद्ध हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया है।

शनिवार को नाले में घुटनों तक भरे पानी में महिला का शव मिलने और घटनास्थल के पास खेत में साड़ी व चप्पलें पड़ी मिलने से ही मामला संदेह के घेरे में आ गया था। ग्रामीणों द्वारा पति पत्नी के विवाद और पति पर मारपीट के आरोप लगाए जाने के बाद पुलिस ने गहनता से जांच शुरू की थी। पुलिस शनिवार को ही राजू भदौरिया को पूछताछ के लिए थाने ले आई थी। जहां पूछताछ में उसने पत्नी की हत्या करना स्वीकार कर लिया।

रविवार को घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग भी गांव पहुंच गए। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया। जहां शव आते ही परिवार मे कोहराम मच गया जिसके बाद गमगीन माहौल में महिला का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतका अपने पीछे 13 वर्षीय पुत्र समर सिंह तथा विवाहित पुत्री सपना को छोड़ गई है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस नाले में शव मिला वहां पानी बहुत कम था, जिससे शुरुआत से ही लोगों को घटना संदिग्ध लग रही थी। अब पति के इकबालिया जुर्म के बाद हत्या की आशंका सच साबित होने से गांव में सनसनी है। बताया जाता है कि पति आए दिन पत्नी के साथ मारपीट करता था। यही कारण रहा कि शव मिलने के समय से ही ग्रामीण तरह तरह की आशंकाएं जता रहे थे।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उसने पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया है। मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### वॉलीबॉल अस्मिता लीग 28 अप्रैल को

**बिधूना, औरैया।** जिला ओलंपिक संघ औरैया के महासचिव मनीष मिश्रा ने बताया कि युवा ओर खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय खेल प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई अस्मिता खेलो इंडिया ।

जिला ओलंपिक संघ औरैया द्वारा रैपिड ग्लोबल स्कूल बिधूना औरैया में महिला अस्मिता बॉलीबॉल लीग का आयोजन 28 अप्रैल को होने जा रहा है। जिसमें महिला/बालिका खिलाडी वालीबॉल हेतु न्यूनतम 06 सदस्यीय टीम प्रतिभाग कर सकती है। विजेता व उपविजेता टीम खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।



मेधावियों को सम्मानित करते शिक्षक। अमृत विचार

### फफूंद में माला पहनाकर मेधावियों को किया गया सम्मानित

**फफूंद, औरैया।** श्री राम शंकर गौरी शंकर इंटर कालेज फफूंद में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कक्षा 10 सौरभ 554 अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। कक्षा 12 में शिवम शुक्ला ने 421 अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया तथा अन्य मेधावियों को विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक राम जी दुबे , प्रधानाचार्य अशोक कुमार मिश्रा तथा संरक्षिका जीत कुमारी दुबे संचालक सरोज मिश्रा ने संयुक्त रूप से शीर्ष छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, शील्ड व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। वक्ताओं ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने अन्य छात्रों को भी इनसे प्रेरणा लेने और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण सहित अभिभावक व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बस स्टैंड पर अव्यवस्थाएं देख चढ़ा आरएम का पारा

संवाददाता दिबियापुर, औरैया

- क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील कुमार नागर ने दिबियापुर में बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया

**अमृत विचार।** रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक व सेवा प्रबंधक सुनील कुमार नागर ने शनिवार को दिबियापुर में अत्याधुनिक बस स्टैंड का निरीक्षण कर खामियां देखीं। समूचे बस स्टैंड परिसर में भीषण गंदगी और व्याप्त अवस्थाओं को लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर की और सुधार के निर्देश दिए। बसों के संचालन विशेष कर दिल्ली के लिए एसी बस सेवा को लेकर मांग पर उन्होंने जल्द शुरू कराने का भरोसा दिया।

रोडवेज के इटावा रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील कुमार नागर ने नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा के साथ दिबियापुर में करीब 6:30 करोड़ की लागत से बने बस स्टैंड का निरीक्षण किया। बीते माह नगर पंचायत अध्यक्ष ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह व रोडवेज के महाप्रबंधक अनिल कुमार से भेंट कर दिबियापुर बस स्टैंड पर व्याप्त अव्यवस्थाओं एवं अपेक्षित बसों का संचालन शुरू न होने की ओर ध्यानाकर्षण किया था। महाप्रबंधक के निर्देश के बाद रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक शनिवार को निरीक्षण के लिए दिबियापुर बस स्टैंड पहुंचे। उन्होंने पूरे परिसर और इमारत के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण किया। बस स्टैंड पर उन्हें भीषण गंदगी से रूबरू होना पड़ा विभिन्न रूटों पर घोषित व अपेक्षित बसों का संचालन अब तक शुरू न होने पर भी क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि वे इस संबंध में जरूरी कदम उठाएंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने औरैया कन्नौज मार्ग पर चलने वाली रोडवेज बसों का फफूंद चौराहे पर 5 मिनट का स्टॉपेज सुनिश्चित किए जाने तथा सार्वजनिक जगह पर आने-जाने की समय सारणी प्रदर्शित किए जाने की मांग भी की।



दिबियापुर में बस स्टैंड का निरीक्षण करते क्षेत्रीय प्रबंधक एसके नागर व नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा। अमृत विचार

### औचक निरीक्षण में दिखी सख्ती

**अछल्दा, औरैया।** एसपी अभिषेक भारती ने रविवार को थाना अछल्दा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए हॉस्टल, बैरक और मेस की साफ-सफाई की स्थिति को परखा।

पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि थाना परिसर में स्वच्छता और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे कार्य का माहौल बेहतर बना रहे। उन्होंने अभिलेखों की स्थिति, ड्यूटी व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की।इस दौरान थाना प्रभारी सुरेश चन्द एवं कस्बा प्रभारी हेमलता यादव भी मौजूद रहीं।

**आक्रोश** बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेते हुए विपक्षी दलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया

# भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली पदयात्रा

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के नेतृत्व में नगर में जन आक्रोश पदयात्रा निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेते हुए विपक्षी दलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

रविवार की शाम को नगर के गेल वाटिका गेस्ट हाउस में भारी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की महिलाएं व कार्यकर्ता एकत्रित हुए। गेस्ट हाउस से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के नेतृत्व में जन आक्रोश पदयात्रा निकाली गई। पद यात्रा का शुभारंभ पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिह राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेते हुए विपक्षी दलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन। यात्रा गेल वाटिका से शुरू होकर डाक खाने, मेन मार्केट, चमनगंज तिराह होते हुये ख्याली दास तिराह पर पहुंच कर समाप्त हुई। इस मौके पर भाजपा की जिला महामंत्री मनु राजपूत, मण्डल उपाध्यक्ष कंचन अग्निहोत्री, अंजली कश्यप, सरिता वर्मा, पूनम गुप्ता, सुनीता गुप्ता, प्रेम कुमार गुप्ता, जिला प्रतिनिधि राजेन्द्र कुमार, मण्डल अध्यक्ष कुलदीप दुबे, मानवेन्द्र पोरवाल, विष्णु दत्त शुक्ला, आदित्य दुबे, प्रमोद नारायण तिवारी, अन्ना तिवारी, सुरेश चंद्र अवस्थी सहित महिलाएं व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।





पदयात्रा निकालती महिलाएं। अमृत विचार

# कीटनाशक की दुकानों पर छापे से हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** शासन के निर्देश पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने गुणवत्तायुक्त कीटनाशक रसायन की उपलब्धता कराने व निर्धारित दरों पर बिक्री करने को लेकर कीटनाशक रसायन विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पांच नमूने संकलित किए गए।

तहसील मौदहा में उप कृषि निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार ने पांच प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर दो कीटनाशक रसायनों के नमूने लिए। मेसर्स पंजाब बीज भंडार, कीटनाशी विक्रय बंद पाए मिलने पर स्टॉक, बिक्री, लेखा रजिस्टर, लाइसेंस एवं कैश मेमो प्रस्तुत न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तहसील राठ एवं सरीला में तहसीलदारों के साथ जिला कृषि अधिकारी डॉ. हरिशंकर ने 11 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर दो नमूने संकलित किए। साथ ही सात विक्रेताओं को अनियमितताओं के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किए। तहसील सदर में जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ. इंद्रेश कुमार गौतम ने दो प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।


कीटनाशक बिक्री केंद्र पर जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

निरीक्षण के दौरान दो नमूने लिए गए तथा अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक न पाए जाने पर दोनों विक्रेताओं को चेतावनी नोटिस जारी किया गया। छापेमारी के दौरान सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे रसायन बिक्री पर कैश मेमो अनिवार्य रूप से दें, स्टॉक रजिस्टर एवं बिक्री रजिस्टर अद्यतन रखें तथा रेट बोर्ड प्रदर्शित करें। नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# चेकिंग कर 270 वाहनों के किए चालान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** पुलिस एवं यातायात पुलिस ने नियमों के प्रभावी अनुपालन, सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के उद्देश्य से मोडिफाइड साइलेंसर, हूटर, काली फिल्म एवं प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध अभियान चलाया।

चालान विभिन्न प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, संवेदनशील मार्गों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान वाहनों के दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ वाहनों में लगाए गए अनधिकृत उपकरणों का भी निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान 270 वाहनों का चालान किया गया,


वाहन की चेकिंग करते यातायात पुलिस के जवान। अमृत विचार

**15** वाहन अधिक ध्वनि प्रदूषण करते मिले

जिनमें यातायात नियमों के विभिन्न उल्लंघन पाए गए। इनमें से ध्वनि प्रदूषण से संबंधित उल्लंघन के अंतर्गत 15 वाहनों का चालान किया गया। साथ ही कई वाहनों से मौके पर ही अवैध/मोडिफाइड साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न हटवाए गए तथा वाहन चालकों को भविष्य में इस प्रकार के उपकरणों का प्रयोग न करें। चेकिंग के दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया तथा उन्हें बताया गया कि मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न एवं हूटर का प्रयोग न केवल नियमों का उल्लंघन है।

# बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

## मुस्करा के खेरा मोड़ के पास हुआ हादसा

**सड़क हादसे**

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)




- हादसे के बाद एक ने मौके पर और दूसरे ने कानपुर जाते समय तोड़ दिया दम

**अमृत विचार।** मुस्करा थाना अंतर्गत खेरा मोड़ के पास रविवार को तेज रफ्तार दो बाइकों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरे ने कानपुर जाते रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

मुस्करा थाने के हुसैना गांव निवासी जितेंद्र (18) पुत्र राम सिंह अपनी बाइक से हुसैना से इमिलिया की ओर जा रहा था। खेरा मोड़ पर सामने से आ रही एक अन्य तेज रफ्तार बाइक से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में जितेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक पर सवार संजय पुत्र शेरा जो हुसैना गांव का निवासी था गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से कानपुर रेफर किया गया। कानपुर में इलाज के दौरान संजय ने भी दम तोड़ दिया। मृतक जितेंद्र मेहनत मजदूरी करता था और अपने पिता की कृषि भूमि में भी सहयोग कर परिवार के भरण-पोषण में मदद करता था। उसके परिवार में मां झंडी बाई और तीन बहनें अर्चना, पूनम और प्रभा हैं। मुस्करा थाना प्रभारी ने बताया कि शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# कानपुर-सागर हाईवे पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कानपुर सागर हाईवे में हुई बाइक दुर्घटनाओं में एक अधेड़ व दो सगे भाइयों समेत चार घायलों को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक घायल को मृत घोषित कर दूसरे को जिला अस्पताल रेफर किया है।

जनपद बांदा के थाना मटोंध के ग्राम जखौरा निवासी शारदा सिंह (50) पुत्र भगवानदीन गांव के ही जितेंद्र उर्फ जीतू सिंह (27) पुत्र रमेश कुमार के साथ जनपद से एक विवाह समारोह में शामिल होकर शनिवार देर रात बाइक से गांव लौट रहे थे। जीतू बाइक चला रहा था तभी हाईवे पर ग्राम नरायच के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिन्हें एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने शारदा सिंह को मृत घोषित कर दिया। जीतू की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कियाहै। इधर ग्राम मकराव निवासी लवलेश (3) व लालू (25) पुत्र लल्लू शनिवार रात मौदहा से एक कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक से गांव लौट रहे थे। तभी राजमार्ग पर मौदहा व मकराव के बीच संतुलन बिगड़ने से दोनों गिरकर घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बाइक से गोद में लिए मासूम संग महिला गिरी, दोनों गंभीर रूप से हुए घायल

**बिवांर (हमीरपुर)।** जनपद जालौन के गुरू के इटौरा गांव से बाइक पर एक साल के बच्चे को लेकर शादी समारोह में शामिल होने आई महिला ब्रेकर पर उछलकर सड़क पर गिर गई। जिससे गोद में लिए मासूम सहित गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। गुरू के इटौरा निवासी मंजू पत्नी अंकित यादव एक साल के पुत्र को गोद में लिए बाइक में सवार होकर पति के साथ शादी समारोह में शामिल होने बिवांर आ रही थी। तभी बांधुर बुजुर्ग गांव के आगे सड़क में बाइक से करीब तीन फुट उछलकर पुत्र सहित गिर गई। हादसे में महिला को गंभीर चोट आई है। वहीं उसका मासूम पुत्र सिर फटने से घायल हुआ है। सड़क पर तड़पता देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। महिला के साथ उसके पुत्र को चिकित्सालय न ले जाकर भीड़ तमाशबीन बनी थी। जबकि महिला का पति मदद मांगता रहा है। इस बीच थाना सुमेरपुर के बिरखेरा गांव से आ रहे प्रधान ने अपनी कार रोक घायलों को लाकर निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। डॉक्टर ने दोनों का उपचार शुरू कर दिया है।


प्राइवेट बस से दिल्ली से लाए गए सामान को उतारते लोग। अमृत विचार

# टैक्स की चोरी कर प्राइवेट बसों में लाया जा रहा इलेक्ट्रॉनिक्स सामान

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** दिल्ली से आने वाली डबल डेकर प्राइवेट बसों में घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सामानों की टैक्स चोरी कर कस्बे में लाकर खपाया जा रहा है। वाणिज्य कर विभाग की आंखों के नीचे यह खेल प्रतिदिन चल रहा है।

दिल्ली से बांदा, दिल्ली से महोबा, दिल्ली से मौदहा तक प्रतिदिन करीब दो दर्जन प्राइवेट सेक्टर की बसों का आना जाना है। इन बसों से प्रतिदिन घरेलू इलेक्ट्रॉनिक सामान टैक्स चोरी करके कब्जे में लाकर व्यापार किया जा रहा है। यह सभी बसें मुख्यालय से गुजर कर यहां तक आती है। राठ तिराहे पर वाणिज्य कर विभाग की सचल टीम की तैनाती भी रहती है। इसके बाद यह बसें छतों में सामान लादें उनकी आंखों के सामने से गुजर जाती है। लेकिन इनको सामान नजर नहीं आता। कस्बे में ज्यादातर बसें सामान बांदा मार्ग में रानी लक्ष्मीबाई तिराहा के समीप उतारती हैं। यहीं से संबंधित दुकानदार सामान ले जाते हैं। रविवार को ऐसा ही नजारा कैमरे में कैद किया गया। मीडिया का कैमरा चलते ही बस के चालक, परिचालक व हेल्पर आदि के हाथ पैर फूल गए। सचल दल वाणिज्य कर अधिकारी प्रियदर्शी कटियार से बातचीत का प्रयास किया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

# संत निरंकारी भवन में 30 लोगों ने उत्साह के साथ किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें ब्लड बैंक के अनुभवी चिकित्सक एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच की। शिविर में जिले के 29 निरंकारी भक्तों ने रक्तदान किया। वहीं 30 भक्तों को आवश्यकता पड़ने पर प्रार्थना पर रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया।

संत निरंकारी मंडल के जिला संयोजक महात्मा क्रांति कुमार निरंकारी ने बताया कि बाबा गुरबचन सिंह की स्मृति में मानव एकता दिवस मनाया जा रहा है। रक्तदान की यह परंपरा पिछले चार दशकों से जारी है। युग प्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह ने सत्य, सरलता और सद्भावना का मार्ग दिखाते हुए युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने और ऊर्जा को समाजसेवा में लगाने की प्रेरणा दी।


रक्तदान करते निरंकारी। अमृत विचार

जिसे सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज निरंतर आगे बढ़ा रही हैं। आयोजन के दौरान स्वच्छता, सतर्कता एवं सेवा-भाव का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह पहल केवल जीवन दायिनी सेवा तक सीमित न रहकर मानवता, करुणा एवं उत्तरदायित्व के उच्चतम आदर्श का प्रतीक बनकर उभरी। शिविर में जिले के सैकड़ों निरंकारी भाई–बहनों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।

## गर्मीः दोपहर होते ही सड़कों पर पसरने लगा सन्नाटा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** तापमान 44 डिग्री पार होने पर दोपहर होते ही हाईवे सहित प्रमुख मार्ग सन्नाटे में डूब जाते हैं। पशु पक्षी गर्मी से बेहाल होकर दोपहर होते ही छांव तलाशने लगते हैं। तापमान के 44 डिग्री पार कर जाने से गर्मी एवं लू से लोगों का बुरा हाल हो गया है। दोपहर होते ही हाईवे सहित सभी प्रमुख मार्गों में सन्नाटा पसर जाता है। इक्का दुक्का वाहन ही गुजरते नजर आते हैं। गर्मी से पशु पक्षी बेहाल होने लगे हैं। दोपहर होते ही सभी छांव तलाशने लगते हैं। दोपहर में भारी वाहन चालक पेड़ों की छांव में खड़े होकर वाहनों को ठंडा होने का इंतजार करते हुए जगह-जगह दिख जाते हैं। बाजारों में सहालग का दौर होने के उपरांत दोपहर में सन्नाटा छाने लगता है बच्चे, बुढे. गर्मी के चलते उल्टी दस्त का शिकार होकर अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं।

# जन आक्रोश पदयात्रा निकाल राहुल और अखिलेश यादव के पुतले फूंके

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नगर पंचायत परिसर में चेयरमैन ने नारी सम्मान को लेकर आधा सैकड़ा महिलाओं के साथ पद यात्रा निकाली। इसके बाद उन्होंने ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल व तमाम कार्यकर्ताओं के साथ राहुल गांधी और अखिलेश यादव का पुतला फूंक विरोध जताया। नगर पंचायत परिसर में रविवार को जन आक्रोश महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने आधा सैकड़ा महिलाओं के साथ जन आक्रोश पदयात्रा निकाली। अखिलेश व राहुल गांधी का पुतला दहन किया। नगर पंचायत अध्यक्ष आशा रानी कबीर ने कहा नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान। सपा-कांग्रेस की पहचान नारी शक्ति का अपमान है। आज देश देख रहा है कि किस तरह कांग्रेस और समाजवादी पार्टी महिलाओं के अधिकारों पर प्रहार कर रही हैं।

संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन अधिनियम का विरोध कर इन दलों ने अपनी महिला-विरोधी मानसिकता को जगजाहिर कर दिया है। देश की आधी आबादी यह अपमान अब बर्दाश्त नहीं करेगी। नगर पंचायत कुरारा की सड़कों पर नारी शक्ति का सैलाब उमड़ा। विपक्ष के नकारात्मक रवैये के खिलाफ जन आक्रोश महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन हुआ।

### मौदहा में भाजपा ने जन आक्रोश पदयात्रा निकाली, विपक्ष के पुतले का किया दहन

**मौदहा।** भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद के नेतृत्व में रविवार को जन आक्रोश महिला पदयात्रा का आयोजन हुआ। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने विपक्ष का पुतला दहन किया। महिला मोर्चा ने महंगाई, महिला सुरक्षा व कानून व्यवस्था के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि डबल इंजन सरकार में महिलाओं को उज्ज्वला, आवास, शौचालय, मातृ वंदना जैसी योजनाओं का सीधा लाभ मिला है। विपक्ष केवल भ्रम फैलाने का काम कर रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता रामदेव सिंह, प्रमोद कुमार वर्मा, बाल्मीक गोस्वामी, आकाश त्रिपाठी, अरविन्द शर्मा, ज्योत्सना सिंह, हिना परवीन, साधना सिंह व मंडल टीम तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहे।


गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लगी लाइन। अमृत विचार

# मौदहा गैस एजेंसी में 571 सिलेंडर की हेराफेरी, एफआईआर दर्ज

**हमीरपुर।** जिले में गैस आपूर्ति में गड़बड़ी की शिकायतों पर प्रशासन सख्त है। डीएम अभिषेक गोयल के निर्देश पर आपूर्ति विभाग ने मौदहा स्थित मधुपिया एचपी गैस सर्विस पर छापा मारकर बड़ी अनियमितता उजागर की। जांच में विभिन्न श्रेणियों के कुल 571 सिलेंडरों के स्टॉक में भारी अंतर मिला, मामले को गंभीर मानते हुए 25 अप्रैल को एजेंसी संचालक व संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 और भारतीय न्याय संहिता के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। प्रशासन ने साफ किया है कि जमाखोरी या कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। वहीं उपभोक्ता गैस के लिए लाइनों में लगे नजर आ रहे हैं।

**दीक्षांत परेड समारोह** | पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों को दिलाई शपथ

# 429 रिक्रूट्स ने कदमताल, सलामी का किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** रिजर्व पुलिस लाइन्स में दीक्षांत परेड समारोह-2026 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक गोयल रहे। पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक के दिशा निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 429 रिक्रूट आरक्षियों ने उत्कृष्ट अनुशासन, समन्वय एवं एकरूपता का परिचय देते हुए परेड की समस्त गतिविधियों का प्रदर्शन किया। इस दौरान कदमताल, सलामी, ड्रिल एवं मार्च पास्ट का क्रमबद्ध सटीक प्रदर्शन रहा।

जिलाधिकारी ने परेड का निरीक्षण कर रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, समयबद्धता एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने को प्रेरित किया। साथ ही परेड के उत्कृष्ट आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में परेड ग्राउंड की साज-सज्जा, ध्वनि व्यवस्था, अतिथि स्वागत, सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की गईं। समारोह में रिक्रूट आरक्षियों के परिजनों को भी आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए तालियों से उनका मनोबल बढ़ाया।



पुलिस परेड ग्राउंड में दीक्षांत समारोह में मार्च पास्ट करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

तत्पश्चात पुरस्कार एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आठों टोलियों के टोली कमांडरों सहित सर्वांगीण उत्कृष्ट एवं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को सम्मानित किया गया। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी आरटीसी तथा पुलिस एवं प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### दरवाजे पर शराब पीने से मना करने पर किया विवाद

**बिवांर।** बांधुर बुजुर्ग गांव निवासी राजरानी पत्नी राजाराम प्रजापति ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि रात करीब आठ बजे पड़ोसी सर्वेश पुत्र जयराम प्रजापति उसके दरवाजे में बैठकर शराब पीने लगा। मना करने पर हंगामा करने लगा। फोन करने पर आई पुलिस को देख जान से मार देने की धमकी दे भाग गया। पुत्र के साथ आई महिला ने थाने में तहरीर दी है। एसआई अंकित बैसला ने बताया कि युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### ग्राम समाज की जमीन पर कूड़ा फेंकने पर हुआ विवाद

**बिवांर।** सायर गांव निवासी विनीता पत्नी पुत्तन प्रजापति ने थाना में तहरीर देते हुए बताया कि दरवाजा के सामने ग्राम समाज की जमीन में भारी भरकम गड्ढा है। जिसमें कूड़ा करकट डाल रही है। इधर पड़ोसी गिलिया पुत्र समलिया इस जमीन पर अपना अधिकार जमाने के चक्कर में कटीले पेड़ को लगा दिए हैं। गड्ढे में कूड़ा फेंकने पर रोक लगाने लगी है। उसकी ननद रोशनी को कूड़ा फेंकने से मना कर मारपीट को आमादा हो गई। 112 नंबर पर फोन करने पर पुलिस ने उसे समझाकर डांट दिया।

### छत पर सो रहे युवक के गिरने से हालत गंभीर

**मौदहा।** छत पर सो रहा युवक नीचे गिर जाने पर गंभीर रूप से घायल हो गया। सरकारी अस्पताल से चिकित्सक ने हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया है। ग्राम छिमौली निवासी वीरेंद्र (37) पुत्र राजेंद्र शनिवार रात अपने घर की छत पर सो रहा था। रात में वह लघु शंका के लिए उठा तो संतुलन बिगड़ने से वह छत से नीचे जा गिरा।

### युवक ने सीओ और ससुरालीजनों पर लगाए आरोप

**सुमेरपुर।** सुरौली बुजुर्ग ग्राम निवासी युवक ने सोशल मीडिया में एक वीडियो अपलोड कर ससुरालियों सहित पुलिस के आला अफसरों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि अगर उसकी मौत होती है तो इसके लिए ससुरालीजनों और सीओ सदर को जिम्मेदार माना जाए। वायरल वीडियो की अमृत विचार अखबार पुष्टि नहीं करता है। सुरौली बुजुर्ग निवासी शीबू खान ने सोशल मीडिया में रविवार को अपलोड किए एक वीडियो में अपनी पत्नी, ससुर, साले के साथ अन्य रिश्तेदारों एवं सीओ सदर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके साथ 2024 में ससुरालीजनों ने कुंडौरा बस स्टैंड में मारपीट की और बाइक छीन ली। जिसका मुकदमा थाने में दर्ज कराया था। लेकिन दो वर्ष गुजर जाने के बाद पुलिस ने चार्ज शीट अदालत में नहीं दाखिल की है। इसके लिए उसने सीओ सदर को जिम्मेदार ठहराया है। सीओ सदर राजेश कमल ने कहा कि वायरल वीडियो को देखा है। वह इस व्यक्ति को नहीं जानते हैं। युवक के आरोप निराधार हैं।

### पहले दामाद ने फिर बेटी ने मां को पीटा

**बिवांर (हमीरपुर)।** निवादा गांव में माया देवी पुत्री भवानीदीन सिंह ने तहरीर दी है। बताया कि उसके पिता भाई नहीं हैं। वह दो बहनें हैं। दोनों की गांव में एक घर में शादी हुई है। वह दोनों मां के पास रहती हैं। जीजा वीर बहादुर पुत्र लीलाधर सुबह करीब 11 बजे शराब के नशे में उसकी मां कांति देवी के घर आया और सास को घर छोड़कर बाहर जाने की बात कहने लगा। उसकी मां ने बाहर जाने से इनकार कर दिया। जिस पर अभद्रता करने लगा। मना करने पर सब्बल से वार कर दामाद ने घायल कर दिया। खून से लथपथ कांति देवी बाहर भागी। पीछा कर रही बड़ी पुत्री छाया देवी ने मां की पिटाई करनी शुरू कर दी। इससे मां गिरकर अचेत हो गई। छोटी पुत्री माया देवी ने पानी का छींटा मारा तो वह होश में आई। मां के साथ आई छोटी पुत्री ने जीजा के साथ बड़ी बहन के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली है।

### संदिग्ध हालत में गंभीर घायल को अस्पताल लाया गया

**राठ।** नगर के सरकारी अस्पताल में शनिवार रात एक युवक को लहूलुहान हालत संदिग्ध हालात में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जनपद जालौन के ग्राम बबीना निवासी हर्षित सोनी (25) पुत्र देवी दयाल को शनिवार की रात कुछ युवकों द्वारा लहू लुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया।

न्यूज ब्रीफ

### तेज धूप और लू के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त

**महोबा।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के चलते जन जीवन अस्त व्यवस्थ होकर रह गया है। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलने से लोगों का बुरा हाल है। दिन प्रतिदिन बढ़ रहे तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने गर्मी से बचाव के लिए एडवाइजरी भी जारी कर दी है साथ ही तेज धूप और लू के बीच अनावश्यक न निकलने की भी सलाह दी गई है। पशुओं की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें भी छाया में बांधने के निर्देश दिए गए है। पिछले एक सप्ताह से पड़ रही तेज धूप और गर्म हवाओं से लोगों का बुरा हाल हो गया है। सुबह आठ बजे से ही गर्म हवाएं चलने लगती है। दोपहर बारह बजे से शाम चार बजे तक सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा है। बाजार में भी सहालग के मौके पर भीड़ नहीं जुट रही है।

### राशन की दुकानों में जुट रही भीड़

**महोबा।** शासन के निर्देश पर अप्रैल माह में दो बार खाद्यान्न कर वितरण किया जा रहा है। अप्रैल माह का खाद्यान्न राशन की दुकानों में आठ अप्रैल से 19 अप्रैल तक वितरित कर दिया गया। इसी माह में मई का भी खाद्यान्न वितरण 24 अप्रैल से शुरू कर दिया गया, जो 8 मई तक वितरित किया जाएगा। जिसके चलते राशन की दुकानों पर भारी भीड़ जुट रही है।

### शिविर में 103 मरीजों का हुआ चेकअप

**महोबा।** प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एके चौरया के निर्देशन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के अधीक्षक डॉ. पीके सिंह की देखरेख में क्षेत्र में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया ।अजनर में आयोजित मेले के दौरान डॉ. रामकुमार, लैब टेक्नीशियन शैलेन्द्रऔर स्टाफ नर्स भगवती एएनएम नीतू की टीम ने 51 मरीजों की जांच की, जांच के बाद सभी मरीजों को आवश्यक चिकित्सीय परामर्श और दवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस दौरान वहीं खमा गांव में आयोजित आरोग्य मेले में डॉ. प्रेम नारायण शर्मा और डॉ. जेपी पास्तोर डॉ. शैलेन्द्र सिंह के साथ स्टाफ नर्स किरन भानकुंवर, उमा और माया की टीम ने 52 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के बाद मरीजों को आवश्यक दवाएं वितरित की गईं। मेले में सर्दी जुकाम, बुखार और उल्टी दस्त से पीड़ित मरीजों की संख्या अधिक रही। चिकित्सकों ने बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी।

# दीक्षांत परेड में 246 नए रिक्रूट को कर्तव्य निष्ठा की दिलाई गई शपथ

## डीएम-एसपी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन में 246 नए रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षांत परेड समारोह रविवार की सुबह समाप्त हुआ। पूरे परेड ग्राउंड में अनुशासन, ऊर्जा एवं उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां रिक्रूट आरक्षियों ने अपने कठिन प्रशिक्षण, समर्पण और उत्कृष्ठ कौशल का प्रदर्शन किया। समारोह के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी गजल भारद्वाज रहीं। डीएम ने परेड ग्राउंड में सुसज्जित टोलियों का निरीक्षण किया और प्रशिक्षार्थियों की एकरूपता, शारीरिक दक्षता एवं ड्रिल की उत्कृष्टता की सराहना करते हुए रिक्रूट आरक्षियों का आत्मविश्वास बढ़ाया।



परेड के दौरान मौजूद रिक्रूट आरक्षी। अमृत विचार

इसके उपरान्त समस्त टोलियों की शानदार एवं समन्वित मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया, जिसमें कदम से कदम मिलाकर चलते हुए सभी टोलियों ने सलामी मंच से गुजरते हुए जिलाधिकारी को सलीमी दी। वहीं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने नए आरक्षियों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में जवानों को संवेदनशील पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ये जवान जिले की सुरक्षा व्यवस्था में नई ऊर्जा भरेंगे। इन आरक्षियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ साथ बदलती तकनीक के अनुरूप एआई (एआई) और साइबर अपराध से निपटने की विशेष ट्रेनिंग भी दी गई है। मार्चपास्ट की सटीकता, तालमेल एवं अनुशासन ने उपस्थित जनसमूह को अत्यंत प्रभावित किया और पूरे परिसर में गर्व एवं उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री का संदेश भी सुनाया गया, जिसमें पुलिस को जनता के प्रति नरम और अपराधियों के प्रति सख्त रहने की हिदायत दी गई है। इन आरक्षियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ बदलती तकनीक के अनुरूप एआई और साइबर अपराध से निपटने की विशेष ट्रेनिंग भी दी गई है। दीक्षांत परेड समारोह के दौरान मुख्यमंत्री का संदेश भी सुनाया गया, जिसमें पुलिस को जनता के प्रति नरम और अपराधियों के प्रति सख्त रहने की हिदायत दी गई है। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को सम्मानित किया गया। सभी 246 जवान जिले के विभिन्न थानों में तैनात होकर कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करेंगे।

## पैसे चोरी किए जाने पर शराबी पुत्र को पिता व भाई ने पीटा

**महोबा।** शहर के मोहल्ला भटीपुरा में एक पुत्र ने अपने पिता की जेब से शराब पीने के लिए पैसे चुरा लिया, जिस पर पिता और उसके छोटे भाई ने शराबी पुत्र की मारपीट कर दी। बीच सड़क पर हुई मारपीट का वीडियो मोहल्ले के युवक ने बना दिया और उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

वायरल हुए वीडियो में पिता हाथ में डंडा लिए अपने बेटे ऊधम को पीट रहा है। वहीं, उसका छोटा भाई छोटू उसे मजबूती से पकड़े हुए है जिससे वह भाग न सके। युवक लगातार हाथ जोड़कर बचाने की गुहार लगाता रहा और अपने छोटे भाई के पैर भी पकड़े, लेकिन पिता का गुस्सा शांत नहीं हुआ। पूरा विवाद घर से 2000 रुपये की चोरी को लेकर शुरू हुआ। भटीपुरा निवासी फूलचंद्र पाल के बड़े बेटे ऊधम ने घर में रखे ये रुपये चुपचाप निकाल लिए थे और उन्हें शराब पीने में खर्च कर दिया था। जब पिता को इस बात का पता चला, तो उन्होंने बेटे को सबक सिखाने का फैसला किया। शहर कोतवाल मनीष पांडे ने बताया कि थाने में अभी तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई।

# आर्थिक तंगी के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- **कबाड़ के काम में घाटा होने और खेती से घरेलू खर्चे पूरे न होने पर उठाया कदम**

**अमृत विचार।** आर्थिक तंगी और मानसिक तनाव के चलते एक किसान ने अपने मकान के एक कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किसान को फांसी पर लटका देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। यह घटना विकासखंड चरखारी क्षेत्र के थाना खरेला की है।

थाना खरेला के जालिब मोहल्ला निवासी तोड़न श्रीवास कबाड़ खरीदकर उसे बेचने का भी काम करते हुए अपने परिवार का भरण पोषण करता था, लेकिन इस काम में काफी घाटा होने पर उसने अपनी करीब ढाई बीघा जमीन में फसल का उत्पादन कर घर चलाने का प्रयास किया, लेकिन आमदनी कम और खर्चा ज्यादा होने के चलते वह पिछले कुछ माह से वह परेशान चल रहा था। बताया कि जब परिवार के अन्य सदस्य अपने कामों में व्यस्त थे, तभी तोड़न ने कमरे के अंदर छत के लैंटर में लगे पंखे में रस्सी का फंदा बनाकर अपने गले में डालकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब किसान की काफी देर आतट न मिलने पर उसकी पत्नी कपूरी कमरे गई तो दरवाजा बंद देख काफी देर तक खटखट कर आवाज लगाई। दरवाजा न खुलने पर उसने चीख पुकार करते हुए अन्य लोगों को बुलाया। परिजनों ने किसी तरह कमरे के दरवाजे को तोड़ा और प्रदेश कर देखा तरे किसान का शव फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी। मृतक के भतीजे पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि चाचा परेशान जरुर थे, लेकिन परिवार को इस बात का अंदाजा नहीं था कि वह ऐसा कठोर कदम उठा लेंगे। थानाध्यक्ष नन्हेलाल यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के असल कारणों की बारीकी से जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# खेलते समय पानी की टंकी में डूबी बच्ची, मौत

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

- **एकलौती बेटी की मौत से घर में मचा कोहराम**

**अमृत विचार।** कस्बे में महोबा रोड पर ढाबे के आगे एक मकान बनाकर रह रहे श्रमिक की डेढ साल की बेटी अचानक खेलते खेलते पानी की टंकी में गिर गई। परिजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी। काफी देर बाद तलाश करने के बाद उसका कोई सुराग नहीं लगा। कुछ समय बाद बच्ची के टंकी में उतराने के साथ परिजन उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ ले गए, जहां पर डाक्टरों ने उसका चेकअप करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

कुलपहाड़ निवासी अरविंद कुशवाहा पुत्र झडूले कुशवाहा शादी विवाह में काफी बनाने और मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता है। रविवार को सुबह उसकी डेढ़ साल की बच्ची रिहायसी घर के बाहर खेलते समय जमीन पर बनी पानी की टंकी में गिर गई। परिजन बच्ची की तलाश में आसपास के घरों और मोहल्ले एक दूसरे से पता लगाते घूमते रहे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। काफी देर बाद घर लौटने पर बच्ची पानी की टंकी में उतराती मिली।

परिजन बच्ची को तत्काल सीएचसी ले गए, जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से घर में कोहराम मच गया है। बच्ची की मौत की खबर मिलते ही आसपास के लोग भी उसके घर पहुंच गए। अरविंद के दो पुत्र और एक पुत्री थी, एकलौती पुत्री की मौत से परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है।

# ट्रक पंचर होकर डिवाइडर पर लगे विद्युत पोल से टकराया, जाम

संवाददाता, कुलपहाड़

**अमृत विचार।** नगर के रोडवेज बस के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक पंचर होकर डिवाइडर पर लगे विद्युत पोल टकरा गया। पोल टूटकर सड़क पर गिर गया। इससे वनवे सड़क में जाम लग गया। जाम लगने से वाहनों की लंबी लाइन लग गई और गर्मी के चलते वाहनों में फंसे लोगों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ा। टक्कर होने के बाद ट्रक का काफी नुकसान हुआ है साथ ही सरकारी संपत्ति को भी क्षति पहुंची है। नगरवासी हाईवे के चौड़ीकरण कार्य को कछुआ गति से किए जाने के कारण इस हादसे को होना बता रहे हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण का निर्माण कार्य किया गया था, लेकिन नगर क्षेत्र में बस स्टैंड के पास लगभग दो सौ मीटर के इस सड़क के टुकड़े को विवाद के कारण अधूरा छोड़ दिया गया था। नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया के प्रयास से जिला प्रशासन द्वारा इस विवादित जमीन को छोड़कर पुरानी सड़क की चौड़ाई के अनुसार ही पुनः सड़क के निर्माण कार्य जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग को सौंपी गई थी।



सड़क पर टूटा पड़ा पोल व लगा जाम। अमृत विचार

विभाग की कार्यदाई संस्था की लचर कार्य प्रणाली के चलते इस निर्माण कार्य को रुक-रुक कछुआ गति से कराया जा रहा है। इस सड़क निर्माण कार्य में गिट्टी व डस्ट डालकर छोड़ दिया गया है, जिससे सड़क से गुजरने वाले वाहनों की वजह से दिनभर धूल उड़ती रहती है। जिस कारण आसपास रह रहे लोगों को बीमारी का भी खतरा मंडराने लगा है। वहीं सड़क पर डली खुली गिट्टी के कारण वाहनों के टायर भी क्षतिग्रस्त होकर फट रहे हैं, जिससे वाहन मालिकों को भी भारी नुक़सान उठाना पड़ रहा है।

ऐसा ही एक मामला रविवार की सुबह हरियाणा का एक ट्रक के गुजरते समय अगले टायर में गिट्टी घुसने से फट गया, और उसका संतुलन बिगड़ने से रोडवेज के समीप बने डिवाइडर से टकराते नगर पंचायत का विधुत पोल तोड़ कर सड़क पर गिरा दिया।

टक्कर और पोल के टूटने से

- **नगर वासियों ने हाईवे का कार्य कछुआ गति से चलन को बताया हादसे होने का जिम्मेदार**

सरकारी संपत्ति के साथ साथ ट्रक का भी भारी नुक़सान हुआ है। नगर वासियों का कहना है कि कछुआ गति से कराए जा रहे इस सड़क निर्माण कार्य में लगी कार्यदाई संस्था की घोर लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। क्षतिग्रस्त हालत में खड़े इस ट्रक से राष्ट्रीय राजमार्ग का एक साइड का वनवे पूरी तरह से बंद हो गया है।

नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरज़रिया का कहना है कि वह विगत तीन माह में कई बार सड़क निर्माण के लिए रिमाइंडर भेज चुके हैं, लेकिन कार्यदाई संस्था काम नहीं कर रही है जिस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है नगर पंचायत अपने स्तर से सुबह शाम धूल रोकने के लिए पानी का छिड़काव कर रही है।

# भागवत में पूतना वध, माखन चोरी का प्रसंग सुनाया

संवाददाता बेलाताल महोबा

**अमृत विचार।** कस्बे के विंधवासिनी मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचिका ने पूतना वध और माखन चोरी कथा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। कथा दौरान पंडाल में पुरुषों की अपेक्षा महिला युवतियों की खासी भीड़ नजर आई, जिन्होंने कथा का अनुशरण करते हुए भक्ति में लीन होकर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाकर माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।

कथा वाचिका दिव्या किशोरी ने कथा सुनाते हुए कहा कि वासुदेव श्रीकृष्ण को गोकुल में नंद यशोदा के घर छोड़ आए। उन्होंने उनकी कन्या को ले जाकर कंस को दे दिया। कंस नहीं माना और कन्या को पत्थर पर पटकना चाहा लेकिन कन्या कंस के हाथ से छूट गई। कन्या ने देवी का



कथा सुनने को उमड़े श्रद्धालु। अमृत विचार



कथा सुनातीं कथा वाचिक। अमृत विचार

रूप धारण कर कंस को चेतावनी दी कि तुम्हें मारने वाला गोकुल में जन्म ले चुका है। यह कहते हुए अंतर्ध्यान हो गई। इतनी बात सुनकर कंस ने गोकुल में सभी बच्चों को मारने का आदेश देता है। श्रीकृष्ण को मारने के लिए तरह-तरह के उपाय करने लगा मगर सफल नहीं हुआ। तब कंस ने पूतना राक्षसी को भेजा। पूतना ने कृष्ण को मारने के लिए अपने स्तनों में विष लगाकर स्तन पान कराने लगी। भगवान कृष्ण ने पूतना का वध कर दिया।

इसके बाद कथा वाचिका ने भागवत कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए माखन चोरी की कथा का सुनाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण सखाओं के साथ गोपियों के घर से माखन चुराते हैं और उसे बांटकर खाते हैं। बताया गया है कि यह चोरी प्रेम का प्रतीक है, जहां गोपियां भी स्वयं कृष्ण को माखन खिलाने के लिए उत्सुक रहती हैं। कथा दौरान कलाकार दर्शन सिंह चौहान, हास्य कलाकार मनीष पागल, अमरजीत, नीलमरानी, हेमारानी ने अपने नृत्य से सभी को आकर्षित किया। वहीं आकाश ने कन्हैया का अभिनय निभाते हुए श्रद्धालुओं की वाहवाही लूटी।

### भगवान विष्णु के कान से निकले शुंभ-निशुंभ

- भगवताचार्य साध्वी शिवानी किशोरी वृंदावन धाम देवी भागवत कथा महापुणान तथा रासलीला का आयोजन एक साथ किया जा रहा है। देवी भागवत कथा में भगवताचार्य ने बताया कि जब संसार का प्रलय हुआ तक विष्णु भगवान ने सोचा कि कुछ समय के लिए विश्राम किया जाए। लोगों ने कहा कि प्रभु जब आप विश्राम करेंगे तो सृष्टि का उद्धार कैसे होगा। मां भगवती को भी इससे अवगत कराया। मां भगवती ने विष्णु जी से कहा कि जब आप विश्राम कर रहे हैं तब प्रलय हो रहा है। पूरी सृष्टि और ब्रांमाड जलमग्न हुआ। विश्राम के समय भगवान विष्णु के कान से मल निकला, जिसमें दो राक्षस शुंभ निशुंभ निकले। मां भगवती ने विष्णु के घोर निंद्रा में होने के बाद भी उनकी स्तुति की। भगवान जागे भगवती ने कहा है प्रभु सुष्टि का प्रलय हो गया।

# होटल में एमपी पुलिस ने की छापामारी

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** आल्हा चौक स्थित एक निजी होटल में मध्यप्रदेश पुलिस ने अचानक छापेमारी की। पुलिस आरोपियों को अपने साथ लेकर पहुंची थी और उनकी निशानदेही पर करीब एक घंटे तक कमरों की तलाशी ली। इस दौरान पुलिस ने कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

यह सर्च ऑपरेशन मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर चलाया गया। पुलिस टीम आरोपियों को लेकर सीधे होटल पहुंची, जहां एक घंटे तक कमरों की गहन तलाशी ली गई। जांच टीम ने होटल प्रबंधन से रजिस्टर एंट्री और वहां ठहरे संदिग्धों के पहचान पत्र से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज मांगे, जिस पर होटल संचालक ने बताया कि



होटल में पूछताछ करती एमपी पुलिस। अमृत विचार

पुलिस टीम ने उनसे होटल में रुके इमरान, नईम और इकबाल नामक व्यक्तियों के बारे में पूछताछ की। पुलिस ने यह भी जानना चाहा कि क्या होटल में कोई लड़का-लड़की रुके थे, जिस पर संचालक ने स्पष्ट किया कि केवल तीन पुरुष ठहरे हुए थे। संचालक के अनुसार, उन्होंने पुलिस को रजिस्टर की फोटोकॉपी और ठहरे हुए व्यक्तियों के पहचान पत्रों के दस्तावेज सौंप दिए। सर्च अभियान दौरान पुलिस आरोपियों को सीधे उन कमरों में ले गई, जहां वे ठहरे थे, ताकि महत्वपूर्ण सुराग या सबूत जुटाए जा सकें। हालांकि, मध्य प्रदेश पुलिस ने इस कार्रवाई के पीछे के मामले या अपराध के बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया है। पुलिस जानकारी जुटाकर यहां से वापस लौट गई।

# साधु की जात नहीं उसके ज्ञान को देखें

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर के कबीर आश्रम में रविवार को संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग की शुरूआत कबीर वंदना जय कबीर जय गुरू कबीरा, दास तोरे द्वार खड़े उनकी हरो पीरा से की गई। इसके बाद समिति प्रमुख प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने सच्ची भक्ति पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सच्ची भक्ति से कोई भी व्यक्ति परमात्मा को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि कबीरदास जी कहते हैं कि साधु की जाति नहीं होती है। उसकी जाति नहीं पूछना चाहिए बल्कि साधु का ज्ञान ग्रहण करना चाहिए। साधु का ज्ञान जात, पात से परे होता है। किसी भी व्यक्ति की विद्वता उसका ज्ञान उसके



संगीतमय भजन की प्रस्तुति देते कबीरी भक्त। अमृत विचार

जात पात के बंधनों से मुक्त होता है। किसी भी व्यक्ति का ज्ञान ही उसका मूल्य होता है। कबीर दोहा सुनाते हुए प्राचार्य ने कहा कि जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिये ज्ञान। मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान। अर्थात् जिस प्रकार मयान का कोई मूल्य नहीं होता बल्कि उस में रहने वाले तलवार का मूल्य होता है। युद्ध में मयान नहीं तलवार की पूजा की जाती है। इसी प्रकार शरीर का नहीं उसमे व्याप्त ज्ञान का मूल्य होता है जो परिश्रम और साधना से ही मिल पता है। इसलिए साधु के जात पात को नहीं उसके ज्ञान की पूजा करनी चाहिए। पंडित हरीशंकर नायक ने कहा कि भक्ति की सीढ़ी से मुक्ति मिलती है।

वरिष्ठ कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने कबीर पर रचना सारा संसार आपको उपकारी मानता है सुनाई। जगदीश रिछारिया व कामता प्रसाद चौरसिया ने कबीर का भजन कब भजहो सतनाम सुनाया।

## रोजगार सेवकों ने सौंपा ज्ञापन

**राठ (हमीरपुर)।** संविदा पर नियुक्त ग्राम रोजगार सेवकों ने समस्याओं को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उप्र के 36 हजार ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित कर राज्य कर्मचारी का दर्जा देने सहित दस सूत्री मांगें रखीं। रविवार को ग्राम रोजगार सेवक वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष किरन सिंह ने विधायक मनीषा अनुरागी को ज्ञापन देते हुए बताया कि प्रदेश में ग्राम रोजगार सेवक 2006 से मनरेगा योजना के तहत 19 वर्षों से संविदा पर कार्यरत हैं। उन्हें मनरेगा योजना की प्रशासनिक मद से मानदेय का भुगतान किया जाता है। बताया मनरेगा एक मांग आधारित योजना है और प्रत्येक ग्राम पंचायत की भौगोलिक स्थिति अलग होने के कारण कार्य का दायरा भिन्न होता है।

परखी व्यवस्था | अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा

# सीसीटीवी की निगरानी में चल रही होमगार्ड भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने रविवार को जिले में चल रही होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। होमगार्ड भर्ती परीक्षा सीसी टीवी की निगरानी में संपन्न कराई गई। परीक्षार्थियों की कई कई स्थानों पर चेकिंग करने के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की सुगम प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, सीसीटीवी निगरानी, परीक्षार्थियों की सघन चेकिंग, बैठने की समुचित व्यवस्था,



सर्वर कक्ष से परीक्षा का जायजा लेतीं डीएम गजल भारद्वाज व एसपी। अमृत विचार

पेयजल, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहनता से अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए, साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि पाए जाने

- **परीक्षार्थियों की मूलभूत सुविधाओं के बारे में भी ली जानकारी**

पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी कुंवर पंकज ने संयुक्त रूप से होमगार्ड भर्ती परीक्षा की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। अधिकारियों के निरीक्षण से अभ्यर्थियों में भय बना रहा, जिसके चलते कोई भी परीक्षार्थी नकल करने का साहस नहीं जुटा सका। निरीक्षण दौरान अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता के साथ दायित्व निर्वहन के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### योगाभ्यास से होता है मानसिक विकास

**चित्रकूट।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में योगाभ्यास किया गया। क्रीड़ाधिकारी अरविंद कुमार सोनकर ने बताया कि इसमें स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट मोतीलाल नेहरू नेशनल इंस्टीट्यूट आफ प्रयागराज डा. दीप्ति योगेश्वर ने खिलाड़ियों को योग के माध्यम से क्षमता बढ़ाने की जानकारी दी। बताया कि योगाभ्यास से मैच के दौरान खेलों में लगने वाली चोटों से बचाव होता है और खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। इस दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेंद्र उपाध्याय, जगदीश केशरवानी, अरविंद मोहन, राकेश चौधरी, श्यामसुंदर यादव, श्रीकेशन, आनंद सिंह, कामता प्रसाद, जितेंद्र सिंह, अख्तर हुसैन मौजूद रहे।

### परिक्रमा पथ पर युवाओं ने की सफाई

**सीतापुर (चित्रकूट)।** परिक्रमा मार्ग पर रविवार को नगर पालिका परिषद एवं कामदगिरि स्वच्छता समिति ने स्वच्छता अभियान चलाया। तुलसी चौराहा एवं भरत मिलाप मंदिर के आसपास कूड़ा-करकट का निस्तारण किया गया। इसमें समिति अध्यक्ष राकेश केशरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र केशरवानी, रसूल खान, जानकी प्रसाद, विनोद, वीरेंद्र, राजेश, रवि, रामशिया, राकेश, मोनू आदि ने सहयोग किया।

### नीलम यादव ने संभाला डायट प्राचार्य का पदभार

**चित्रकूट।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर प्राचार्य के पद पर वरिष्ठ प्रवक्ता नीलम यादव ने पदभार संभाल लिया है। अभी तक बीएसए बीके शर्मा प्रभारी प्राचार्य थे। निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ के आदेशानुसार नीलम यादव ने कार्यभार ग्रहण किया है।

### लाटरी से किया जाएगा बीज वितरण

**चित्रकूट।** जिला कृषि अधिकारी राजपति शुक्ला ने बताया कि दलहन, तिलहन एवम् मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को बीज मिनी किट निशुल्क दिए जाएंगे। इसके अलावा सामान्य बीज वितरण योजना के तहत बीज अनुदान पर उपलब्ध कराए जाएंगे। बीजों का वितरण पीओएस मशीन से किया जाएगा। संकर बीज भी राजकीय कृषि बीज भंडारों से 50 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त होंगे। बुकिंग विभाग के पोर्टल पर शुरू है। किसानों का चयन ई-लाटरी से किया जाएगा।

### घर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई

**चित्रकूट।** लक्ष्मणपुरी निवासी पवन कुमार साहू ने कोतवाली में तहरीर देकर घर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि बीते दिनों वह सपरिवार साले के तिलक में गया था। लौटा तो पाया कि घर की कुंडी और लाक टूटा है। बक्से से सारा सामान और नगदी गायब थी। उसने पुलिस से चोरों का पता लगाने की गुहार की है।

### घर में घुसकर छेड़खानी का आरोप

**चित्रकूट।** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र निवासी एक महिला ने एक युवक पर घर में घुसकर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। उसने आरोप लगाया कि रविवार की सुबह वह अपने कमरे में लेटी थी। बिजली जाने की वजह से उसने घर का दरवाजा खोल रखा था। इसी दौरान पड़ोसी प्रिंस वहां पहुंचा और उससे छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर धमकी देता हुआ भाग गया। जब वह इसका उलाहना देने घर गई तो उसके परिवारीजनों ने भी उससे गालीगलौज की और धमकी दी।

### मारपीट और धमकी देने की रिपोर्ट

**चित्रकूट।** भरतकूप थानांतर्गत गोबरिया बुजुर्ग निवासी संतोष यादव ने कुछ लोगों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि 23 अप्रैल की रात वह किसी निमंत्रण में जा रहा था। गांव बाहर बुद्धविलास, गुड्डू, भूरा ने उसे आवाज लगाकर बुलाया और लाठी-डंडों से मारापीटा। गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इससे उसके सिर में चोटें आईं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बेटी पर लगाया धमकाने का आरोप

**मऊ (चित्रकूट)।** थानांतर्गत गांव निवासी एक महिला ने अपनी बेटी के घर से चले जाने और आत्महत्या की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि उसकी 19 वर्षीया बेटी एक युवक रोहित के साथ 22 अप्रैल को चली गई थी। अगले दिन लौटी और फिर सबसे झगड़ा करके चली गई। साथ ही धमकाया कि अगर रोका तो वह कुछ करके सबको फंसा देगी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# प्रशिक्षण के बाद जिले को मिले 499 पुलिसकर्मी

## रिजर्व पुलिस लाइन में दीक्षांत परेड समारोह संपन्न, एसपी ने आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया





रिक्रूट आरक्षियों की परेड का निरीक्षण करते जिला जज शेषमणि शुक्ला, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट**

**अमृत विचार।** नौ माह तक चले कड़े प्रशिक्षण के बाद जिले को 499 नए आरक्षी मिले। रविवार को पुलिस लाइन प्रांगण में रिक्रूट आरक्षी दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन हुआ। इसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला, जिलाधिकारी पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने इन आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया, जिसमें उन्होंने पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील और अपराध के प्रति सख्त होने के लिए प्रेरित किया।

गौरतलब है कि 21 जुलाई 25 को आरटीसी पुलिस लाइन में 450 रिक्रूट आरक्षी नौ माह के आधारभूत प्रशिक्षण के लिए आए थे। इसमें चित्रकूट के 237, प्रतापगढ़ के 90, प्रयागराज के 122 प्रशिक्षु शामिल थे। चित्रकूट से एक प्रशिक्षु के अवकाश की वजह से अनुपस्थित हो जाने पर 449 रिक्रूट आरक्षियों को आधारभूत प्रशिक्षण दिया गया। दीक्षांत समारोह के दौरान इन्होंने शानदार परेड का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला और जिलाधिकारी पुलकित गर्ग रहे। मुख्य अतिथि ने परेड की सुसज्जित टोलियों का निरीक्षण किया और उनकी सलामी स्वीकार की। इस दौरान प्रशिक्षण का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक ने रिक्रूट आरक्षियों को देश की सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा और जनसुरक्षा की पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजापुर राज कमल, यातायात यामीन अहमद, प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव, रिक्रूट आरक्षियों के परिवारीजन आदि मौजूद रहे। विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूटों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### इन आरक्षियों को किया गया सम्मानित

- सर्वजीत, आशुतोष कुमार यादव, बृजानंद यादव, रवि प्रसाद, रितेश कुमार पटेल, रामजनम सिंह, शारदा प्रसाद पाल, अमित कुमार गोंड, सुरेश कुमार उपाध्याय, धीरज कुमार विश्वकर्मा, विवेक कुमार सिंह, आकाश कुमार, शुभम यादव, विक्रम सिंह, सूरज कुमार यादव, शेख मोहम्मद शाहिद, अवनीश सिंह, चंद्रकांत यादव, आशुतोष कुमार यादव, मेवालाल मौर्य, विरेंद्र कुमार गुप्ता, रामकिशोर।

# केबल बॉक्स खराब होने से घंटों गुल रही बिजली

**जालौन।** गर्मी जैसे-जैसे प्रचंड हो रही है। वैसे-वैसे बिजली की आपूर्ति भी लड़खड़ाने लगी है। कभी केबल में फाल्ट तो कभी अन्य खराबी के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। रविवार को 33/11 केवी बिजलीघर में केबल बाक्स में खराबी आने से करीब तीन घंटे नगर की बिजली आपूर्ति ठप रही।

नगर की बिजली आपूर्ति गर्मी बढ़ने के साथ खराब होती जा रही है। बिजली निगम ने प्रीपेड मीटर तो लगवा दिए हैं जिनमें बैलेंस खत्म होने के साथ ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। मीटर तक तो बिजली आती है लेकिन घरों के अंदर नहीं पहुंचती है। बाबजूद इसके निगम अभी तक 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित नहीं कर पाया है। ऐसे में उवभोक्ताओं में बिजली निगम व जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नाराजगी पनप रही है। जनता की नुमाइंदगी करने वाले जनप्रतिनिधियों द्वारा अभी तक स्मार्ट मीटर का विरोध न करना और एडवांस रीचार्ज के बाद भी 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित न करने की वजह से जनता में नाराजगी पैदा हो रही है। शुक्रवार 24 अप्रैल को शाम लगभग तीन बजे झंडा चौराहा पर बंच केबल में आग लगने के कारण नगर के मुख्य बाजार की आपूर्ति लगभग पांच घंटे ठप्प रही थी। जिससे बाजार के व्यापारी व ग्राहक परेशान हो गए थे। एक दिन बाद रविवार को अचानक उरई मार्ग पर स्थित 33 / 11 के वी विद्युत उपकेंद्र का केबल बॉक्स खराब हो गया। केबल बाक्स में खराबी आने के कारण पूरे नगर की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। लगातार बढ़ते तापमान के बीच दोपहर में अचानक बिजली गुल होने से जनता परेशान हो गई।वहीं केबल बाक्स में खराबी आने की जानकारी मिलते ही अवर अभियन्ता नवीन कुमार कंजोलिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए और मरम्मत का काम शुरू कर दिया।

## हादसे में युवक की मौत पर रिपोर्ट दर्ज

**जालौन।** तीन दिन पहले जालौन बंगरा मार्ग पर छिरिया सलेमपुर के पास स्थित पेट्रोल पम्प के पास तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े युवक को टक्कर मार दी। मामले पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की। माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बंगरा निवासी, हाल नया रामनगर उरई जितेंद्र कुमार तिवारी का बेटा सूर्यांश तिवारी ग्राम बडागांव प्रधान लोकेन्द्र निरंजन के साथ बाइक से उरई अपने गांव बंगरा आ रहा था। शाम लगभग सात बजे दोनों ग्राम छिरिया सलेमपुर के आगे स्थित प्रेट्रोलपंप के पास लोकेन्द्र निरंजन ने बाइक सड़क के किनारे खड़ी कर ली। इस दौरान कार चालक ने सूर्यांश को टक्कर मार दी। बाद में सूर्यांश की मौत हो गई। घटना के बाद कार चालक कार लेकर भाग गया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार चालक व उसके चालक के खिलाफ प्रथमिकी दर्ज कर ली है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि आरोपी कार व चालक की तलाश की जा रही है।



दहिनी गांव में लगी आग से जला घर। अमृत विचार

# दो जगह आग से घर-गृहस्थी और फसल जलकर राख हुई

**कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट**

**अमृत विचार।** दो जगहों पर आग से घर-गृहस्थी और फसल राख के ढेर में तब्दील हो गई। एक स्थान पर ग्रामीण महिला ने कुछ लोगों पर जानबूझकर आग लगाने का आरोप लगाया।

कोतवाली अंतर्गत पथरौड़ी गांव में रमा देवी पत्नी रावेंद्र कुमार के खेत में पड़ी फसल आग से नष्ट हो गई। रमा देवी का आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने जानबूझकर उसकी फसल में आग लगाई है। उसका कहना है कि ये लोग उसके खेत पर कब्जा करना चाहते हैं और एफआईआर भी दर्ज हुई है। उसके पास आय का कोई और साधन नहीं है। अब वह और उसका परिवार दाने दाने को मोहताज हो जाएगा। पति मानसिक बीमार हैं और पुत्र को भी इन आरोपियों से खतरा है। उसने इस संबंध में कार्रवाई की गुहार लगाई है। उधर, दहिनी गांव में भी एक घर में आग से घर गृहस्थी राख हो गई। गांव निवासी बबुलू यादव ने बताया कि शनिवार रात उसके घर में अज्ञात वजहों से आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता, घर और गृहस्थी का सामान जलकर नष्ट हो गया। उसने प्रशासन से सहायता की गुहार की है।

## मजार पर मेले और कव्वाली की नहीं मिली अनुमति

**कालपी।** चतेला स्थित गाजी मिंया की मजार पर कव्वाली और मेले का आयोजन इसबार भी नहीं होगा। हिन्दू संगठनों के विरोध के बाद प्रशासन ने इसकी अनुमति नहीं दी है। गत वर्ष भी प्रशासन ने विरोध के बाद कार्यक्रम रद्द किया था। मालूम हो कि कदौरा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम चतेला में मजार स्थित है जिसे विशेष समुदाय द्वारा सालार गाजी मसूद का नाम दिया गया है जहां पर मेले और कव्वाली के आयोजन होते रहे हैं लेकिन गत वर्ष हिन्दू संगठनों ने सालार गाजी को विदेशी आक्रांता बताकर कार्यक्रम का विरोध किया था, कई दिनों तक चली रस्साकशी के बाद आखिर प्रशासन ने अनुमति को निरस्त कर दिया था जिससे कव्वाली और मेले का आयोजन नहीं हो सका था इसबार भी मजार कमेटी ने मेले और कव्वाली का आयोजन शुरू किया था लेकिन अनुमति नहीं मिली है। एसडीएम मनोज कुमार सिंह के अनुसार अनुमति की प्रक्रिया पूरी न होने से अनुमति नहीं हो सकी है।

# पद सृजित न होने से बाधित हो रहे काम

**संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)**

**अमृत विचार।** आकांक्षी ब्लाक में पहले पशु चिकित्सालय में केवल विभागीय काम मसलन पशुओं का इलाज व रोगों से बचाव हेतु टीकाकरण के काम होते थे लेकिन जब से सरकार ने गौशाला खोल गोवंशों को संरक्षित करने का संचालन शुरू कराया है तब से पशु पालन विभाग की जवाबदेही और जिम्मेदारी बढ़ सी गई है। इसके बाद भी इस विभाग में विभिन्न पटल के सापेक्ष कर्मचारियों की तैनाती न होने से पशु पालन विभाग काम के बोझ से हलाकान है।

जिले में कर्वी, मऊ,मानिकपुर, राजापुर मिलाकर कुल चार तहसील हैं लेकिन पशु पालन विभाग ने पूर्व में बनी केवल दो तहसील कर्वी एवं मऊ में ही डिप्टी सीवीओ (अपर पशु चिकित्साधिकारी) की तैनाती कर रखी है। मानिकपुर और राजापुर तहसील में अभी डिप्टी सीवीओ स्तर के पद को सृजित ही नहीं किया गया है जबकि इन दोनों तहसील बने ही काफी वर्ष बीत गए हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार, डिप्टी सीवीओ का पद हर तहसील में सृजित होता है लेकिन राजापुर और मानिकपुर तहसील में इन पदों के सृजित न होने से विभागीय काम बाधित हो रहे हैं। विभागीय सूत्रों की माने तो पशु पालन विभाग चित्रकूट में सभी अस्पताल में कुल 13 प्रभारी चिकित्सकों के पद सृजित हैं लेकिन लमियारी और आकांक्षी ब्लॉक रामनगर के प्रभारी चिकित्सक के पदोन्नति के कारण हुए तबादलों के बाद से आज तक यहां किसी की तैनाती नहीं की जा सकी है केवल अतिरिक्त प्रभार देकर काम की औपचारिकता जरूर कराई जा रही है।

### कर्वी में 8 साल पहले बना अस्पताल, नियुक्ति नहीं

कर्वी तहसील के शिवरामपुर के पास बने नए अस्पताल एवं मानिकपुर तहसील में बीते आठ वर्ष पूर्व नया अस्पताल बनकर तैयार है लेकिन यहां अब तक किसी की तैनाती नहीं की जा सकी है। उधर, एक चिकित्साधिकारी ने नाम छिपाते हुए बताया कि अधिकांश पशु अस्पताल में इन दिनों कर्मचारियों की भारी कमी है। किसी किसी अस्पताल में तो प्रभारी के सहयोग के लिए कर्मचारी नियुक्त हैं, जिससे अस्पताल कम से कम खुले तो रहते हैं दो दो अस्पताल की जिम्मेदारी संभाल रहे चिकित्सक काम के बोझ तले यहां वहां रहते हैं। लेकिन कहीं कहीं ताले लगे रह जाते हैं। बताया कि जब से गोशालाएं शुरू हुई हैं तब से और ज्यादा काम बढ़ा है लेकिन किसी तरह काम निपटाने का प्रयास जरूर किया जा रहा है। इसी तरह आकांक्षी ब्लाक रामनगर में डा. नरेंद्र ओझा के पदोन्नति से अन्यत्र तबादला में चले जाने से रामनगर पशु अस्पताल का अतिरिक्त प्रभार राजापुर अस्पताल के प्रभारी डा. अवधेश निरंजन को दे दिया गया है। रामनगर ब्लॉक में 34 गौशालाएं हैं। ऐसे में इनके निरीक्षण में और बेहतर संचालन कराने में इन्हें कड़ी मशक्कत जरूर करनी पड़ रही है पर कर्मचारियों की कमी के बाद भी यहां किसी प्रकार व्यवस्था बनाए हुए हैं। इस संदर्भ में पशु पालन विभाग कर्मचारियों की कमी तो मान रहा है लेकिन इस मामले में खुलकर कुछ बोलने को तैयार नहीं।

- नहीं हो पा रहा गौशाला का शत-प्रतिशत निरीक्षण



समापन सत्र में विचार-विमर्श करते पर्यावरणविद और विशेषज्ञ। अमृत विचार

# नदी को स्वच्छ, निर्मल बनाने के लिए सबकी साझेदारी आवश्यक

**संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)**

- मंदाकिनी नदी को प्रदूषणमुक्त बनाने को लेकर हुई कार्यशाला

**अमृत विचार।** मंदाकिनी नदी को प्रदूषणमुक्त और अविरल बनाए रखने के लिए सामाजिक भागीदारी आवश्यक है। दीनदयाल शोध संस्थान के तत्वाधान में हुई दो दिवसीय कार्यशाला और बैठक में यह निष्कर्ष सामने आया।

रविवार को आरोग्यधाम सभागार में इसका समापन हुआ। इसमें पर्यावरणविद प्रो. सीआर बाबू, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के निदेशक डा. एके विद्यार्थी आदि ने विचार रखे। संगठन सचिव अभय महाजन ने आभार जताया और कोषाध्यक्ष वसंत पंडित ने स्मृति चिह्न भेंट किए। इस दौरान नदी पुनरुद्धार व वाटरशेड प्रबंधन और जैव विविधता का पुनर्जीवन और संरक्षण, सीवेज प्रबंधन तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में सर्वेक्षण भी किया गया। इनके आधार पर विशेषज्ञों ने बताया कि मंदाकिनी को निर्मल बनाने के लिए सीवेज और अपशिष्ट को उपचारित करना, प्लास्टिक और कचरे का प्रबंधन, नदियों में प्लास्टिक, शव, पूजा सामग्री और ठोस कचरा फेंकने पर सख्ती से रोक लगाई होगी। साथ ही प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहन देना होगा, प्रदूषित जल के उपचार के लिए पर्यावरण के अनुकूल एंजाइमों का उपयोग करना होगा। इसके साथ नदी के जलग्रहण क्षेत्रों को पुनर्जीवित करने, पौधरोपण, तालाबों और जलाशयों का अधिक मात्रा में निर्माण, नदियों के किनारे कूप नलिका आदि बनाना होगा। स्थानीय समुदायों, ग्राम पंचायतों, स्कूल, कालेज में नदियों की सफाई के प्रति जागरूक करना और उन्हें सक्रिय रूप से सफाई अभियानों में शामिल करना भी आवश्यक है।

## सरकारी जमीन पर निर्माण का आरोप

**चित्रकूट।** एक ग्रामीण ने कुछ लोगों पर राजस्व भूमि पर अवैध निर्माण किए जाने का आरोप लगाया है।

शिकायतकर्ता रामलखन निवासी सुदिनपुर ने उप जिलाधिकारी को भेजे पत्र में बताया कि उसकी जमीन के पास से एनएच-35 गुजर रहा है। आरोप लगाया कि एक व्यक्ति ने उसकी जमीन के कुछ हिस्से के साथ राजमार्ग की जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया है। वह अत्यंत प्रभावशाली व्यक्ति का रिश्तेदार है। इसकी धौंस दिखाकर अतिक्रमण कर दुकान एवं अन्य निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। ये लोग बिना किसी वैध अनुमति के निर्माण कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र में अव्यवस्था का माहौल बन रहा है। साथ ही यह भी आरोप लगाया कि शिकायत के बाद भी अब तक प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

## घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान राख

**चित्रकूट।** खोही क्षेत्र अंतर्गत पुरवा बालापुर माफी में शनिवार को आग से घर और गृहस्थी का सामान राख हो गया। बताया जा रहा है कि संतोष के घर में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जल गए। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। पीड़ित परिवार के अनुसार, इस हादसे में करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्रदान की जाए कि वह अपने जीवन को दोबारा पटरी पर ला सके।

# वनखंडेश्वर हनुमान मंदिर के पुनर्निर्माण को भूमि पूजन

**संवाददाता, कालपी**

**अमृत विचार।** नगर के मां वनखण्डी देवी शक्तिपीठ स्थिति वनखण्डेश्वर हनुमान मन्दिर के पुनर्निर्माण से पूर्व सिद्धपीठ हनुमान घड़ी आयोध्या से पधारे महन्त राजू दास महाराज, महन्त जमुना दास महाराज तथा ऋषभदेव महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

रविवार की दोपहर आयोध्या के हनुमान घड़ी के महन्त राजू दास मां वनखण्डी देवी शक्ति पीठ पहुंचे जहां उन्होंने मन्दिर के सामने बने वनखण्डेश्वर हनुमान मन्दिर के पुनर्निर्माण का भूमि पूजन आचार्य आनंद महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया गया। इस दौरान राजू दासजी महाराज ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि मनोकामना पूरण हनुमान मन्दिर इसका नाम होगा। क्योंकि इतनी तपती गर्मी में मैं जब पूजन के लिये बैठा तो मैंने बाबा से कृपा करने की विनती की तथा 2 मिनट में बदली छा गई तथा मेरी मनोकामना पूरी हुई। उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिये लोगों को संकल्पित किया तथा गौमाता की सेवा का सन्देश दिया। इस अवसर पर मां वनखण्डी देवी शक्ति पीठ के महन्त जमुना दास महाराज, ऋषभदेव महाराज, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बना, मनोज राजपूत, अरविन्द यादव, दीपक धवन, शिव सिंह राठौर, दीपक दास अयोध्या, प्रिंसदासाश, आसूदास, अंकित, अमरदीप पाण्डेय, सुबोध द्विवेदी, बब्लू राणा, आनन्द शर्मा, कुलदीप शर्मा, कन्हैया मिश्रा, देवेन्द्र गुप्ता, कोमल सिंह, दिग्विजय सिंह, जय नारायण अवस्थी, धर्मेन्द्र निषाद, रामजी द्विवेदी, ऋषभ द्विवेदी, देवेन्द्र श्रीवास्तव, प्रदीप पाठक, कल्लू पुरवार, अमित गुप्ता, अनिल आचार्य, मुरली, पीयूष आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



भूमि पूजन के दौरान मौजूद संत-महात्मा। अमृत विचार

- अब मनोकामना पूरण हनुमान मन्दिर होगा नाम

**पास आउट परेड** 9 माह के कठिन, प्रशिक्षण के बाद 459 रीक्रूट बने सिपाही

# अनुशासन ही व्यक्ति को महान बनाता : डीआईजी

**संवाददाता, कालपी**

**अमृत विचार।** नौ माह के कठिन, प्रशिक्षण के बाद 459 रंगरूट रविवार को सिपाही बन गए। पुलिस प्रशिक्षण केंद्र मगरौल में उनकी पासिंग आउट परेड आयोजित हुई। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक संतोष मिश्रा द्वारा सलामी लेकर उन्हें कर्तव्यों का पाठ भी पढ़ाया गया।

गत वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा नागरिक पुलिस के लिए 60,200 पदों के सिपाहियों की भर्ती की गई थी जिसमें से 491 रिक्रूट आरक्षी प्रशिक्षण के लिए पुलिस प्रशिक्षण केंद्र मगरौल को मिले थे लेकिन प्रशिक्षण के दौरान आरक्षियों का उच्च पदों पर चयन हो गया था तो 6 अनुपस्थिति रहे थे जिसमें कुछ रीक्रूट फेल भी हैं और प्रशिक्षण पूरा करने वाले 459 आरक्षियों की रविवार को भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन हुआ। इस दौरान पासिंग आउट परेड में शामिल हुए पुलिस के जवानों ने मार्चपास्ट किया। पुलिस उपमहानिरीक्षक सन्तोष मिश्रा को सलामी दी। इस मौके पर पुलिस उपमहानिरीक्षक ने पासिंग आउट परेड में शामिल हुए आरक्षियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने जो सीखा है वह अब आने वाली चुनौतियों से निपटने में काम आएगा। कहा अभी तो महज मेहनत थी लेकिन अब जिम्मेदारी का बोझ भी उठाना है। इस दौरान उन्होंने सीख देते हुए कहा कि व्यक्ति को अनुशासन ही महान बनाता है इसलिए वह जंहा भी रहे देश तथा समाज हित में काम करे।काम के दौरान चुनौतियां आएंगी पर संविधान के दायरे में रहकर सभी बाधाएं पार होगा जाती हैं। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक रामअर्ज, सी ओ विद्या किशोर शर्मा,अमित पाण्डेय, देव आनन्द के अलावा विद्यालय का समस्त स्टाफ के अलावा जालौन- गरौठा भोगनीपुर सांसद नारायणदास अहिरवार, पालिका अध्यक्ष कालपी अरविन्द यादव ,अपर्णा आनन्द शर्मा,के अलावा प्रशिक्षण पाने वाले आरक्षियों के परिजन भी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में ट्रेनर और आरक्षियों को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

### अच्छा प्रदर्शन करने पर ट्रेनर और रिक्रूट सम्मानित

- प्रशिक्षण के दौरान रिक्रूट आरक्षियों ने विभिन्न अलग अलग विद्याओं में बेहतर प्रदर्शन किया है जिनको चिन्हित कर मंच से सम्मानित भी किया तो उन्हें प्रशिक्षण दे रहे ट्रेनरों की मेहनत को भी दरकिनार नहीं किया और उपमहानिरीक्षक सन्तोष मिश्रा द्वारा उन्हें भी सम्मानित किया गया। वर्दी पाना कोई आसान काम नहीं होता है कड़ी मेहनत और किस्मत से युवाओं का यह सपना पूरा होता है और इस सपने से सिपाही बने युवा ही खुश नहीं होते हैं बल्कि उनके परिजन और रिश्तेदारों में भी उत्साहित होते हैं। पासिंग आउट परेड के दौरान मौजूद भीड़ को देखकर लगाया जा सकता हैं जिसमें पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे।

# अमृत विचार

**सोमवार, 27 अप्रैल 2026**





एक रचनात्मक फोटोग्राफर वह है, जो या तो रहस्य को कैद करता है या चीजों को उजागर करता है, बाकी सब बेकार है।

–**रघु राय**, विश्व प्रसिद्ध फोटोग्राफर

## प्रस्ताव से परेशानी

ट्रंप सरकार द्वारा एच-1बी वीज़ा प्रतिबंध और उससे जुड़े कड़े प्रावधानों वाला बिल लाना उनकी राष्ट्रहित की राजनीतिक समझ है, जिसके लिए वे स्वतंत्र हैं, पर प्रस्तावित बिल मात्र अमेरिकी आव्रजन नीति का बदलाव नहीं, बल्कि वैश्विक प्रतिभा प्रवाह पर एक बड़ा झटका है— जिसका सबसे अधिक असर भारत पर पड़ेगा और ये नीतियां भारतीय पेशेवरों के 'अमेरिकन ड्रीम' को दुःस्वप्न में बदल देंगी, क्योंकि एच-1बी वीज़ा धारकों में 73 प्रतिशत भारतीय हैं। कुछ मुद्दों पर डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसद भी सीमित आव्रजन नियंत्रण के पक्ष में खड़े हो सकते हैं, जिससे इस प्रस्ताव के पारित होने की आशंका बलवती होती है।

'मागा' राजनीति के तहत ट्रंप प्रशासन का जोर 'अमेरिका फर्स्ट' पर है, जिसमें विदेशी श्रमिकों को घरेलू नौकरियों के लिए खतरा बताया जा रहा है, जबकि अमेरिका की टेक इंडस्ट्री भारतीय पेशेवरों पर बहुत निर्भर है। यह अमेरिका के लिए भी नुकसानदेह हो सकता है, क्योंकि उसकी नवाचार क्षमता और टेक उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता काफी हद तक वैश्विक प्रतिभा पर निर्भर है। प्रस्ताव में एच-1बी वीज़ा पर तीन साल की रोक के अलावा, कोटे को 85 हजार से घटाकर 25 हजार करने, न्यूनतम वेतन को अत्यधिक ऊंचा लगभग दो करोड़ रुपये वार्षिक निर्धारित करने और वीज़ा फीस में भारी वृद्धि जैसे प्रावधान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, परिवार को साथ लाने पर संभावित प्रतिबंध और स्टैंपिंग प्रक्रियाओं को जटिल बनाना, भारतीय पेशेवरों के लिए अमेरिका जाने को हतोत्साहित करने की व्यापक रणनीति का संकेत देता है। कोटा घटने से भारतीय पेशेवरों के लिए अवसरों में भारी कमी आएगी। न्यूनतम वेतन की शर्त अमेरिकी कंपनियों को भारतीयों को नियुक्त करने से हतोत्साहित कर सकती है, क्योंकि इससे लागत काफी बढ़ेगी। हमारे लिए इसके प्रभाव बहुआयामी होंगे। एक ओर, आईटी सेक्टर के अवसर सीमित होंगे, दूसरी ओर रेमिटेंस, जो भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, उस पर भी असर पड़ेगा। भारत को अपने घरेलू उद्योग, स्टार्ट-अप इकोसिस्टम और रिसर्च-डेवलपमेंट ढांचे को मजबूत करने की दिशा में तेजी लाने और प्रतिभा के 'ब्रेन ड्रेन' को 'ब्रेन गेन' में बदलने का अवसर है।

भारतीय पेशेवरों के लिए भी यह समय रणनीतिक बदलाव का है। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और खाड़ी देश वैकल्पिक गंतव्य के रूप में उभर रहे हैं। चीन जैसे देशों की ओर रुख करने की संभावना सीमित है, क्योंकि वहां की राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियां भारतीयों के लिए सहज नहीं हैं। सरकार को चाहिए कि वह अमेरिका के साथ इस मुद्दे पर कूटनीतिक स्तर पर सक्रिय संवाद बनाए रखे, साथ ही वैश्विक स्तर पर नए अवसरों के द्वार खोलने के लिए द्विपक्षीय समझौतों को बढ़ावा दे। कौशल विकास, उच्च शिक्षा और नवाचार में निवेश बढ़ाकर भारत अपने पेशेवरों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए और सक्षम बना सकता है। ट्रंप की नीतियां भले ही अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए हों, लेकिन उनका दीर्घकालिक प्रभाव वैश्विक प्रतिभा और अर्थव्यवस्था दोनों पर पड़ेगा। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह इस बदलते परिदृश्य में अपने हितों की रक्षा करते हुए नए अवसरों को पहचानकर आगे बढ़े— तभी 'अमेरिकन ड्रीम' के टूटने का दर्द एक नई वैश्विक संभावना में बदलेगा।

### प्रसंगवश

## परंपरा, बाजार और बदलती पहचान

भारत की सांस्कृतिक संरचना में त्योहारों का स्थान केवल आनंद और उत्सव तक सीमित नहीं है, बल्कि वे समाज की ऐतिहासिक स्मृति, आर्थिक संरचना, प्रकृति के साथ संबंध और मानवीय संवेदनाओं के गहरे ताने-बाने से जुड़े होते हैं। यहां त्योहार जीवन के हर पहलू को स्पर्श करते हैं— खेती, ॠतु परिवर्तन, पारिवारिक संबंध, सामूहिकता और आस्था, लेकिन वर्तमान समय में यह प्रश्न गंभीरता से उठाया जाने लगा है कि क्या हमारे पारंपरिक त्योहार अपनी मूल आत्मा से दूर होते जा रहे हैं? क्या उन पर एक प्रकार का 'कल्चरल अटैक' हो रहा है, जो धीरे-धीरे उनकी असल पहचान को बदल रहा है?

'कल्चरल अटैक' शब्द भले ही आक्रामक प्रतीत होता हो, लेकिन इसका आशय किसी एक वर्ग या समूह पर आरोप लगाना नहीं है। यह उस धीमी, सूक्ष्म और कई बार अनदेखी प्रक्रिया की ओर संकेत करता है, जिसके माध्यम से परंपराएं अपने मूल सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भ से हटकर नए अर्थ ग्रहण करने लगती हैं। यह परिवर्तन कभी स्वाभाविक होता है, तो कभी सुनियोजित आर्थिक और वैचारिक प्रभावों का परिणाम भी हो सकता है।



डॉ. प्रियंका सौरभ

शिक्षिका


भारतीय त्योहारों की जड़ें मुख्यतः कृषि और प्रकृति से जुड़ी रही हैं। देश का अधिकांश समाज सदियों तक कृषि-आधारित रहा है, इसलिए फसल, मौसम और भूमि के साथ उसका गहरा रिश्ता रहा। फसल कटने की खुशी, नई बुवाई की शुरुआत, वर्षा के आगमन का स्वागत— ये सब त्योहारों के माध्यम से व्यक्त होते थे। इन उत्सवों में किसान केंद्र में होता था, क्योंकि वही अन्न का उत्पादक था और वही समाज की जीवन-रेखा को बनाए रखता था। ऐसे त्योहारों में आडंबर कम और सहभागिता अधिक होती थी। लोग मिलकर गाते-बजाते, सामूहिक भोज करते और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते थे।

जैसे-जैसे समाज में शहरीकरण बढ़ा, औद्योगिकीकरण हुआ और बाजार की ताकतें मजबूत हुईं, त्योहारों का स्वरूप भी बदलने लगा। अब त्योहारों को केवल सांस्कृतिक या सामाजिक दृष्टि से नहीं, बल्कि आर्थिक अवसर के रूप में भी देखा जाने लगा। बाजार ने त्योहारों को उपभोग से जोड़ दिया— जहां खरीदारी, सजावट और प्रदर्शन को प्रमुखता मिलने लगी। त्योहारों के साथ 'ऑफर', 'डिस्काउंट' और 'शुभ खरीदारी' जैसे विचार जुड़ गए, जिसने उनके मूल स्वरूप को प्रभावित किया।

यह बदलाव केवल बाहरी नहीं है, बल्कि मानसिकता में भी आया है। पहले त्योहारों का अर्थ था— मिलना-जुलना, साझा करना और प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करना। अब कई जगहों पर यह प्रतिस्पर्धा का रूप ले चुका है। किसने कितना खर्च किया, किसने क्या खरीदा, किसका आयोजन कितना भव्य था। इस प्रक्रिया में त्योहारों की आत्मा कहीं पीछे छूटती चली गई।

त्योहारों पर 'कल्चरल अटैक' की चर्चा करते समय एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आता है— लोक परंपराओं का हाशिए पर जाना। भारत में हर क्षेत्र की अपनी विशिष्ट परंपराएं रही हैं, जो स्थानीय जीवनशैली, भाषा और संसाधनों से जुड़ी होती थीं, लेकिन आज मीडिया और बाजार के प्रभाव में एक प्रकार की सांस्कृतिक एकरूपता (cultural homogenization) देखने को मिल रही है। कुछ खास त्योहारों और उनके खास तरीकों को पूरे देश में मानक बना दिया गया है, जिससे स्थानीय विविधताएं धीरे-धीरे लुप्त हो रही हैं। (यह लेखिका के निजी विचार हैं)

# रघु राय, जिन्होंने शब्दों के बिना कहानियां सुनाईं






विवेक शुक्ला

पूर्व प्रधान सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी

कांग्रेस 1977 में लोक सभा का चुनाव हार गई। इंदिरा गांधी भी अपनी सीट नहीं बचा सकीं। तब कनॉट प्लेस में इंदिरा गांधी के फटे पड़े पोस्टर्स को रघु राय ने अपने कैमरे में कैद किया था। छह कॉलम में उस फोटो को स्टेट्समैन ने छापा। इसी के साथ रघु राय के रूप में देश और दुनिया को एक बेहतरीन फोटो जर्नलिस्ट मिल गया। वो स्टेट्समैन में हिंदुस्तान टाइम्स से गए थे। रघु राय भारतीय फोटोग्राफी की उस परंपरा के प्रतिनिधि थे, जिन्होंने कैमरे को केवल दृश्य दर्ज करने का साधन नहीं, बल्कि समय, समाज और मानवीय संवेदनाओं को समझने का माध्यम बनाया। उनके निधन के साथ भारतीय दृश्य-संस्कृति का एक अत्यंत महत्वपूर्ण अध्याय जैसे विराम लेता है, पर उनका काम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।



रघु राय का नाम आते ही भारत के विविध रंग, विरोधाभास और जीवन की जटिलताएं आंखों के सामने उभरने लगती हैं। उन्होंने अपने कैमरे के जरिए भारत को केवल दिखाया नहीं, बल्कि उसे महसूस करवाया। चाहे वह महानगरों की भाग-दौड़ हो, गांवों की सरलता, धार्मिक आस्था की गहराई या राजनीतिक घटनाओं का उथल-पुथल— राय की तस्वीरों में हर विषय एक गहरी मानवीय दृष्टि के साथ सामने आता है।

उनकी फोटोग्राफी की सबसे बड़ी विशेषता थी— क्षण की पकड़। वे उस 'निर्णायक क्षण' को पहचानते थे, जब एक साधारण दृश्य असाधारण बन जाता है। उनकी तस्वीरें देखने पर लगता है कि समय कुछ पल के लिए ठहर गया है, ताकि दर्शक उस दृश्य को पूरी तरह आत्मसात कर सके। यह गुण उन्हें विश्वस्तरीय फोटोग्राफरों की श्रेणी में स्थापित करता है।

रघु राय का करियर उस दौर में शुरू हुआ जब भारत कई सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तनों से गुजर रहा था। उन्होंने इन परिवर्तनों को नजदीक से देखा और अपने कैमरे में दर्ज किया। 1971 का बांग्लादेश युद्ध, इंदिरा गांधी का राजनीतिक जीवन और विशेष रूप से भोपाल गैस त्रासदी— इन सब घटनाओं की उनकी तस्वीरें इतिहास के दस्तावेज बन चुकी हैं। भोपाल गैस त्रासदी के बाद खींची गई उनकी तस्वीरें केवल एक घटना का रिकॉर्ड नहीं हैं, बल्कि वे मानवीय पीड़ा की ऐसी अभिव्यक्ति हैं, जो आज भी झकझोर देती हैं।

उनकी तस्वीरों में एक गहरा नैतिक बोध भी दिखाई देता है। वे केवल दृश्य के सौंदर्य तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उसके सामाजिक और मानवीय संदर्भ को भी उजागर करते हैं। यही कारण है कि उनकी फोटोग्राफी में संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता का अनूठा संतुलन मिलता है। वे न तो विषय का शोषण करते हैं और न ही उसे रोमांटिक बनाते हैं; वे उसे उसी सच्चाई के साथ प्रस्तुत करते हैं, जैसा वह है।रघु राय ने भारत के आध्यात्मिक जीवन को भी बड़े ही प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया। कुंभ मेले की उनकी तस्वीरें इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं। लाखों लोगों की भीड़, आस्था का समुद्र और उसमें छिपी व्यक्तिगत कहानियां! इन सबको उन्होंने जिस गहराई से कैद किया, वह अद्भुत है। उनकी तस्वीरें केवल दृश्य नहीं, बल्कि अनुभव बन जाती हैं। उनकी शैली में एक खास तरह की लय और संरचना दिखाई देती है। वे प्रकाश और छाया का अत्यंत प्रभावी उपयोग करते थे, जिससे उनकी तस्वीरों में एक नाटकीयता और गहराई आती थी। इसके साथ ही, वे फ्रेम में मौजूद हर तत्व का सटीक उपयोग करते थे, जिससे तस्वीरें संतुलित और अर्थपूर्ण बनती थीं। उनकी रचनात्मक दृष्टि उन्हें केवल एक दस्तावेजी फोटोग्राफर नहीं, बल्कि एक कलाकार के रूप में स्थापित करती है।

रघु राय केवल एक फोटोग्राफर नहीं थे, बल्कि वे ऐसे कथाकार, जिन्होंने शब्दों के बिना कहानियां सुनाईं और उन कहानियों को समय की धारा में अमर कर दिया।

रघु राय का योगदान केवल उनकी तस्वीरों तक सीमित नहीं था। उन्होंने भारतीय फोटोग्राफी को एक पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर उनके काम ने यह साबित किया कि भारत की कहानियां वैश्विक स्तर पर भी उतनी ही प्रासंगिक और प्रभावशाली हैं। उनकी तस्वीरें कई प्रतिष्ठित पत्रिकाओं और प्रदर्शनियों में शामिल हुईं, जिससे भारतीय फोटोग्राफी को वैश्विक मान्यता मिली। उनका जीवन और काम नए फोटोग्राफरों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने यह सिखाया कि फोटोग्राफी केवल तकनीक का खेल नहीं है, बल्कि यह देखने की कला है— ऐसी दृष्टि विकसित करने की प्रक्रिया, जो साधारण में असाधारण को पहचान सके। उनके काम से यह भी स्पष्ट होता है कि एक फोटोग्राफर को अपने समय और समाज के प्रति सजग और संवेदनशील होना चाहिए। रघु राय का निधन निश्चित रूप से एक बड़ी क्षति है, लेकिन उनका काम हमेशा जीवित रहेगा। उनकी तस्वीरें हमें न केवल अतीत की याद दिलाती हैं, बल्कि वर्तमान को समझने और भविष्य के बारे में सोचने के लिए भी प्रेरित करती हैं। वे हमें यह याद दिलाती हैं कि कला का सबसे बड़ा उद्देश्य मानवता को समझना और उसे बेहतर बनाना है। रघु राय केवल एक फोटोग्राफर नहीं थे, बल्कि वे ऐसे कथाकार, जिन्होंने शब्दों के बिना कहानियां सुनाईं और उन कहानियों को समय की धारा में अमर कर दिया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



बीजेपी हमेशा से पंजाब विरोधी रही है और राज्य के लोग गद्दारों को सबक सिखाएंगे। पार्टी किसी भी व्यक्ति से बड़ी होती है। जो सांसद पार्टी छोड़कर गए हैं, वे पंजाब का प्रतिनिधित्व नहीं करते। जब उन्हें भगवंत मान के खिलाफ कुछ नहीं मिल, तो उन्होंने आप को तोड़ने की कोशिश की।

**–भगवंत मान**
पंजाब के मुख्यमंत्री

उन्होंने या अन्य किसी ने पंजाब और पंजाबियों के साथ कोई गद्दारी नहीं की है। वे पहले भी तन-मन-धन से पंजाब की सेवा कर रहे थे और आगे उससे भी अधिक मजबूती से काम करेंगे। हम किसी युवा को बेरोजगार नहीं रहने देंगे और उन्हें नशे से दूर रखने के लिए काम करेंगे।

**–विक्रमजीत सिंह साहनी**
राज्य सभा सांसद



# क्या भारत का नया निवेश दौर बदल रहा है!



रजत मेहरोत्रा

वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पिछले कुछ वर्षों में भारत ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। सस्ते इंटरनेट, डिजिटल भुगतान क्रांति, युवा उद्यमियों की बढ़ती संख्या और सरकार की प्रोत्साहन नीतियों के कारण भारत आज दुनिया के प्रमुख स्टार्टअप हब में शामिल हो चुका है। देश में दो लाख से अधिक स्टार्टअप्स पंजीकृत हैं और यूनिकॉर्न कंपनियों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है, लेकिन 2025 के बाद एक नई प्रवृत्ति देखने को मिली है— स्टार्टअप फंडिंग में गिरावट। यह गिरावट केवल अस्थायी उतार-चढ़ाव नहीं बल्कि निवेश के बदलते दृष्टिकोण का संकेत देती है। यही कारण है कि आज यह सवाल महत्वपूर्ण हो गया है कि क्या भारत का निवेश दौर अब एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है।

हाल के आंकड़े बताते हैं कि भारतीय स्टार्टअप्स में निवेश की गति धीमी हुई है। जहां एक समय निवेशक तेजी से पूंजी लगाते थे, वहीं अब वे अधिक सतर्क और चयनात्मक हो गए हैं। 2025 में स्टार्टअप फंडिंग में पिछले वर्षों की तुलना में कमी देखी गई और 2026 की शुरुआत भी अपेक्षाकृत कमजोर रही। इसका सबसे बड़ा कारण वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और विकसित देशों में ऊंची ब्याज दरों ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता को कम कर दिया है। जब वैश्विक स्तर पर पूंजी महंगी हो जाती है, तो उसका सीधा प्रभाव उभरते बाजारों जैसे भारत पर भी पड़ता है।

आंकड़े बताते हैं कि स्टार्टअप्स में निवेश की गति धीमी हुई है। एक समय निवेशक तेजी से पूंजी लगाते थे, अब वे अधिक सतर्क और चयनात्मक हो गए हैं।

इसके अलावा, पिछले कुछ वर्षों में स्टार्टअप्स के अत्यधिक वैल्यूएशन ने भी इस स्थिति को जन्म दिया है। कई कंपनियों ने बिना स्थिर लाभप्रदता के केवल ग्रोथ के आधार पर भारी फंडिंग हासिल की। निवेशकों ने उस समय 'ग्रोथ एट ऑल कॉस्ट' की रणनीति अपनाई थी, लेकिन अब परिस्थितियां बदल गई हैं। अब निवेशक केवल यूजर बेस या मार्केट शेयर नहीं, बल्कि कंपनी की कमाई, नकदी प्रवाह और टिकाऊपन को महत्व दे रहे हैं। इसका परिणाम यह हुआ है कि केवल मजबूत बिजनेस मॉडल और स्पष्ट राजस्व रणनीति वाले स्टार्टअप्स को ही फंडिंग मिल रही है, जबकि कमजोर मॉडल वाले स्टार्टअप्स के लिए पूंजी जुटाना कठिन हो गया है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के भीतर भी कुछ ऐसे कारक हैं, जो इस बदलाव को प्रभावित कर रहे हैं। ब्याज दरों का स्तर, लिक्विडिटी की स्थिति और मौद्रिक नीति निवेश के माहौल को तय करती है। जब ब्याज दरें अपेक्षाकृत ऊंची रहती हैं, तो निवेशक सुरक्षित साधनों जैसे बैंक एफडी, बॉन्ड और अन्य फिक्स्ड इनकम विकल्पों की ओर रुख करते हैं। इससे जोखिम भरे निवेश जैसे स्टार्टअप्स में पूंजी का प्रवाह कम हो जाता है। यही कारण है कि वर्तमान समय में निवेशकों की प्राथमिकताएं बदलती दिखाई दे रही हैं।

इस गिरावट को केवल नकारात्मक रूप में देखना सही नहीं होगा। इसे भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम के परिपक्व होने की प्रक्रिया के रूप में भी समझा जा सकता है। अब कंपनियां अनियंत्रित विस्तार के बजाय संतुलित विकास पर ध्यान दे रही हैं। वे लागत को नियंत्रित कर रही हैं, मुनाफे पर जोर दे रही हैं और दीर्घकालिक स्थिरता को प्राथमिकता दे रही हैं। इससे भविष्य में अधिक मजबूत और टिकाऊ कंपनियों का निर्माण होगा। यह बदलाव निवेशकों के लिए भी सकारात्मक है, क्योंकि उन्हें अब बेहतर गुणवत्ता वाली कंपनियों में निवेश का अवसर मिलेगा।

इसके साथ ही, निवेश का फोकस भी बदल रहा है। पहले जहां ई-कॉमर्स, फिनटेक और फूड डिलीवरी जैसे सेक्टर्स में अधिक निवेश होता था, वहीं अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लीन एनर्जी, डीप टेक, हेल्थ टेक और डिफेंस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निवेश बढ़ रहा है। यह बदलाव न केवल वैश्विक ट्रेंड को दर्शाता है, बल्कि भारत की दीर्घकालिक आर्थिक प्राथमिकताओं को भी प्रतिबिंबित करता है। सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' जैसी पहल भी इन क्षेत्रों को बढ़ावा दे रही हैं, जिससे इन सेक्टर्स में नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं।

स्टार्टअप फंडिंग में गिरावट का प्रभाव रोजगार और नवाचार पर भी पड़ा है। कई स्टार्टअप्स ने लागत कम करने के लिए कर्मचारियों की छंटनी की है और कुछ कंपनियां बंद भी हुई हैं। इससे युवाओं के सामने चुनौतियां बढ़ी हैं, लेकिन यह समय आत्ममंथन का भी है। उद्यमियों को अब यह समझना होगा कि केवल बाहरी फंडिंग पर निर्भर रहना दीर्घकालिक समाधान नहीं है। उन्हें अपने बिजनेस मॉडल को इस तरह विकसित करना होगा कि वह स्वयं टिकाऊ हो सके। बूटस्ट्रैपिंग, एंजेल निवेश और सरकारी योजनाओं का सही उपयोग इस दिशा में मददगार हो सकता है। इस बदलते परिदृश्य में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## सुख-दुख और मस्तिष्क

सुख और दुख दोनों ऐसी चीज़ नहीं है, जिसे तुम कहीं ढूंढ सकते हो। ये दोनों अवस्थाएं हमारे मस्तिष्क की ट्रेनिंग होती हैं, जिसे हम अपनी परिस्थिति के अनुसार ट्रेंड करते हैं, इसलिए जो सुख और दुख ढूंढते हैं बाहर, वो उन्हें सारे जीवन कहीं नहीं मिलता है

आप इसे एक छोटे से उदाहरण द्वारा समझिए। आप देखिए कि आप किस चीज़ को पाकर या किस अवस्था में पहुंचकर खुश होते हैं? जैसे आप के पास अपना कोई घर नहीं था और आप मेहनत करके एक दो कमरे का घर खरीद लेते हैं। उस घर को पाकर आप बहुत ख़ुशी महसूस करते हैं, मगर यही दो कमरे का घर अगर आप उस व्यक्ति को दे दें, जिसके पास पहले से दो-चार शहरों में बड़े-बड़े बंगले हैं, तो क्या आपका ये दो कमरे का घर उसे खुशी देगा? नहीं.. बिल्कुल नहीं.. और अगर उस संपन्न व्यक्ति के सारे बंगले बिक जाएं, वो कंगाल हो जाए और उसे अपने बंगले छोड़कर आपके उस दो कमरे के घर में शिफ्ट होना पड़े तो वो सुखी नहीं बल्कि बहुत अधिक दुखी होगा। जो घर आपके लिए सुख की वजह थी, जिसे आप असली सुख समझते थे, वो किसी दूसरे को न तो सुख दे रहा है और न ही खुशी, यहां तक कि वो दुख भी दे रहा है



सिद्धार्थ ताबिश

राइटर

आप अपने मस्तिष्क और शरीर को ट्रेंड करते हैं और उसे ये समझाते हैं कि 'तुम्हारे लिए ये सुख है और ये दुख' और फिर आपका शरीर और मस्तिष्क आपको उसी हिसाब से रिजल्ट देता है। हम मनुष्यों का सारा जीवन इसी ट्रेनिंग और इसके रिजल्ट को महसूस करने में बीत जाता है।

आपको लोग बताते हैं कि परिवार सुख देता है, बच्चे सुख देते हैं, शादी सुख देती है और लोग सारी उम्र इस प्रयोग में फंसे रहते हैं। आप देखिए कि लड़के किस तरह से भावुक होकर वीडियो डालते हैं, जब उनके यहां बच्चा होता है। पिता आपको कहते मिलेंगे कि मेरा जीवन संवर गया, जब से मेरे घर ये बिटिया आई है या ये बेटा आया है, जबकि हकीकत ये होती है कि बच्चा होने के बाद लोगों का जीवन बड़ा ही कठिनाइयों भरा हो जाता है, न नींद पूरी होती है और न ही सुख मिलता है। अधिक कमाना, अधिक काम करना, अधिक मेहनत करना एक रूटीन बन जाता है बच्चा पालने के लिए। बच्चा पालना इतना, इतना तकलीफदेह होता है कि आपकी उम्र तक कम हो जाती है। क्या जीवन में कोई ऐसा सुख होता है, जो आपकी उम्र कम कर दे? शादी परिवार बच्चा ये सब आपकी उम्र घटाते हैं, बढ़ाते नहीं है.. ये प्रमाणित है। **–फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## 'आप' के 15 वर्षीय इतिहास का सबसे बड़ा 'ब्लैकआउट'

भारत की समकालीन राजनीति में शायद ही कोई घटना इतनी तेजी से राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में आई हो, जितनी राघव चड्ढा सहित सात राज्यसभा सांसदों के आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से आई है। राघव चड्ढा सहित सात सांसदों का भाजपा में जाना केवल एक खबर नहीं, बल्कि आम आदमी पार्टी के 15 साल के इतिहास का सबसे बड़ा 'ब्लैकआउट' है। भारतीय राजनीति के क्षितिज पर यह घटनाक्रम एक बड़े 'पॉलिटिकल अर्थक्वेक' के रूप में दर्ज हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के 'पोस्टर बॉय' माने जाने वाले राघव चड्ढा सहित राज्यसभा के सात सांसदों का एक साथ पाला बदलकर भाजपा में शामिल होना न केवल 'आप' के लिए एक अस्तित्वगत संकट है, बल्कि यह देश की राजनीति की दिशा और दशा बदलने वाला घटनाक्रम भी है।



योगेश कुमार गोयल

वरिष्ठ पत्रकार

यह सिर्फ दल-बदल नहीं बल्कि सत्ता, विचारधारा और राजनीतिक रणनीति के बीच गहरे संघर्ष का संकेत है। जब राज्यसभा में पार्टी के कुल 10 में से 7 सांसद (दो-तिहाई बहुमत) एक साथ अलग होकर भाजपा में विलय करने का निर्णय लेते हैं, तो यह दलबदल नहीं, एक वैचारिक और संगठनात्मक विद्रोह का प्रतीक बन जाता है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब भारतीय राजनीति 2027 के बड़े चुनावी चक्र की ओर बढ़ रही है। ऐसे में इस घटनाक्रम ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या 'आप' का 'पंजाब किला' अब ढहने के कगार पर है? क्या 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव की पटकथा अभी से लिखी जा चुकी है? और सबसे बड़ा प्रश्न कि क्या यह 'आप' के पतन की शुरुआत है या फिर एक अस्थायी राजनीतिक झटका?

आम आदमी पार्टी ने इस पूरे घटनाक्रम को केवल राजनीतिक असहमति नहीं बल्कि लोकतंत्र पर सुनियोजित प्रहार करार दिया है। पार्टी नेतृत्व का स्पष्ट आरोप है कि केंद्रीय एजेंसियों के भय, दबाव और राजनीतिक प्रलोभनों के माध्यम से उसके सांसदों को तोड़ा गया, जिसे वह संस्थागत दुरुपयोग की श्रेणी में रखती है। यह आरोप भारतीय राजनीति में सत्ता बनाम विपक्ष की उस पुरानी बहस को फिर जीवित कर देता है, जहां नैतिकता और रणनीति आमने-सामने खड़ी दिखाई देती हैं।

संवैधानिक दृष्टि से यह कदम और भी दिलचस्प हो जाता है। दलबदल विरोधी कानून की तकनीकी बारीकी (दो-तिहाई सदस्यों के एक साथ अलग होने की शर्त) का उपयोग करते हुए राघव चड्ढा के नेतृत्व में सात सांसदों का भाजपा में विलय यह संकेत देता है कि यह केवल भावनात्मक निर्णय नहीं, बल्कि गहन कानूनी सलाह और रणनीतिक योजना का परिणाम था। सबसे गंभीर आघात वैचारिक स्तर पर है। जब भीतर से ही यह स्वर उठे कि पार्टी अपने मूल सिद्धांतों से भटक गई है, तो यह केवल संगठनात्मक संकट नहीं बल्कि पहचान के संकट का संकेत बन जाता है और यही चुनौती 'आप' के लिए सबसे कठिन परीक्षा है।

पंजाब की राजनीति में उठी यह हलचल महज दल-बदल नहीं, बल्कि सत्ता समीकरणों के पुनर्गठन का संकेत है। इस विद्रोह का सबसे गहरा असर पंजाब की सियासत पर पड़ना तय है। राज्यसभा में पंजाब का प्रतिनिधित्व करने वाले चेहरे (हरभजन सिंह, अशोक मित्तल, संजीव अरोड़ा और विक्रमजीत सिंह साहनी) का पार्टी से अलग होना 'आप' की उस सामाजिक पकड़ को कमजोर करता है, जो विविध वर्गों के प्रतिनिधित्व से बनी थी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।




Kia India ने भारतीय बाजार में अपनी नई SUV Kia Syros 2026 को लॉन्च कर दिया है। इस बार कंपनी ने ग्राहकों की जरूरतों और फीडबैक को ध्यान में रखते हुए अपने पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाया है। नए मॉडल में HTE, HTE(O), HTK+(O) और HTX(O) जैसे वेरिएंट्स जोड़े गए हैं। इसकी शुरुआती कीमत 8.39 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है, जो कि पहले वाले मॉडल के मुकाबले करीब 27,000 रुपये कम है। खास बात यह है कि अब इसमें ज्यादा ऑटोमैटिक विकल्प मिलते हैं, खासकर डीजल ऑटोमैटिक वेरिएंट्स, जो इसे और आकर्षक बनाते हैं। आइए आपको नई सिरोस की खूबियों के बारे में डिटेल में बताते हैं।

### क्या नया है एक्सटीरियर और डिजाइन में

नई Syros को पहले से ज्यादा स्पोर्टी और रग्ड लुक दिया गया है। इसके फ्रंट में नया बंपर मिलता है, जिसमें बॉडी-कलर्ड एयरो इंसर्ट्स और ग्लॉसी ब्लैक स्किड प्लेट्स के साथ LED फॉग लैम्प्स शामिल हैं। रियर प्रोफाइल को भी अपडेट किया गया है, जहां नया बंपर और LED हाई-माउंटेड स्टॉप लैम्प दिया गया है, जो इसे प्रीमियम टच देता है।

# Kia Syros 2026 स्टाइल, टेक्नोलॉजी और सेफ्टी का कॉम्बिनेशन

### साइड प्रोफाइल में ग्लॉसी ब्लैक रूफ

रेल्स, ORVMs और बॉडी-कलर्ड गार्निश इसे और स्टाइलिश बनाते हैं। HTX और HTX(O) वेरिएंट्स में 17-इंच स्पोर्टी क्रिस्टल कट अलॉय व्हील्स दिए गए हैं, जिनमें नियोन ब्रेक कैलिपर्स भी मिलते हैं। इसके साथ Magma Red, Ivory Silver Matte और Ivory Silver Gloss जैसे नए कलर ऑप्शन्स इसकी रोड प्रेजेंस को और बेहतर बनाते हैं।

### इंजन और परफॉर्मेंस

इस SUV में 1.0-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 118 bhp की पावर और 172 Nm का टॉर्क जेनरेट करता है। वहीं 1.5-लीटर डीजल इंजन 113 hp की पावर और 250 Nm का टॉर्क देता है। ट्रांसमिशन विकल्पों में 6-स्पीड मैनुअल, 7-स्पीड DCT और 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक गियरबॉक्स शामिल हैं, जिससे ड्राइविंग अनुभव स्मूद और पावरफुल बनता है।




### हाई-टेक फीचर्स

नई Syros में करीब 30 इंच का ट्रिनिटी पैनोरमिक डिस्प्ले दिया गया है, जो केबिन को बेहद प्रीमियम और फ्यूचरिस्टिक बनाता है। इसके अलावा ड्यूल पैन सनरूफ के कारण केबिन में ज्यादा रोशनी और ओपननेस का अहसास मिलता है। फ्रंट और रियर दोनों सीट्स में वेंटिलेशन की सुविधा दी गई है, जिससे लंबी यात्राएं भी आरामदायक रहती हैं। सेकंड-रो सीट्स में 60:40 स्प्लिट के साथ स्लाइड और रिक्लाइन फंक्शन मिलता है, जिससे स्पेस को जरूरत के अनुसार एडजस्ट किया जा सकता है। इसमें 80 से ज्यादा कनेक्टेड कार फीचर्स दिए गए हैं, जिनमें OTA अपडेट और Kia Connect डायग्नोस्टिक्स शामिल हैं।

### सेफ्टी

सेफ्टी के मामले में यह SUV काफी मजबूत है। इसे 5-स्टार BNCAP रेटिंग मिली है, जो इसकी सुरक्षा क्षमता को दर्शाती है। इसमें 20 से ज्यादा एडवांस सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं, जो ड्राइवर और पैसेंजर्स दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।



### वेरिएंट्स और कीमत

- 2026 Kia Syros टोटल 7 वेरिएंट्स में लॉन्च है, जिनकी कीमत-
- HTE (पेट्रोल MT): 8.40 लाख रुपये
- HTE(O): 9.20 लाख रुपये (पेट्रोल), 10 लाख रुपये (डीजल)
- HTK(EX): 9.80 लाख रुपये (पेट्रोल), 10.60 लाख रुपये (डीजल)
- HTK+: 10.74 लाख रुपये (पेट्रोल MT), 11.94 लाख रुपये (DCT), 11.54 लाख रुपये (डीजल MT), 12.74 लाख रुपये (डीजल AT)
- HTK+(O): 12 लाख रुपये (पेट्रोल MT), 13.20 लाख रुपये (DCT), 12.80 लाख रुपये (डीजल MT), 14 लाख रुपये (डीजल AT)
- HTX: 14 लाख रुपये (पेट्रोल DCT), 14.80 लाख रुपये (डीजल AT)
- HTX(O): 15 लाख रुपये (पेट्रोल DCT), 15.80 लाख रुपये (डीजल AT)
- डीजल ऑटोमैटिक वेरिएंट अब HTK+ से उपलब्ध है, जिसकी कीमत 12.73 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है।

## मॉय फर्स्ट राइड

# एक सफर, जो भीतर से हुआ शुरू



ड्राइवर की सीट तक मेरा सफर एक कार से शुरू नहीं हुआ, यह एक इंसान से शुरू हुआ। मेरी स्कूल प्रिंसिपल, मिसेज सिल्विया पॉल, एक डाइनैमिक पर्सनैलिटी की मिसाल थीं। मेरी इंग्लिश टीचर के तौर पर, उन्होंने हमें सिर्फ ग्रामर ही नहीं सिखाया, उन्होंने हमें प्रेजेंस और पॉजिशन भी सिखाया। उन्हें जिंदगी को इतने ग्रेस और अथॉरिटी के साथ आगे बढ़ते देखना, पहली चिंगारी थी, जिसने मुझे अपना रास्ता और अपनी गाड़ी खुद कंट्रोल करने के लिए प्रेरित किया। हालांकि जिंदगी अच्छे इरादों को भी देर से पूरा करती है। मुझे शुरू करने की हिम्मत जुटाने में बहुत समय लगा। मैं खुशकिस्मत थी कि मेरे दो सब्र वाले मेंटर थे- मेरे पिता और मेरे पति। उन्होंने मुझे फोर-व्हीलर के मैकेनिक्स के बारे में गाइड करने में अनगिनत घंटे बिताए, मुझे इंजन की आवाज सुनना और सड़क का सम्मान करना सिखाया। फिर भी, उनके सपोर्ट के बावजूद, मैं दिल से एक 'को-पायलट' ही रही, अकेले उड़ने के लिए कभी पूरी तरह तैयार नहीं हुई। बारिश और रिजॉल्व यह एक ऐसे दिन बदल गया, जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगी।

कॉलेज के एक जरूरी एग्जाम की सुबह थी और मौसम बहुत खराब था। जोरों की बारिश हो रही थी और हालात और भी खराब हो गए थे, मेरे ड्राइवर ने उस दिन छुट्टी ले ली थी। चुनाव आसान था: घर पर रहकर एग्जाम छोड़ दूं या आखिरकार उन सबक को काम में लाऊं। अचानक आए पक्के इरादे से, मैंने अपनी चाबियां पकड़ीं। मैंने कार 'सेल्फ' की, इंजन चालू हो गया और मेरा दिल तेजी से धड़क रहा था। मजबूत पकड़ के साथ, मैंने कार को पहले गियर में रखा। मैंने 20 km प्रति घंटे की एक जैसी, सावधानी से स्पीड बनाए रखी, वाइपर की रिदम वाली स्वाइप के बीच पूरी तरह से आगे की सड़क पर फोकस किया। मुश्किलों के बावजूद, मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गई। मैंने सड़क पार कर ली थी, लेकिन एक आखिरी, बड़ी रुकावट बाकी थी, पार्किंग लॉट तंग था और मेरा कॉन्फिडेंस डगमगा गया। मेरी मुश्किल देखकर, एक बैचमेट ने मेरी झिझक देखी और मदद के लिए आगे आई। उसने स्टीयरिंग संभाली और बड़ी कुशलता से कार को सही जगह पर ले आया। शुरू में, उसके चेहरे की मुस्कान देखकर मैं शर्म से लाल हो गई। मुझे ऐसा लगा जैसे मैं कोई नया ड्राइवर हूं, जो 'ड्राइवर का नाटक' करते हुए पकड़ा गई हो, लेकिन उसकी बातों ने तुरंत वह एहसास दूर कर दिया। तुम्हें गाड़ी चलाते देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उसने प्यार से कहा- "लगे रहो। बाकी तुम धीरे-धीरे सीख जाओगी, लेकिन सबसे मुश्किल काम तो हो ही गया है।" उस दिन, मैंने सिर्फ कॉलेज का एग्जाम ही पास नहीं किया, मैंने आजादी का एक बहुत बड़ा टेस्ट पास किया। मुझे एहसास हुआ कि मेंटर तुम्हें रास्ता दिखा सकते हैं, लेकिन चाबी सिर्फ तुम ही घुमा सकते हो।

**- डॉ. दीपशिखा चौधरी**
मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज, अवध यूनिवर्सिटी

# आस्ट्रेलिया में लॉन्च हुई लकड़ी की इलेक्ट्रिक साइकिल

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दुनिया तेजी से आगे बढ़ रही है, लेकिन अब इसमें एक ऐसा नया प्रयोग सामने आया है, जो इसे और भी दिलचस्प बना देता है। कल्पना कीजिए एक ऐसी ई-साइकिल की, जो धातु से नहीं, बल्कि लकड़ी से बनी हो और फिर भी स्टाइल, मजबूती और परफॉर्मेंस में किसी से कम न हो। ऑस्ट्रिया की कंपनी Esel ने अपनी नई Esel eUrban लॉन्च कर इस अनोखे कॉन्सेप्ट को वास्तविकता में बदल दिया है। यह साइकिल डिजाइन और टेक्नोलॉजी का ऐसा मेल है, जो बाजार में अलग पहचान बनाने की क्षमता रखता है।

### लकड़ी का फ्रेम, लेकिन मजबूती बरकरार

इस ई-साइकिल की सबसे बड़ी खासियत इसका वुडन फ्रेम है। जहां आमतौर पर साइकिलों में एल्युमिनियम या कार्बन फ्रेम का इस्तेमाल होता है, वहीं eUrban में हॉलो टीक वुड का उपयोग किया गया है। यह फ्रेम देखने में बेहद प्रीमियम लगता है और साथ ही मजबूती व संतुलन का भी पूरा ध्यान रखता है। कंपनी का कहना है कि यह रोजमर्रा के उपयोग के लिए पूरी तरह सुरक्षित और भरोसेमंद है।




### अलग जरूरतों के लिए दो वेरिएंट

इस मॉडल को दो वेरिएंट Basic और Performance में पेश किया गया है। बेसिक वर्जन का वजन लगभग 18.5 किलोग्राम है और इसमें 10-स्पीड गियर सिस्टम मिलता है। वहीं Performance वेरिएंट करीब 2 किलो हल्का है और इसमें 11-स्पीड गियर के साथ कार्बन व्हील्स दिए गए हैं। दोनों विकल्प अलग-अलग यूजर्स की जरूरत और राइडिंग स्टाइल को ध्यान में रखकर डिजाइन किए गए हैं।

### बैटरी और परफॉर्मेंस

eUrban में रियर हब मोटर दी गई है, जो 42 Nm का टॉर्क जनरेट करती है। कंपनी के अनुसार, यह साइकिल एक बार चार्ज करने पर लगभग 80 किलोमीटर तक चल सकती है। बैटरी को फुल चार्ज होने में करीब 4 घंटे का समय लगता है। इस लिहाज से यह शहर के रोजमर्रा के सफर के लिए एक व्यावहारिक विकल्प बन सकती है।

### कीमत और उपलब्धता

Esel eUrban की कीमत प्रीमियम सेगमेंट में रखी गई है। बेसिक वेरिएंट की कीमत करीब 4,700 डॉलर (लगभग 4.39 लाख रुपये) है, जबकि Performance वर्जन लगभग 5,800 डॉलर (करीब 5.41 लाख रुपये) तक जाता है। फिलहाल यह साइकिल भारत में उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसका अनोखा कॉन्सेप्ट भविष्य में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के नए ट्रेंड को जन्म दे सकता है।



### फीचर्स जो बनाते हैं खास

इस ई-साइकिल में ड्यूल-पिस्टन हाइड्रोलिक डिस्क ब्रेक दिए गए हैं, जो बेहतर कंट्रोल और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इसके साथ कार्बन फोर्क सस्पेंशन राइड को स्मूद बनाता है। अलग-अलग साइज विकल्प उपलब्ध होने से यूजर्स अपनी सुविधा और ऊंचाई के अनुसार सही मॉडल चुन सकते हैं।

# कानूनी रूप से भारी पड़ सकती है गाड़ी की नंबर प्लेट से छेड़छाड़

सड़कों पर चलते हुए अक्सर कुछ लोग नियमों से बचने के लिए ऐसे तरीके अपनाते दिख जाते हैं, जो देखने में छोटे लगते हैं, लेकिन उनके परिणाम बहुत गंभीर हो सकते हैं। खासकर ई-चालान से बचने के लिए नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ करना आजकल आम होता जा रहा है। कोई उस पर टेप चिपका देता है, कोई पेंट कर देता है, तो कोई उसे जानबूझकर ढक देता है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि यह सिर्फ नियम तोड़ना नहीं, बल्कि कानून के साथ धोखा करना है, जिस पर अब प्रशासन सख्ती से कार्रवाई कर रहा है।




### वाहन की पहचान

नंबर प्लेट किसी भी वाहन की पहचान होती है। यही वह माध्यम है, जिसके जरिए ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है और किसी दुर्घटना या अपराध की स्थिति में वाहन को ट्रेस किया जाता है। ऐसे में जब कोई व्यक्ति जानबूझकर नंबर प्लेट को छिपाता है, तो वह न सिर्फ कानून का उल्लंघन करता है, बल्कि सड़क सुरक्षा को भी खतरे में डालता है।

### जानबूझकर की गई धोखाधड़ी

चालान से बचने के लिए नंबर प्लेट छिपाने के लिए लोग कई तरह के तरीके अपनाते हैं। सबसे आम तरीका है-नंबरों पर काला टेप लगाना या कीचड़ चिपका देना, ताकि कैमरे में नंबर साफ न दिखे। कई बाइक सवार पीछे हेलमेट इस तरह टांग देते हैं कि नंबर प्लेट पूरी तरह ढक जाती है। वहीं, कुछ कार चालक डिक्की पर सामान रखकर नंबर को छिपा देते हैं। इसके अलावा रिफ्लेक्टिव टेप या केमिकल का इस्तेमाल भी किया जाता है, जिससे कैमरे की फ्लैश पड़ने पर नंबर पढ़ा न जा सके। ये सभी तरीके जानबूझकर की गई धोखाधड़ी माने जाते हैं।

### सख्त कानूनी कार्रवाई

ऐसे मामलों में अब सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। नंबर प्लेट के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ करने पर पुलिस भारतीय कानून बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर सकती है। इसमें जुर्माने के साथ-साथ जेल तक की सजा का प्रावधान है। इसके अलावा, ट्रैफिक पुलिस को यह अधिकार है कि वह ऐसी गाड़ियों को मौके पर ही जब्त कर ले। यदि कोई व्यक्ति बार-बार ऐसा करते हुए पकड़ा जाता है, तो आरटीओ उसके वाहन का रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर सकता है।

### नियम का पालन




ऐसी स्थिति में सबसे बेहतर उपाय यही है कि नियमों का पालन किया जाए। अपनी गाड़ी पर हमेशा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (HSRP) लगवाएं और यह सुनिश्चित करें कि नंबर प्लेट साफ और स्पष्ट दिखाई दे। उस पर किसी तरह का स्टिकर या सजावट न करें। याद रखें, थोड़ी सी चालाकी आपको बड़ी परेशानी में डाल सकती है। नियमों का पालन न केवल आपको कानूनी मुसीबतों से बचाता है, बल्कि सड़क पर सभी की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। इसलिए जिम्मेदार बनें और सुरक्षित तरीके से वाहन चलाएं।

### आसान नहीं कैमरों को धोखा देना

तकनीक के इस दौर में कैमरों को धोखा देना आसान नहीं रहा। सड़कों पर लगे आधुनिक एआई कैमरे बहुत ही संवेदनशील होते हैं और नंबर प्लेट में की गई छोटी से छोटी गड़बड़ी को भी पकड़ लेते हैं। अगर आपकी नंबर प्लेट धुंधली या खराब पाई जाती है, तो इसे 'दोषपूर्ण प्लेट' मानते हुए 5,000 रुपये तक का चालान किया जा सकता है। कई मामलों में पुलिस सीसीटीवी के जरिए वाहन मालिक तक पहुंचकर सीधे नोटिस भी भेजती है।


## नायडू को 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को एक मीडिया घराने ने 'बिजनेस रिफॉर्मर ऑफ द ईयर' पुरस्कार दिया है। पुरस्कार स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सम्मान दर्शाता है कि आंध्र प्रदेश में शासन सुधारों और नीतिगत पहलों के चलते राज्य निवेश और नवाचार के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।

अमृत विचार
कानपुर, सोमवार, 27 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ



#### मुंबई के मैंग्रोव के संरक्षण की जरूरत : गोदरेज

**मुंबई।** उद्योगपति पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि मुंबई को मैंग्रोव (तटीय वनस्पति) के संरक्षण पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने उपनगरीय विखरोली में खाड़ी के पास परिवार के नियंत्रण वाले मैंग्रोव क्षेत्र को कभी भी विकसित न करने का संकल्प लिया। यह टिप्पणी वर्सोवा में एक सी-लिंक के लिए 45,000 मैंग्रोव के पेड़ों को काटने के कदम के बीच आई है। गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के नामित चेयरमैन ने कहा कि जब प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की बात आती है, तो हमें प्रतिस्पर्धी विमर्शों के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता है। खाड़ी के किनारे मैंग्रोव के एक विशाल क्षेत्र के नजदीक स्थित अपने कार्यालय में दिए साक्षात्कार में गोदरेज ने कहा कि मुझे लगता है कि शहर को उनके (मैंग्रोव) संरक्षण पर बहुत अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

#### पर्सिस्टेंट का यूरोप में बड़े अधिग्रहण पर विचार

**मुंबई।** मझोली आकार की सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी पर्सिस्टेंट सिस्टम्स यूरोप में एक बड़े अधिग्रहण की संभावना तलाश रही है। कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी सुनील सप्रे ने कहा कि ऐसे अधिग्रहण से कंपनी की कुल आय में यूरोप की हिस्सेदारी मौजूदा आठ प्रतिशत से बढ़ाकर 15-20 प्रतिशत तक की जा सकती है। इससे कंपनी की आय अमेरिका या उत्तर अमेरिकी बाजार पर निर्भरता से आगे बढ़कर विविध हो सकेगी। सप्रे ने कहा कि अगर हम एक अच्छा और पर्याप्त आकार का अधिग्रहण कर पाते हैं, जिससे आय में यूरोप की हिस्सेदारी 15 या 20 प्रतिशत के करीब पहुंच सके, तो हम इस पर जरूर विचार करेंगे।

#### 15000 करोड़ का निवेश करेगी अदाणी ग्रीन एनर्जी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) चालू वित्त वर्ष में 10 गीगावाट-घंटा (जीडब्ल्यूएच) से अधिक की बैटरी ऊर्जा भंडारण क्षमता जोड़ने के लिए लगभग 15,000 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी का यह कदम भारत के तेजी से बदलते ऊर्जा परिदृश्य के बीच भरोसेमंद और वितरण योग्य स्वच्छ बिजली की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। कंपनी ने अपने वित्तीय नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि यह प्रस्तावित विस्तार लगभग तीन गीगावाट-घंटा की उस स्थापित भंडारण क्षमता के अतिरिक्त होगा, जिसे कंपनी जल्द ही हासिल करने की उम्मीद कर रही है।

# प. एशिया के हालात और कच्चे तेल की चाल से तय होगी बाजार की दिशा


## कंपनियों के नतीजों की भी रहेगी बड़ी भूमिका, शुक्रवार को बंद रहेंगे बाजार

नयी दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया की भू-राजनीतिक स्थिति, कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजे और कच्चे तेल की कीमतें आने वाले सप्ताह में शेयर बाजार की दिशा तय करेंगी। इस सप्ताह शुक्रवार को महाराष्ट्र दिवस के कारण शेयर बाजार बंद रहेंगे।

एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा कि आगे बाजार काफी हद तक खबरों पर आधारित और उतार-चढ़ाव वाला रह सकता है। निवेशकों की नजर अमेरिका-ईरान वार्ता, कच्चे तेल की कीमतों के रुझान और वैश्विक संकेतकों पर रहेगी। यदि तेल की कीमतों में स्थिरता या गिरावट आती है तो इससे चिंताओं में कमी आ सकती है, जबकि होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ने या लंबे समय तक व्यवधान रहने से बाजार में फिर से अस्थिरता और मुनाफावसूली देखी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि चौथी तिमाही के नतीजे भी शेयर-विशिष्ट गतिविधियों



- तनाव बढ़ने से फिर हो सकती है अस्थिरता और मुनाफावसूली
- ऊंची तेल कीमतों से पड़ता है कंपनियों के मुनाफे पर असर
- अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर पर रहेगी निवेशकों की नजर

के लिए प्रमुख कारक होंगे, जहां निवेशक कंपनियों के प्रदर्शन, भविष्य के मार्गदर्शन और विभिन्न क्षेत्रों के परिदृश्य पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, जिससे महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर संबंधी फैसले पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और शोध विश्लेषक हरिप्रसाद ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव से कच्चे तेल की कीमतों पर सीधा असर पड़ रहा है और ब्रेंट क्रूड 107 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बना हुआ है। भारत के लिए ऊंची तेल कीमतें सबसे अहम आर्थिक कारक हैं, क्योंकि इससे महंगाई, रुपये और कंपनियों के मुनाफे पर दबाव पड़ता है। पिछले सप्ताह सेंसेक्स 1,829.33 अंक (2.33 प्रतिशत) गिरा और निफ्टी 455.6 अंक (1.87 प्रतिशत) नीचे आया।

### टॉप 7 कंपनियों का पूंजीकरण दो लाख करोड़ रुपये घट गया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच देश की शीर्ष-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के कुल बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। इस दौरान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई सेंसेक्स 1,829.33 अंक यानी 2.33 प्रतिशत गिरा, जबकि एनएसई निफ्टी 455.6 अंक यानी 1.87 प्रतिशत नीचे आया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा कि लगातार दो सप्ताह की तेजी के बाद बाजार में गिरावट आई है, जिस पर भू-राजनीतिक तनाव और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के कमजोर नतीजों का असर पड़ा। आंकड़ों के अनुसार शीर्ष-10 कंपनियों में से सात का कुल बाजार पूंजीकरण 2,05,343.06 करोड़ रुपये घट गया।

### एचपीसीएल ने कहा- रिसाव के कारण लगी रिफाइनरी में आग

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने कहा कि राजस्थान में उसकी संयुक्त उद्यम रिफाइनरी में आग लगने का संभावित कारण रिसाव था। मरम्मत का काम तीन से चार सप्ताह के भीतर पूरा होने की उम्मीद है और 'क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट' (सीडीयू) मई मध्य तक फिर से चालू हो सकती है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्धारित उद्घाटन से एक दिन पहले 20 अप्रैल को एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी की 79,450 करोड़ रुपये की नवनिर्मित रिफाइनरी की मुख्य इकाई के पास भीषण आग लग गई थी। रिफाइनरी की मुख्य इकाई - क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट - में आग संभवतः हीट एक्सचेंजर सर्किट में एक वाल्व या फ्लैंज से हाइड्रोकार्बन रिसाव के कारण लगी थी।

एचपीसीएल ने शेयर बाजार को बताया कि 20 अप्रैल की घटना की विस्तृत जांच से पुष्टि हुई है कि आग हीट एक्सचेंजर स्टैक तक सीमित थी, जिससे छह एक्सचेंजर्स और संबंधित उपकरण प्रभावित हुए। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आग का कारण वैक्यूम रेसिड्यू एक्सचेंजर इनलेट लाइन पर प्रेशर गेज टैपिंग पॉइंट से रिसाव हो सकता है।

## सरकार का रूस से कच्चे तेल आयात के आंकड़े से इनकार सीआईसी ने कहा- सही फैसला

नयी दिल्ली, एजेंसी

पेट्रोलियम मंत्रालय के तहत काम करने वाली पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) ने कहा कि रूस से भारत में आयात किए जाने वाले कच्चे तेल से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती, क्योंकि यह व्यावसायिक और गोपनीय प्रकृति की है।

केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने भी इस रुख का समर्थन करते हुए कहा कि इससे देश के रणनीतिक और आर्थिक हित प्रभावित हो सकते हैं।

यह मामला सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन से जुड़ा है, जिसमें जून 2022 से जून 2025 के बीच रूस से भारत में आयातित कच्चे तेल का विवरण मांगा गया था।

इसमें इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, ओएनजीसी विदेश, रिलायंस इंडस्ट्रीज और नायरा एनर्जी जैसी कंपनियों द्वारा आयात की जानकारी भी मांगी गई थी। इस



पर केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) ने जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा कि देश के आधार पर और कंपनी के आधार पर कच्चे तेल के आयात का विवरण व्यावसायिक और गोपनीय है, इसलिए इसे आरटीआई अधिनियम, 2005 की धारा 8(1)(डी) और 8(1)(ई) के तहत साझा नहीं किया जा सकता। हालांकि कुल आयात की मात्रा और उसका मूल्य पीपीएसी की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है।

प्रथम अपीलीय प्राधिकारी ने भी इस फैसले को सही ठहराया। हाल ही में हुई सुनवाई के दौरान अपीलकर्ता ने कहा कि उसे जानकारी नहीं दी गई और वह यह समझना चाहता है कि इस क्षेत्र में देश किस तरह काम कर रहा है।

## चीन को निर्यात बढ़ाने और आयात कम करना है भारत की रणनीति : अधिकारी

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारत घरेलू क्षमताओं को मजबूत करके चीन को निर्यात बढ़ाने और अपने आपूर्तिकर्ता आधार में विविधता लाकर आयात निर्भरता कम करने की एक बहुआयामी रणनीति अपना रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बीजिंग से पूरी तरह से संबंध तोड़ना कठिन है, क्योंकि चीनी कच्चे माल देश के औद्योगिक विकास में सहायक हैं। अधिकारी ने कहा कि भले ही भारत का चीन के साथ पूरी तरह संबंध विच्छेद न हो, लेकिन वह लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने और निर्यात क्षमता बढ़ाने के लिए अपनी क्षमता विकसित कर रहा है।

वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने आगे बताया कि भारत मुख्य रूप से कच्चे माल, मध्यवर्ती और पूंजीगत वस्तुओं का आयात करता है। इनमें ऑटो घटक, इलेक्ट्रॉनिक हिस्से और मोबाइल फोन के पुर्जे, मशीनरी तथा संबंधित हिस्से और सक्रिय




दवा सामग्री (एपीआई) शामिल हैं। इनका इस्तेमाल निर्यात के लिए तैयार माल बनाने और घरेलू विनिर्माण को समर्थन देने के लिए किया जाता है। अधिकारी ने कहा कि चीन जो कुछ भी आपूर्ति कर रहा है, वह भारत के उत्पादन की रीढ़ है।

भारत का चीन को निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 के 14.25 अरब डॉलर से लगभग 37 % बढ़कर 2025-26 में 19.47 अरब डॉलर हो गया। दूसरी ओर, बीजिंग से आयात वित्त वर्ष 2024-25 के 113.44 अरब डॉलर से 16 प्रतिशत बढ़कर 2025-26 में 131.63 अरब डॉलर हो गया। व्यापार घाटा 2024-25 के 99.2 अरब डॉलर से बढ़कर 2025-26 में 112.6 अरब डॉलर हो गया है।

### वाणिज्य मंत्री आज करेंगे निर्यातकों संग बैठक

**नयी दिल्ली।** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल देश के निर्यात को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए 27 अप्रैल को यहां निर्यात संवर्धन परिषदों (ईपीसी) और उद्योग संघों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। यह बैठक यहां भारत मंडपम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर के बाद की जाएगी।

## 2030 तक यात्री संख्या में भारत होगा फ्लिक्सबस का सबसे बड़ा बाजार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** लंबी दूरी की बस और ट्रेन सेवाएं देने वाली वैश्विक यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी फ्लिक्सबस को उम्मीद है कि 2030 तक यात्री संख्या के मामले में भारत उसका सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। फरवरी 2024 में भारतीय बाजार में प्रवेश करने वाली यह कंपनी इस समय देश में केवल अंतरराज्यीय बस सेवाएं प्रदान करती है। फ्लिक्सबस के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी मैक्स ज्यूमर ने बताया कि कंपनी दिल्ली-देहरादून गलियारे पर अपने परिचालन को और बढ़ाने की योजना बना रही है।

बाजार की क्षमता के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर फ्लिक्सबस के लिए सबसे रणनीतिक वृद्धि बाजारों में से एक है। वैश्विक स्तर पर हमने अकेले 2025 में 9.9 करोड़ यात्रियों को सेवाएं दीं। हम भारत में विभिन्न मार्गों पर मजबूत और निरंतर मांग देख रहे हैं और आगामी गर्मियों में अपने नेटवर्क के 30 प्रतिशत विस्तार का लक्ष्य रख रहे हैं। भारत में संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए ज्यूमर ने कहा कि बाजार के विशाल आकार के लिहाज से यह बेहद दिलचस्प है। यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा बस बाजार है।

**रिपोर्ट** | कोविड महामारी के बाद से महंगे और आलीशान घरों की मांग में आई है तेजी : नाइट फ्रैंक

## शीर्ष आठ शहरों में 23 प्रतिशत घटी सस्ते घरों की बिक्री

नयी दिल्ली, एजेंसी

देश के शीर्ष आठ शहरों में जनवरी-मार्च-2026 के दौरान 50 लाख रुपये से कम कीमत वाले किफायती घरों की बिक्री में पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 23 प्रतिशत की गिरावट आई है और यह घटकर 16,273 इकाई रह गई। रियल एस्टेट परामर्शदाता नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट में यह बात कही गई। रिपोर्ट में इस गिरावट का मुख्य कारण इस मूल्य वर्ग में नई आपूर्ति की कमी बताया गया है।

कोविड महामारी के बाद से महंगे और आलीशान घरों की मांग में तेजी देखी गई है। बिल्डर की ओर से किफायती आवास क्षेत्र में कम परियोजनाएं लाई जा रही हैं और इसकी वजह निर्माण लागत में बढ़ोतरी, विशेष रूप



से भूमि की ऊंची कीमतों को बताया जा रहा है। नाइट फ्रैंक इंडिया की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष जनवरी-मार्च तिमाही में किफायती आवास खंड में सबसे तेज 23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और सभी आठ प्रमुख शहरों में बिक्री में कमी आई।

आंकड़ों के अनुसार, 50 लाख से एक करोड़ रुपये की श्रेणी में भी 2025 की शुरुआती तिमाही के मुकाबले इस साल 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह घटकर 23,567 इकाई रह गई। नाइट फ्रैंक इंडिया की रिपोर्ट मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, पुणे, बेंगलुरु,


- किफायती आवास क्षेत्र में कम परियोजनाएं ला रहे हैं बिल्डर

हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद और कोलकाता की मांग पर आधारित है।

रिपोर्ट के मुताबिक, इसके विपरीत, एक से दो करोड़ रुपये की श्रेणी में बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 24,657 इकाई हो गई। दो से पांच करोड़ रुपये की श्रेणी में 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 16,075 इकाई की बिक्री हुई। वहीं पांच से 10 करोड़ रुपये की श्रेणी में बिक्री तीन प्रतिशत घटकर 3,338 इकाई रह गई, जबकि 10-20 करोड़ रुपये की श्रेणी में 12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 738 इकाई की बिक्री हुई। 20-50 करोड़ रुपये की श्रेणी में बिक्री 80 प्रतिशत बढ़कर 165 इकाई हो गई।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



## बंगाल से सिंडिकेट और गुंडाराज का अंत करेगी भाजपा : शाह

कोलकाता, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है तो वह राज्य में गुंडा राज और सिंडिकेट राज का अंत करेगी।

नदिया जिले के तेहट्टा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी दावा किया कि विधानसभा चुनाव के पहले चरण में ही मतदाताओं ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार का सफाया कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 23 अप्रैल को हुए पहले चरण के चुनाव में 110 सीटें जीत ली हैं।

शाह ने कहा कि अगर भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो यहां गुंडा राज और सिंडिकेट राज का अंत हो जाएगा। मतदान करने से न डरें, क्योंकि निर्वाचन



चुनावी रैली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह।

आयोग ने पर्याप्त व्यवस्था की है। कोई भी आपको वोट डालने से नहीं रोक पाएगा। भाजपा सत्ता में आने के बाद राज्य में छिपे घुसपैठियों की पहचान करेगी और उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता को कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ के बावजूद अचानक हुई भारी बारिश के कारण अपना भाषण छोटा करना पड़ा।

# टीएमसी के गुंडे चला रहे सरकार : मोदी

## पश्चिम बंगाल में गरजे प्रधानमंत्री, बोले-तुम वोट दो-मैं महाजंगल राज से मुक्ति दूंगा

कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को पश्चिम बंगाल में जबर्दस्त प्रचार किया। उन्होंने कोलकाता में रोड शो किया तो आरामबाग और बनगांव में जनसभाएं कर टीएमसी सरकार पर जमकर हमला बोला। कोलकाता में शाम को रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए सड़क के दोनों ओर भारी भीड़ उमड़ी थी। लोग मोदी-मोदी के नारे लगा रहे थे तो प्रधानमंत्री दोनों हाथ उठाकर उनका अभिवादन कर रहे थे।

चुनाव प्रचार समाप्त होने से एक दिन पहले, हुगली जिले के आरामबाग में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार राज्य सचिवालय से नहीं बल्कि पार्टी द्वारा संरक्षित गुंडों



उत्तर कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेगा रोड शो किया। **फोटो : शुभंकर चक्रवर्ती**

और अपराधियों द्वारा चलाई जा रही है। सरकार चलाने के लिए टीएमसी की असामाजिक तत्वों पर निर्भरता के कारण अक्सर कलकत्ता उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा है। ममता बनर्जी प्रशासन की विश्वसनीयता 'पूरी तरह से खत्म' हो चुकी है। दावा किया कि केवल भाजपा ही ऐसी सरकार बना सकती है जो राज्य के लोगों को न्याय और सुरक्षा प्रदान करेगी।

उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तृणमूल कांग्रेस पर महिलाओं को प्रताड़ित करने वाले गुंडों को पनाह देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के स्वतंत्रता-पूर्व दिये गए नारे तुम मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा का जिक्र करते हुए लोगों से भाजपा को वोट देने का आग्रह करते हुए कहा कि और मैं आपको तृणमूल के 'महा जंगलराज' से आजादी दूंगा।

### 'मतुआ' को गारंटी

बनगांव में मतुआ समुदाय के बीच पहुंचकर शरणार्थियों को नागरिकता की गारंटी दी। साथ ही घुसपैठ पर कड़ा रुख अपनाते हुए अवैध घुसपैठियों को चार मई के बाद देश छोड़ने या कार्रवाई का सामना करने की चेतावनी दी। प्रधानमंत्री ने मतुआ समुदाय और बंगलादेश से आए शरणार्थियों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत पूर्ण अधिकार देने का आश्वासन दिया। कहा कि मैं स्पष्ट रूप से कहता हूं, प्रत्येक शरणार्थी को नागरिकता मिलेगी। आपको स्थायी पता, हर आवश्यक दस्तावेज और वे सभी अधिकार मिलेंगे जो प्रत्येक भारतीय नागरिक को मिलते हैं। यह मोदी की गारंटी है।

## ममता ने भवानीपुर में पदयात्रा कर लोगों से की बातचीत

कोलकाता,एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दक्षिण कोलकाता स्थित अपने भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र में हजारों पार्टी समर्थकों के साथ पदयात्रा का नेतृत्व किया। राज्य में दूसरे चरण के चुनाव के लिये प्रचार अब अपने अंतिम दौर में है।

'जोतोई कोरो हमला आबार जीतबे बांग्ला' (चाहे आप कितना भी हमला करें, बंगाल की जीत होगी)गीत की धुन के बीच, बनर्जी ने लैंसडाउन क्रॉसिंग से कालीघाट फायर सर्विसेज स्टेशन तक एक किलोमीटर के क्षेत्र में लोगों से संवाद भी किया। दीदी-दीदी के नारों के बीच रंगारंग रोड शो के दौरान उन्होंने लोगों से हाथ मिलाया, उनसे मालाएं स्वीकार कीं और सुरक्षाकर्मियों को उन लोगों को हटाने से रोका, जो उनका पैर



पदयात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

छूने के लिये आगे आए थे। इस रोड शो में पुरुलिया का पारंपरिक ढोल और 'छऊ नृत्य' प्रस्तुत किया गया। बनर्जी के साथ उनकी पार्टी और मंत्री पद के सहयोगी फिरहाद हकीम और दक्षिण कोलकाता में पार्टी के कई नेता मौजूद थे। मुख्यमंत्री एक बार फिर भवानीपुर से चुनाव लड़ रही हैं और उनका मुकाबला भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी से है।

## कथित तृणमूल कार्यकर्ता के घर से करीब 100 देसी बम बरामद

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के तहत 29 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान से पहले रविवार को दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में एक कथित तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता के घर से करीब 100 देसी बम बरामद किये हैं। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर रफीकुल इस्लाम के आवास की तलाशी ली गई, जहां से विस्फोटक बरामद हुए।

निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि कोलकाता के पुलिस आयुक्त, सभी उपायुक्त, अधीक्षकों और थाना प्रभारियों (ओपी और आईसी) को कड़ा संदेश दिया गया है कि यदि उनके न्यायाधिकार क्षेत्र में इस तरह के विस्फोटक पाए जाते हैं या किसी व्यक्ति द्वारा डराने-धमकाने की रणनीति अपनाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### चुनाव आयोग ने प. बंगाल में बढ़ाई निगरानी

**कोलकाता।** चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के दूसरे और आखिरी चरण में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित कराने के लिए अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने काकद्वीप में जमीनी स्तर पर तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया और चुनावी प्रक्रिया में किसी भी तरह की बाधा के प्रति आयोग के 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाने पर जोर दिया। श्री अग्रवाल ने अपनी यात्रा के दौरान काकद्वीप के अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) के कार्यालय में एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, जहां उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से बातचीत की।

## मतदाताओं को धमकाने का वीडियो सामने आया, जांच के आदेश

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के चुनाव से पहले डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र में बाइक पर सवार कुछ लोगों द्वारा स्थानीय लोगों को धमकाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद निर्वाचन आयोग ने रविवार को जांच के आदेश दिए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मामला सामने आते ही निर्वाचन आयोग ने डायमंड हार्बर थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। अधिकारियों ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग इन मामलों को रोकने के लिए कदम उठा रहा है। राज्य में 29 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार सोमवार शाम को समाप्त हो जाएगा। पुलिस ने बताया कि आपराधिक धमकी और गैरकानूनी कृत्यों से संबंधित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत रविवार को डायमंड हार्बर थाने में मामला दर्ज किया गया।



> मुझे लगता है कि वैभव सूर्यवंशी मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है। वह गेंद को इतनी जोर से मारता है कि उसे देखना बहुत अच्छा लगता है। एक गेंदबाज के तौर पर आपको बिल्कुल सटीक गेंद डालनी होती है, क्योंकि अगर आप ऐसा नहीं करते, तो गेंद बहुत दूर तक जाती है।
>
> –पैट कमिंस, हैदराबाद के कप्तान


# स्टेडियम

कानपुर, सोमवार, 27 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**समय** - शाम 7:30 बजे

# कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए लखनऊ सुपर जाएंट्स से अकेले लड़े रिंकू सिंह

## आईपीएल-2026 : दिया 156 रनों का लक्ष्य, मोहसिन ने 5 विकेट लेकर रचा इतिहास

लखनऊ, एजेंसी

मोहसिन खान की तूफानी गेंदबाजी से मुश्किलों में घिरे कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिंकू सिंह के तेजतर्रार अर्धशतक से इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ सात विकेट पर 155 रन बनाए।

मोहसिन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 23 रन देकर पांच विकेट चटकाए और सुपर जाएंट्स के शीर्ष और मध्यक्रम को ध्वस्त किया। स्पिनर जॉर्ज लिंडे ने भी 18 रन देकर एक विकेट चटकाया। नाइट राइडर्स की ओर से रिंकू ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी के दौरान 51 गेंद में पांच छक्कों और सात चौकों से नाबाद 83 रन की पारी खेलने के अलावा कैमरन ग्रीन (34) के साथ पांचवें विकेट के लिए 42 और सुनील नारायण (नाबाद 04) के साथ आठवें विकेट के लिए 30 गेंद में 62 रन की अटूट साझेदारी की। रिंकू और ग्रीन के अलावा कप्तान अजिंक्य रहाणे (10) ही दोहरे अंक में पहुंच गए। सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया जिसे मोहसिन ने बिल्कुल सही साबित करते हुए नाइट राइडर्स का स्कोर चार विकेट पर 31 रन कर दिया। मोहसिन ने दूसरे ओवर में ही टिम सीफर्ट (00) को मुकुल चौधरी के हाथों कैच करा दिया। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मोहम्मद शमी पर पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन मोहसिन की गेंद को एडेन मारक्रम को कैच दे बैठे। अंगकृष रघुवंशी (09) इसके बाद दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के कारण आउट हुए।

नाइट राइडर्स की टीम पावर प्ले में तीन विकेट पर 31 रन ही बना सकी। मोहसिन ने रोवमैन पावेल (01) को विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराके नाइट राइडर्स को चौथा झटका दिया। कैमरन ग्रीन ने नौवें ओवर में जॉर्ज लिंडे पर दो छक्कों के साथ टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। ग्रीन ने मोहसिन पर भी छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर भाग्यशाली रहे जब गेंद दिग्वेश राठी और प्रिंस यादव के बीच में गिर गई। ग्रीन हालांकि एक गेंद बाद पंत को कैच दे बैठे। मोहसिन ने अगली गेंद पर अनुकूल रॉय (00) को भी आयुष बडोनी के हाथों कैच कराके करियर में पहली बार पांच विकेट हासिल किए और सुपर जाइंट्स का छह विकेट पर 73 रन किया। रिंकू सिंह ने अंतिम ओवर में लगातार चार छक्कों के साथ टीम का स्कोर 150 रन के पार पहुंचाया।



नाबाद अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते कोलकाता नाइट राइडर्स के रिंकू सिंह। एजेंसी

**कोलकाता नाइट राइडर्स**

**155/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का मारक्रम बो मोहसिन | 10 |
| टिम सीफर्ट का चौधरी बो मोहसिन | 00 |
| अंगकृष रघुवंशी ऑब्सट्रक्टिंग द फील्ड | 09 |
| कैमरन ग्रीन का पंत बो मोहसिन | 34 |
| रोवमैन पावेल का पंत बो मोहसिन | 01 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 83 |
| अनुकूल का बडोनी बो मोहसिन | 00 |
| रमनदीप सिंह का मार्श बो लिंडे | 06 |
| सुनील नारायण नाबाद | 04 |

**अतिरिक्त** : 08, **विकेट पतन** : 1-3, 2-16, 3-27, 4-31, 5-73, 6-73, 7-93

**गेंदबाजी** : शमी 4-0-34-0, मोहसिन खान 4-1-23-5, प्रिंस 4-0-24-0, दिग्वेश 4-0-46-0, लिंडे 2-0-18-1, मारक्रम 2-0-9-0

**23** रन सिर्फ दिए मोहसिन खान आधी टीम को पैवेलियन भेजने में

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 1.333 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 1.101 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.815 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.602 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -0.475 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 7 | 3 | 4 | 0 | 6 | -0.184 |
| 8. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

**ऑरेंज कैप**



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद -380 रन
- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान-357 रन
- केएल राहुल दिल्ली-357 रन

**पर्पल कैप**



- अंशुल कंबोज चेन्नई -14 विकेट
- इशान मलिंगा हैदराबाद-14 विकेट
- जोफ्रा आर्चर राजस्थान-13 विकेट

## लखनऊ-कोलकाता मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के कारण रघुवंशी आउट



**लखनऊ।** कोलकाता नाइट राइडर्स के विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी को रविवार को यहां लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच के दौरान 'क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने' के लिए आउट दे दिया गया। इक्कीस साल के रघुवंशी आईपीएल इतिहास में इस तरह आउट होने वाले सिर्फ चौथे बल्लेबाज हैं। इस तरह आउट होने वाले सभी बल्लेबाज भारतीय हैं। नौ रन पर आउट होने वाले रघुवंशी इस फैसले से खुश नहीं थे और उन्होंने मैदान पर मौजूद अंपायरों से इस बारे में बहस भी की लेकिन मुंबई के इस विकेटकीपर बल्लेबाज को आखिरकार अपने खिलाफ दिए गए फैसले के कारण पवेलियन लौटना पड़ा। प्रिंस यादव के पांचवें ओवर की आखिरी गेंद पर रघुवंशी ने गेंद को मिड ऑन की तरफ हल्के से धकेला और एक रन लेने के लिए दौड़ पड़े। हालांकि कुछ कदम दौड़ने के बाद कैमरन ग्रीन ने उन्हें वापस लौटने के लिए कहा। वापस मुड़ते समय वह पिच पर 'डेंजर जोन' में भी चले गए और इसी दौरान वह मोहम्मद शमी की फेंकी हुई गेंद के रास्ते में आ गए। क्रीज में पहुंचने के लिए कूदते हुए गेंद उनके शरीर से टकरा गई। तीसरे अंपायर रोहित पंडित ने शमी और लखनऊ सुपर जाएंट्स की उस अपील को मान लिया जिसमें रघुवंशी पर 'क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने' का आरोप था और नाइट राइडर्स के इस बल्लेबाज को आउट घोषित कर दिया। इसके बाद रघुवंशी ने गुस्से में अपना हेलमेट जमीन पर पटका और तब नाइट राइडर्स के मुख्य कोच अभिषेक नायर को टीम के डगआउट के पास चौथे अंपायर से बहस करते हुए देखा गया। ऐसा पहला मामला आईपीएल 2013 में सामने आया था जब पूर्व भारतीय क्रिकेटर यूसुफ पठान को नाइट राइडर्स की तरफ से मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलते हुए 72 रन के स्कोर पर क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने के कारण आउट घोषित कर दिया गया था। आईपीएल 2019 के एलिमिनेटर मैच में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलते हुए अमित मिश्रा इस तरह से आउट होने वाले दूसरे खिलाड़ी बने थे। आईपीएल 2024 में चेन्नई की तरफ से राजस्थान के खिलाफ रविंद्र जडेजा क्षेत्ररक्षण में बाधा डालने के कारण आउट होने वाले तीसरे खिलाड़ी बने।

**हाईलाइट**

### मैच के दौरान तबीयत खराब होने के बाद स्वियातेक हटीं

मैड्रिड। इगा स्वियातेक शनिवार को यहां अमेरिकी खिलाड़ी एन ली के खिलाफ एक अज्ञात बीमारी के कारण मैच के बीच से हटने से मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब ली 7-6(4), 2-6, 3-0 से आगे चल रही थी। मैड्रिड में 2024 की चैंपियन स्वियातेक ने निर्णायक सेट में 2-0 से पिछड़ने के बाद मेडिकल टाइमआउट लिया। वह कोर्ट पर लौटीं, लेकिन ली ने अपनी सर्विस बरकरार रखी जिसके बाद उन्होंने आगे नहीं खेलने का फैसला किया। पोलैंड की स्टार खिलाड़ी ने गुरुवार को अपने दूसरे दौर के पहले मैच में डारिया स्निगुर को सीधे सेटों में हराया था। इस तरह से विश्व में 34वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ली ने शीर्ष 10 खिलाड़ियों में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की दूसरी जीत दर्ज की।

### भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से हराया

जोहान्सबर्ग। दीप्ति शर्मा (नाबाद 36 रन/ पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से शिकस्त दी। यह पांच मैचों की सीरीज में भारत की पहली जीत है। दीप्ति शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम को दीप्ति शर्मा के कहर का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और 14 रनों से मुकाबला हार गई। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 185 रन बनाए।

### उबर कप : भारत की क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद जगी

होर्संस (डेनमार्क)। भारतीय महिला टीम ने उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में यूरोपीय चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यूक्रेन पर 4-1 की शानदार जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। भारतीय टीम अपने पहले मुकाबले में मेजबान डेनमार्क से 2-3 से हार गई थी। यूक्रेन के खिलाफ भारत की युवा खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। उन्नति हुडा ने पोलिना बुहरोवा पर 21-19, 22-20 की रोमांचक जीत के साथ शुरुआत की, जिसके बाद जूनियर विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा ने येवहेनिया कांटेमिर को 21-12, 17-21, 21-10 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी।

# हार से आहत दिल्ली का सामना संतुलित आरसीबी से

नई दिल्ली, एजेंसी

पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाने के बावजूद हार से आहत दिल्ली कैपिटल्स की टीम को अगर सोमवार को यहां आईपीएल के मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की संतुलित टीम के खिलाफ वापसी करनी है तो उसे अपने पिछले प्रदर्शन को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। पंजाब किंग्स ने रिकार्ड लक्ष्य हासिल करके छह विकेट से जीत दर्ज की जिससे दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुरी तरह से हिल गई है। इस मैच में उसके गेंदबाजों की जमकर धुनाई हुई। दिल्ली की टीम अंक तालिका में छठे स्थान पर है और अब उसका मुकाबला आरसीबी जैसी एक और मजबूत टीम से है जो सात मैच में 10 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

दिल्ली ने अभी तक बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उसके गेंदबाज अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे हैं। केएल राहुल की अगुवाई वाले उनके शीर्ष क्रम ने लगातार तेज शुरुआत दी है, जबकि नितीश राणा और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों ने बीच ओवरों में लय बनाए रखने में मदद की है। उसके गेंदबाज हालांकि अपने स्कोर का बचाव नहीं कर पा रहे हैं। विशेषकर डेथ ओवरों में उसकी गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है।



अभ्यास सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार। एजेंसी

**कई अहम पहलू बढ़ाएंगे मैच का रोमांच**

दिल्ली और आरसीबी के बीच होने वाले मुकाबले में कुछ पहलू महत्वपूर्ण होंगे। आरसीबी के गेंदबाजों के खिलाफ दिल्ली के शीर्ष क्रम का प्रदर्शन अहम साबित होगा। इसके अलावा बीच के ओवरों में उसके बल्लेबाजों और आरसीबी के स्पिन गेंदबाजों के बीच मुकाबला मैच के परिणाम का फैसला कर सकता है। आखिरी ओवरों में सारी निगाहें दिल्ली के गेंदबाजों पर टिकी होंगी, जिन पर पंजाब के खिलाफ मिली करारी हार के बाद खुद को साबित करने का दबाव होगा। वहीं आरसीबी के अनुभवी गेंदबाज मैच का रुख मोड़ने की कोशिश करेंगे। अब टूर्नामेंट निर्णायक दौर में प्रवेश कर चुका है। ऐसे में यह मुकाबला दो अंकों से भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। यह दिल्ली के धैर्य की परीक्षा है और बेंगलुरु के लिए अपनी श्रेष्ठता साबित करने का अवसर है।

- 264 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बावजूद पंजाब से हार गई थी दिल्ली

**टीम**

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, टी नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगी एनगिडी, काइल जैमीसन और कुलदीप यादव।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, और विहान मल्होत्रा।

# साई सुदर्शन की शानदार पारी से गुजरात ने चेन्नई को बुरी तरह रौंदा

चेन्नई, एजेंसी

गुजरात टाइटंस ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (87 रन) के अपने घरेलू मैदान पर लगाए गए अर्धशतक की मदद से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को आठ विकेट से शिकस्त दी।

गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों के दबदबे के बावजूद सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के नाबाद 74 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जिससे बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद टीम सात विकेट पर 158 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटंस के लिए कागिसो रबाडा ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि अरशद खान को 43 रन देकर दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और मानव सुथार को एक एक विकेट मिला। सलामी बल्लेबाज सुदर्शन (46 गेंद, चार चौके, सात छक्के) और जोस बटलर (नाबाद 39 रन) की पारियों से गुजरात टाइटन्स ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 162 रन बनाकर जीत हासिल की। सुदर्शन 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर आउट हुए और चौथी गेंद पर बटलर ने छक्का जड़कर टीम को आसान जीत दिलाई। सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल (33 रन, 23 गेंद, एक चौका, तीन छक्के) ने अच्छी शुरूआत की। गिल के आउट होने के बाद सुदर्शन और बटलर (30 गेंद, चार चौके, एक छक्का) ने मिलकर टीम को जीत तक पहुंचाया। सुदर्शन और गिल ने पावरप्ले में 55 रन बना लिए थे जबकि सीएसके का स्कोर तीन विकेट पर 28 रन था। शुभमन गिल सातवें ओवर में नूर अहमद की गेंद पर आउट हुए जब सतर्क विकेटकीपर संजू सैमसन ने उनके स्टंप उखाड़ दिए।

गुजरात टाइटंस ने 10 ओवर में एक विकेट पर 82 रन बना लिए थे। सुदर्शन ने अपनी पारी के दौरान कुद दर्शनीय शॉट लगाए और अकील हुसैन की गेंद पर आउट होने से पहले टीम को जीत तक पहुंचा दिया। इससे पहले गायकवाड़ 60 गेंद की नाबाद पारी में छह चौके और चार छक्के जमाकर फॉर्म में लौटे। उनके अलावा शिवम दुबे ने 22 रन का योगदान दिया और जेमी ओवरटन ने अंत में छह गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 18 रन की उपयोगी पारी खेली।

सिराज और रबाडा ने चिलचिलाती गर्मी में चेपॉक स्टेडियम की उछाल भरी पिच पर शानदार गेंदबाजी की। सिराज ने पहले ओवर में शानदार शुरूआत करते हुए महज एक रन दिया। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले संजू सैमसन (11 रन) जल्द आउट हो गए। कप्तान गायकवाड़ ने तीसरे ओवर में सिराज पर कवर और फाइन लेग पर दो शानदार चौके लगाकर हाथ खोले। पर चौथे ओवर में सीएसके को दोहरे झटके लगे।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते साईं सुदर्शन। एजेंसी

**चेन्नई सुपर किंग्स**

**158/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का बटलर बो रबाडा | 11 |
| रुतुराज गायकवाड़ नाबाद | 74 |
| उर्विल पटेल का होल्डर बो रबाडा | 04 |
| सरफराज खान का बटलर बो सिराज | 00 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का गिल बो सुथार | 02 |
| शिवम दुबे बो अरशद | 22 |
| कार्तिक शर्मा का होल्डर बो रबाडा | 15 |
| जेमी ओवरटन का शाहरूख बो अरशद | 18 |
| अकील हुसैन नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त** : 12, **विकेट पतन** : 1-21, 2-25, 3-26, 4-37, 5-96, 6-122, 7-143

**गेंदबाजी** : सिराज 4-0-23-1, रबाडा 4-0-25-3, सुथार 3-0-22-1, होल्डर 4-0-22-0, अरशद 4-0-43-2

- सीएसके को 158 रनों पर रोक 20 गेंद रहते पाया लक्ष्य
- कागिसो रबाडा ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए

**गुजरात टाइटंस**

**162/2** (16.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन का ब्रेविस बो हुसैन | 87 |
| शुभमन गिल स्टं सैमसन बो नूर | 33 |
| जोस बटलर नाबाद | 39 |
| वाशिंगटन सुंदर नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 02, **विकेट पतन** : 1-58, 2-155,

**गेंदबाजी** : अकील हुसैन 3.4-0-46-1, अंशुल कंबोज 3-0-16-0, जेमी ओवरटन 2-0-28-0, गुरजपनीत 3-0-36-0, नूर अहमद 4-0-29-1, शिवम दुबे 1-0-7-0

**प्रेरणादायी**

**सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान ईशान किशन ने बताया अपनी सफलता का राज**

# जब भारतीय टीम में नहीं था, तब घरेलू क्रिकेट में मेहनत की

नई दिल्ली, एजेंसी

विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने खुलासा किया कि भारतीय टीम से लगभग दो साल तक बाहर रहने पर निराश होने के बजाय उन्होंने प्रदर्शन में अधिक निरंतरता लाने के लिए अपने खेल में सुधार करने पर ध्यान केंद्रित किया।

किशन ने इस साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला और टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में वापसी की। इससे पहले उन्होंने घरेलू सत्र में शानदार प्रदर्शन किया जिससे उनकी राष्ट्रीय टीम में वापसी संभव हो पाई। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 500 से अधिक रन बनाए। उनकी कप्तानी में झारखंड में इस प्रतियोगिता का खिताब जीता था।

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलने वाले किशन ने कहा जब मैं भारतीय टीम से बाहर था तो मैंने खुद से कहा कि मैं इसको लेकर रोना नहीं रो सकता या उदास नहीं हो सकता। किसी भी खिलाड़ी के लिए ऐसा करना सबसे आसान होता है। इससे शायद कुछ लोगों की सहानुभूति मिल जाए, शायद आपको अच्छा भी लगे, लेकिन इससे कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने कहा राष्ट्रीय टीम में वापसी करने का एकमात्र तरीका रन बनाना था। मैं बस अपने खेल में सुधार करना चाहता था और जितना हो सके उतने रन बनाना चाहता था, भले ही इसका मतलब किसी भी अन्य बल्लेबाज से ज्यादा छक्के लगाना हो।



किशन ने कहा कि राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के दौरान खेल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और भी बढ़ गई और इसी लगन ने उन्हें घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा लगातार रन बनाने से ही आप टीम में वापसी कर सकते हैं। यदि एक सत्र में 300 रन काफी नहीं हैं तो 400 रन बनाएं। अगर यह भी काफी नहीं है तो 500 रन बनाएं। आखिर क्रिकेट ही हमारी रोजी-रोटी है। किशन ने कहा जब आप टीम से बाहर होते हैं तो आपको इसकी अहमियत समझ आती है और आप हर मैच का सम्मान करने लगते हैं। आपके अंदर अच्छा प्रदर्शन करने और जीत हासिल करने की ललक जाग उठती है। मेरा भी यही लक्ष्य था कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूं।

**तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर बनाया सामंजस्य**

ईशान किशन ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में कहा कि इससे उन्हें पारी को गति देने और आखिर तक बल्लेबाजी करने का आत्मविश्वास मिला है। उन्होंने कहा इतने वर्षों तक तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में खेलने के बाद अगर आप अच्छी तरह से सामंजस्य बिठा लेते हैं तो फिर आप आखिर तक बल्लेबाजी करने और बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश करते हैं। मैं चीजों को सरल बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। इस बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ करते हुए कहा वह सुपरस्टार बन सकता है।